e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 349
रविवार
24.12.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
सफलता का रास्ता ईमानदारी की पटरी से होकर ही जाता है।

## रामगढ़ : मुख्यमंत्री ने 49 करोड़ 95 लाख रुपए की 48 योजनाओं का उद्घाटन एवं 98 करोड़ 94 लाख रुपए की 124 योजनाओं का किया शिलान्यास

# गोला को जल्द मिलेगा डिग्री कॉलेज का उपहार : हेमंत

* डीएमएफटी के तहत स्वास्थ्य में 67, श्रम नियोजन में 23 एवं 2 अन्य कुल 92 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला को डिग्री कॉलेज का उपहार जल्द मिलेगा। रामगढ़ जिला में आवागमन को बेहतर करने के उदेश्य से 250 करोड़ रुपए की लागत से 400 किमी ग्रामीण सड़क एवं 450 करोड़ रुपए की लागत से 250 किमी उच्च स्तरीय सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जल्द ये सड़कें रामगढ़वासियों के सुगम आवागमन में सहायक होगा। ये बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री रामगढ़ जिला के गोला प्रखंड स्थित चाड़ी पंचायत के तिरला मैदान में आयोजित आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सरकारी, गैर सरकारी एवं स्वरोजगार हेतु कार्य किया जा रहा है। लगातार नियुक्ति निकाली जा रही है। यहां के युवाओं को सरकारी और गैर सरकारी नौकरी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। रामगढ़ जिला का पतरातु प्रखंड पर्यटन स्थल है। यहां के युवा दर्शनीय स्थल में स्वरोजगार के लिए रोजगार सृजन योजना का लाभ लेकर आर्थिक स्वावलंबन की ओर अग्रसर हो सकते हैं। इस कार्य में सरकार आपकी मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव-गांव पंचायत पंचायत शिविर का आयोजन हो रहा है। इन शिविरों में लोग राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहें हैं।

### गांव की मजबूती और बेहतर शिक्षा प्रदान करने का हो रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा यहां के किसान, श्रमिक, महिला, नौजवान सशक्त होगा तो राज्य मजबूत होगा। आपकी सरकार गांव और ग्रामीणों को सशक्त करने के उदेश्य से योजनाओं का निर्माण और लोगों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य कर रही है। आज आपका अधिकार आपके दरवाजे को खटखटा कर आप तक पहुंचा जा रहा है। आने वाली पीढ़ी को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उदेश्य से 80 उत्कृष्ट विद्यालय का संचालन प्रारंभिक चरण में हो चुका है। आने वाले वर्षों में राज्य भर में पांच हजार उत्कृष्ट विद्यालय प्रारंभ करने की योजना है।

### लाभुकों को मिला लाभ

बिरसा कूप सिंचाई संवर्धन योजना के तहत 1292 की मिला स्वीकृति पत्र। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 79 लाभुकों का लाभ।सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 14519 किशोरियों को लाभमुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 183 युवाओं का लाभ।साईकिल योजना से 13560 छात्र-छात्राओं को लाभ।दिव्यांग यंत्र योजना से 187 दिव्यांग लाभान्वित।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री श्री बादल पत्रलेख, विधायक बड़कागांव अम्बा प्रसाद, पूर्व विधायक सह राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त योगेन्द्र महतो, राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त फागू बेसरा, पूर्व विधायक ममता देवी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उपायुक्त रामगढ़, आरक्षी अधीक्षक रामगढ़, जिला के पदाधिकारीगण, हजारों की संख्या में ग्रामीण, छात्र व छात्राएं एवं लाभुक उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री पहुंचे बच्चियों के पास

मुख्यमंत्री कार्यक्रम समाप्ति के बाद जब जाने लगे तब उनकी नजर गोला के यूएसएच बरियातु स्कूल में पढ़ाई कर रही अफसाना एवं राखी पर पड़ी, दोनों मुख्यमंत्री की तस्वीर को थामे थी। मुख्यमंत्री सीधे उन बच्चियों के पास गए और उसके साथ तस्वीर ली। मुख्यमंत्री ने इन बच्चियों की उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं पतरातु प्रखंड के जयनगर पंचायत में आयोजित शिविर में पदाधिकारियों से कहा कोई भी जरूरतमंद पेंशन के लाभ से वंचित ना रहे।

## क्विक न्यूज

### जनरल वीके सिंह,आचार्य लोकेश मुनि और उमाशंकर पाण्डेय को मिला जेपी अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**नई दिल्ली :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय देश की शीर्ष प्रतिभाओं को जेपी अंतरराष्ट्रीय अवार्ड और राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल वीके सिंह, आचार्य लोकेश मुनि, पद्मश्री उमा शंकर पाण्डेय और अर्जुन अवार्डी हरविंदर सिंह भी हैं। समारोह का आयोजन आम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर के भीम सभागार में किया गया।पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने इस मौके पर लोकनायक जयप्रकाश के देश की राजनीति में दिए गए योगदान को याद किया।

### प्रधानमंत्री ने चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर किया याद

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर याद किया। चौधरी चरण सिंह की जयंती देशभर में किसान दिवस के रूप में मनाई गई। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा,किसानों के कल्याण के लिए जीवनपर्यंत समर्पित रहे पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को उनकी जयंती पर सादर नमन।उल्लेखनीय है कि किसान नेता और पांचवें प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसंबर, 1902 में उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के नूरपुर में एक मध्यम वर्गीय किसान परिवार में हुआ था। वह 28 जुलाई, 1979 से 14 जनवरी, 1980 तक प्रधानमंत्री के पद पर रहे।

### हिंद महासागर में जहाज पर ड्रोन से हमला

**नई दिल्ली :** भारतीय तट के पास अरब सागर में एक मर्चेंट शिप पर ड्रोन हमले के कारण विस्फोट हुआ और आग लग गई. हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक जहाज के चालक दल में 20 भारतीय शामिल हैं. एक भारतीय तटरक्षक मर्चेंट जहाज एमवी केम प्लूटो की ओर बढ़ रहा है. वह पोरबंदर तट से 217 समुद्री मील दूर है.कच्चा तेल ले जा रहा यह जहाज सऊदी अरब के एक बंदरगाह से चला था और मंगलुरु की ओर जा रहा था. रक्षा अधिकारियों ने कहा कि भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में गश्त कर रहे तटरक्षक जहाज आईसीजीएस विक्रम को संकट में फंसे मर्चेंट शिप की ओर जाने के निर्देश दिए गए. तटरक्षक पोत ने क्षेत्र के सभी जहाजों को सहायता करने के लिए सतर्क कर दिया है.

### गढ़वा : हाथी ने महिला को कुचलकर मार डाला, चार घर किये ध्वस्त

**गढ़वा :** जिले के रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की सुबह हाथियों के एक झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने एक महिला और उसकी बच्ची को कुचल डाला, जिसके बाद महिला ने मौके पर ही दम तो दिया जबकि बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। हाथियों ने चार ग्रामीणों के घरों को भी पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। तबाही मचाने के बाद हाथियों का झुंड जंगल की तरफ चला गया।

### आईईडी ब्लास्ट में महिला नक्सली घायल

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के नक्सल प्रभावित सोनुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ाहाट जंगल के बोयकेड़ा पंचायत में पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए शुक्रवार रात आईईडी बम लगाने के दौरान एक महिला नक्सली घायल हो गई। घटना के बाद सहयोगी नक्सली उसे लेकर जंगल की तरफ चले गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस शनिवार को घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। हालांकि, अब तक इस मामले में कोई सुराग नहीं मिल पाया है। बताया जा रहा है कि नक्सलियों के एक दस्ते के पोड़ाहाट क्षेत्र में आने की सूचना के बाद पुलिस और सीआरपीएफ के जवान लगातार नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान चला रहे हैं। इसकी खबर मिलने पर पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए शुक्रवार को मध्य रात आईईडी बम महिला नक्सली सदस्य लगा रही थी। इसी दौरान आईईडी बम ब्लास्ट हो गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। कुछ लोग महिला नक्सली के मौत होने और उसे सहयोगी नक्सलियों द्वारा साथ ले जाने की भी बात कह रहे हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

## प्रियंका गांधी की जगह अविनाश पांडेय बने यूपी प्रभारी

जीए मीर को झारखंड कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के संगठन में बड़ा फेरबदल किया गया है. प्रियंका गांधी की जगह अब अविनाश पांडे यूपी प्रभारी होंगे. अविनाश पांडेय की जगह जीए मीर को झारखंड कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मीर को पश्चिम बंगाल का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ में बड़ी जिम्मेदारी सौपी गई है. सामने आई खबर के मुताबिक, सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया गया है.बता दें कि अभी बीते 21 दिसंबर को ही कांग्रेस वर्किंग कमेटी की एक बड़ी बैठक हुई थी. इस बैठक में पांच राज्यों के चुनाव परिणाम में हिंदी पट्टी के तीन राज्यों को गंवाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई और इस हार पर समीक्षा भी की गई थी. इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी सहित अन्य लोग भी शामिल हुए थे. सूत्रों के अनुसार इसी बैठक में अब आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति क्या होगी, इस पर भी चर्चा हुई थी.इस बैठक में शामिल रहीं संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी विधानसभा चुनाव के नतीजों को बेहद निराशाजनक बताया था और कहा था कि,यह कहना कि छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश और राजस्थान में विधानसभा चुनाव परिणाम हमारी पार्टी के लिए बहुत निराशाजनक रहे हैं, इसे हमारे संगठन के लिए कम ही कहना होगा.

**लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के संगठन में बड़ा फेरबदल किया गया है. प्रियंका गांधी की जगह अब अविनाश पांडे यूपी प्रभारी होंगे. अविनाश पांडेय की जगह जीए मीर को झारखंड कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मीर को पश्चिम बंगाल का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ में बड़ी जिम्मेदारी सौपी गई है.**

## भारत की सांस्कृतिक धरोहर है वेद : उपराष्ट्रपति



**एजेंसी**

**हरिद्वार :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वेद भारत की सांस्कृतिक धरोहर हैं और वेदों के ज्ञान को आम जनमानस तक ले जाना होगा। बतौर अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ये बातें शनिवार को त्रिदिवसीय वेद-विज्ञान, संस्कृति महाकुम्भ और अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि संस्कृति विरोधी ताकतों पर प्रतिघात होना चाहिए। भारत की गौरवशाली संस्कृति है और इसके वैभव से समस्त विश्व परिचित रहा है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय दर्शन और वैदिक ज्ञान का पुरातन और प्रतिष्ठित केंद्र रहा है। उन्हें पूरा विश्वास है कि इस महाकुम्भ के मंथन की गूंज देश के सभी विश्वविद्यालयों तक जाएगी।विशिष्ट अतिथि और उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि वेदों से हमें आत्म ज्ञान मिलता है और युवा शक्ति को आत्म मूल्य को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा पद्धति और वैदिक ज्ञान-विज्ञान ने चरित्र निर्माण का कार्य किया है। वर्तमान में वैदिक ज्ञान को आधुनिक ज्ञान और तकनीकी के साथ समेकित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संत, सैनिक,सिख और शिक्षक एक की श्रेणी के होते हैं जो राष्ट्र के उन्नयन में अपना योगदान देते हैं। अति विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय राष्ट्र की धरोहर है। इसने राष्ट्रसेवी नागरिक देश को समर्पित किए हैं। उन्होंने कहा कि देश को विश्व गुरु बनाने के लिए हमें वेदों की ओर लौटना होगा। इस उद्देश्य की दिशा में यह महाकुम्भ वेदों के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा।

## गुमला व जामताड़ा में 2 का मर्डर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गुमला-जामताड़ा :** भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत सुपा वन गांव में शुक्रवार रात पूर्व पंचायत समिति सदस्य के पति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने शनिवार सुबह एनएच-23 पर जाम लगा दिया।बताया जाता है कि अपाची बाईक पर सवार दो अपराधी विजय की दुकान पर आये और उससे पेट्रोल, चॉकलेट, गुटखा खरीदा। इसके बाद पेचकस मांगा। इसी दौरान अपराधियों ने पीछे से विजय उरांव की पीठ में गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर भरनो थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। इस संबंध में एसपी एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि बाईक सवार दो अपराधी मुंह ढंककर पूर्व पंचायत समिति सदस्य के दुकान पहुंचे थे। इस बीच अपराधियों ने पीछे से गोली मार दी। अपराधियों के बारे में कुछ जानकारी मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर जामताा जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आसनबेड़िया पंचायत के पथराबाद गांव में शनिवार की सुबह एक अज्ञात का शव मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच के दौरान यह पाया कि युवक की हत्या कर शव को यहां फेंक दिया गया है। उसके गले पर कटे हुए का निशान है। साथ ही उसकी एक आंख भी निकाल ली गई है। फिलहाल युवक की पहचान और हत्या के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर वकीलों का जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** विभिन्न वकील संगठनों ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर दिल्ली की विभिन्न अदालतों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और राजस्थान से भी कई वकील पहुंचे थे। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग करने वाले वकीलों के संगठनों में ऑल इंडिया लायर्स यूनियन, दिल्ली स्टेट, पश्चिमांचल अधिवक्ता मंच, ऑल इंडिया एससी-एसटी एडवोकेट्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन, मिशन एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, कानून राज पार्टी, न्यास सेवा दल और दूसरे वकील संगठन शामिल हैं। इस मौके पर आयोजित सभा में वकीलों ने दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। ऑल इंडिया लायर्स यूनियन की ओर से दिल्ली स्टेट के सचिव सुनील कुमार ने कहा कि कई राज्यों में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर आवाज उठाई जा रही है।

राजस्थान में इसी साल एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया गया है। केरल में नए वकीलों के लिए स्टाइपेंड की व्यवस्था है। केरल में वकीलों को बीमारी होने की स्थिति में उन्हें मदद दी जाती है।



दिल्ली बार काउंसिल के पूर्व नेता केसी मित्तल ने कहा कि उन्होंने दिल्ली सरकार को एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का प्रारूप दिया था, लेकिन उस पर विचार ही नहीं किया गया। जंतर-मंतर पर हुई सभा में कड़कड़डूमा कोर्ट के शाहदरा बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद नागर इत्यादि कई वकीलों ने संबोधित किया। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में भी एक याचिका दायर की गई है। हाई कोर्ट ने इस याचिका पर केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली की विभिन्न जिला अदालतों में हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। याचिका में पिछले दिनों द्वारका में वकील वीरेंद्र कुमार नरवाल की हत्या का जिक्र किया गया है। याचिका में 2021 में हाई कोर्ट की ओर से अदालतों की सुरक्षा को लेकर स्वतः संज्ञान लेने का भी जिक्र किया गया है।

## भारत के बाहर अलगाववादी ताकतों को नहीं मिलनी चाहिए जगह : एस. जयशंकर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका स्थित एक मंदिर की दिवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे जाने और उसमें तोड़फोड़ की घटना पर शनिवार को चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के बाहर चरमपंथियों और अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए. विदेश मंत्री यहां राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह से इतर संवाददाताओं से बात कर रहे थे. जयशंकर ने घटना के बारे में एक सवाल पर कहा,मैंने खबरें देखी हैं. जैसा कि आप जानते हैं, हम इस बारे में चिंतित हैं. भारत के बाहर चरमपंथियों और अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए. जो कुछ भी हुआ, उसके बारे में हमारे वाणिज्य दूतावास ने (अमेरिकी) सरकार और वहां की पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है और मुझे विश्वास है कि मामले की जांच की जा रही है. जयशंकर ने कहा, जब भी किसी भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया जाता है, तो हम उनकी देखभाल के लिए राजनयिक पहुंच की मांग करते हैं जो हमें तीन बार मिल चुकी है.10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन के लिए भागीदार देशों की सूची से अमेरिका और कनाडा की अनुपस्थिति पर जयशंकर ने कहा कि वह इसका कोई राजनीतिक मायने नहीं निकालेंगे. कैलिफोर्निया के नेवार्क में पुलिस विभाग ने कहा कि शुक्रवार सुबह लगभग 8.35 बजे उसे श्री स्वामीनारायण मंदिर में नारे लिखे जाने की सूचना मिली. सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों के अनुसार खालिस्तान शब्द के साथ अन्य आपत्तिजनक नारे मंदिर के बाहर एक साइनपोस्ट पर स्प्रे-पेंट किये गये थे. नेवार्क पुलिस ने कहा कि हिंसा, संपत्ति की क्षति, उत्पीड़न, नफरत या पूर्वाग्रह से प्रेरित अन्य अपराधों के किसी भी कृत्य या धमकी को बहुत गंभीर माना जाता है और इसे उच्च प्राथमिकता दी जाती है.



## हजारीबाग में एएसआई छह हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में एसीबी की टीम ने शनिवार को विष्णुगढ़ थाने में पदस्थापित एएसआई को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार एएसआई मनोज कुमार 6,000 रुपये घूस ले रहा था। फिलहाल, एसीबी की टीम उसे गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद
हर साल सिर्फ एक बार जाँच । रोग नहीं, रोकथाम जरूरी।
Basic Health Check-up ₹999 Onwards 33 Tests
Master Health Check-up ₹2999 Onwards 57 Tests
Cardiac Care Package ₹4999 Onwards 61 Tests
Full Body Health Check-up ₹9999 Onwards 84 Tests
78083 68888 www.asarfihospital.com

## संक्षिप्त खबरें

### बसरिया कला में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर लगाया गया

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बसरिया कला पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य फैजायल अंसारी,प्रमुख गायत्री देवी, उप प्रमुख सुनील सिंह, बीडीओ नितेश भास्कर, बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।मौके पर फैजायल अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम हर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कराकर कर रही है। प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि सरकार शोषित वंचित लोगो तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पंचायत में पहुंचाने का काम सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से कर रही है। उप प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि सरकार शोषित वंचित लोगो तक जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है ग्रामीणों को आगे बढ़ चढ़कर लाभ लेने की जरूरत है।

### जीईएल चर्च कहुपानी चर्च में क्रिसमस गैदरिंग का हुआ आयोजन

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर-प्रखंड के कहुपानी चर्च परिसर में पहला क्रिसमस गैदरिंग समारोह का आयोजन शनिवार को की गई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का, जिलाध्यक्ष मतीयस बागे उपस्थित रहे जहां पर समिति द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर बाइबल प्रतियोगिता नाटक मंचन सहित कई प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर उद्घाटन उपासना डोभापानी पास्ट्रोरेस्ट अध्यक्ष पादरी हेमंत संमद के द्वारा की गई। मौके पर प्रवचन कहुपानी चर्च अध्यक्ष पादरी निर्मल किंडो के द्वारा किया गया।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में 1799 आवेदन, 957 का त्वरित निष्पादन, 842 लंबित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के नरही पंचायत सचिवालय में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, जिला परिषद सदस्य रानी बाला, प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार,मुखिया मनोज ठाकुर, उपमुखिया शारदा पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार ने कहा कि सरकार के पहल से हम सभी लोग आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आपके पंचायत में आकर आपकी समस्याओं की जानकारी लेकर त्वरित निष्पादन करने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है आप सभी लोग उसका लाभ उठायें। अपनी समस्याओं से संबंधित लिखित आवेदन संबंधित विभाग के स्टॉल पर दें। आपकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जायेगा। शिविर में सभी विभागों का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। सभी स्टॉल पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल 1799 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें 957 का त्वरित निष्पादन किया गया, जब कि 842 आवेदन लंबित रहे। विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल पर अबूआ आवास योजना 770, आयुष्मान कार्ड 6, गुरु जी क्रेडिट कार्ड योजना 3, मनरेगा के तहत नए कार्य 20, मनरेगा के तहत नई जॉब कार्ड 10, बिरसा हरित सिंचाई कूप 2, राशन कार्ड में संशोधन या नया 22, बिजली संबंधी समस्या 1, कंबल वितरण 19, सर्वजन पेंशन योजना 34, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 5, आधार पंजीकरण 8, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 25, पेयजल एवं स्वच्छता 18, पोर्टल नया पंजीकरण 6, स्वास्थ्य जांच 39, आजीविका 1 एसएचजी आईडी कार्ड 810 सहित कुल 1799 आवेदन प्राप्त हुये। मौके पर, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, प्रधान सहायक अनिल सिंह, ब्लॉक कोर्डिनेटर प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह, ब्लॉक कोर्डिनेटर पंचायत राज कौशल कुमार, सीएचओ सौम्या कुमारी, एएनएम सोना कुमारी, दिलीप कुमार, पंचायत सेवक प्रशांत कुमार, बिरेन्द्र सिंह, बाल विकास पर्यवेक्षिका आरती कुमारी, सीआरपी सुबोध कुमार, संजीव कुमार, रोजगार सेवक अम्बिका सिंह, प्रकाश कुमार, संजय राम, नागेंद्र कुमार, अनुज कुमार, रोहित कुमार, विक्रम कुमार, उषा कुमारी, ललिता कुमारी सहित बड़ी संख्या में

# सरस्वती विद्या मंदिर में बाल मेला सह प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** विद्या भारती योजना के तहत हरिहरगंज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को बाल मेला सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने पेरिस्कोप ,सोलर फैन, भोल्केनो, स्मार्ट सिटी, सोलर सिस्टम, वाटर एलार्म, चंद्रयान सहित आदि चीजों स्कूल के भैया - बहनों ने कई हस्तनिर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन किया। वहीं मेले में बच्चों ने कई तरह के पकवान बनाए थे। इसके पहले कार्यक्रम का उद्घाटन भारत माता व मां सरस्वती के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि व्यवसायी सह समाजसेवी मुकेश प्रसाद को विद्यालय परिवार की ओर से अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुकेश कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों की सृजनात्मक क्षमता को बढ़ाते है। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र प्रसाद ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ मल्टी टैलेंटेड बनाना कार्यक्रम का उद्देश्य है। इस अवसर पर शिक्षक मोहन ठाकुर, हंसराज गुप्ता, संजय कुमार सिंह, नीलिमा मेहता, नवीन पाण्डेय, सुनीता कुमारी, प्रियंका कुमारी, अंजु कुमारी, मोनिका कुमारी, सहित विद्यालय सचिव प्रदीप कुमार वर्मा, विवेकानंद मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य सुमन कुमार, राजेश दास, बाबूभाई सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# आज भी निरुत्तर है परहिया परिवार की बहू सुरजी देवी का सवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड के बांसडीह खुर्द पंचायत के पीढ़े गांव के पानीखोंचा टोला में एक शादीशुदा दिव्यांग महिला रहती है. वह दोनों पैर से दिव्यांग है. उस महिला का नाम है सुरजी देवी. उसके पति गनौरी परहिया भी दिव्यांग हैं। उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। दोनों पैर से लाचार सुरजी किसी तरह अपने बच्चों का लालन-पालन कर रही है. उसे कुछ करना या कहीं आना जाना होता है तो एक बच्चे को पीठ पर और एक को गले में बांधकर अपने लाचार पैर और हाथ के सहारे ही आती-जाती है। उसे कोई भी सरकारी सहायता नहीं मिल रही है। सुरजी देवी जब अविवाहित थी तो उसे दिव्यांग पेंशन मिलता था। लेकिन शादी के बाद उसका पेंशन बंद हो गया है। वह जानना चाहती है कि मेरा पेंशन क्यों बंद हुआ।क्या हमें दिव्यांगों को मिलने वाला तीन पहिया साइकिल मिलेगी या नहीं।बता दें कि आदिम जनजाति परिवार के लोगों के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलाई जाती है. मगर सुरजी देवी तक सरकार की योजनाएं नहीं पहुंच पा रही है. उसके सवाल का जवाब तो प्रशासनिक अधिकारी ही दे सकते हैं। वैसे उसके सवाल आज भी निरुत्तर हैं।

### उपायुक्त ने जारी किया पत्र 24 एवं 25 दिसंबर को भी खुलेंगे प्रखंड कार्यालय

**केतार (गढ़वा) :** जिले के उपायुक्त शेखर जमुआर ने पत्र जारी कर सभी प्रखंड कार्यालय में कार्यरत प्रधान सहायक को 24 एवं 25 दिसंबर को अपने अधीनस्थ सभी कर्मियों के साथ कार्यालय में उपस्थित रहने एवं बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए इसके सत्यापित प्रति को गढ़वा कोषागार में उपलब्ध कराने की बात कही है। साथ ही उन्होंने कहा है कि उपस्थिति के आधार पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को उनके वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। गौरतलब हो की उक्त आदेश आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदन पत्रों को ससमय निबंधन कार्य पूर्ण करने एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर जारी किया गया है।

# दलित परिवार के बीच बीडीओ ने किया कंबल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** प्रखंड के चपरी पंचायत स्थित मुस्कैनी पहाड़ी समीप सरकार द्वारा बसाये गए महादलित मुसहर परिवार के बिच बीडीओ नंद जी राम ने 15 कम्बल वितरण किया। साथ ही उन परिवारों के वर्तमान हालात का जायजा लिया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा ठंड को देखते हुए गरीब, असहाय परिवारों के बीच कम्बल वितरण किया गया है। कहा सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं को नियमानुसार उपलब्ध कराया जाएगा। कम्बल मिलने पर सोनी मुसहरिन, रिंकी मुसहरिन, सिमा, उपेन्द्र, संतोष मुसहर, बचनी मुसहरिन, सुनिता मुसहरिन ने कहा खाली कम्बल से काम नहीं चलतउ,खाय लही राशन भी देबही तबे। हालांकि कम्बल पा कर काफी उत्साहित हुए मुसहर परिवार। उल्लेखनीय है कि मुसहर परिवार को अभी तक सरकारी सुविधाएं जैसे राशन, पेंशन, आवास आदि सुविधाओं से वंचित हैं। इसके पूर्व के बीडीओ जयपाल महतो ने छह माह पूर्व कैंप आयोजित कर इन परिवारों को आधार कार्ड बनवाने का काम तो किया था लेकिन शत प्रतिशत लोगों का आधार कार्ड दस्तावेज नहीं होने के कारण नहीं बन सका है। उस समय भी चावल, चीनी, कम्बल वितरण किया गया था। लेकिन आज तक राशनकार्ड से वंचित रहने के कारण राशन नहीं मिलता है। जयपाल महतो ने दो लड़की का कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन भी कराया था लेकिन चार दिनों में ही विद्यालय छोड़कर भाग गयी। मुखिया शैलेश चौबे ने बताया कि इस वर्ष अबुआ आवास के लिए मुसहर परिवार का नाम जोड़ा गया है। कम्बल वितरण के अवसर पर प्रमुख शोभा देवी, विससुत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, जिप सदस्य शर्मा रंजनी, प्रतिनिधि कुन्दन कुमार ठाकुर, सहायक राकेश कुमार सिंह, अशोक कुमार उपस्थित थे।

# जिला परिषद सदस्य ने ढाब गांव में स्कूल भवन निर्माण का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज प्रखंड के ढाब गांव में शनिवार को ढाब मिडिल स्कूल के चार कमरों के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास हरिहरगंज जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने नारियल फोड़कर किया। 15 में वित्त आयोग, जिला परिषद निधी से भवन का निर्माण होना है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय भवन के बन जाने से बच्चों को पढ़ाने में शिक्षकों को काफी सहूलियत होगी। साथ ही कहा कि शिक्षा के विकास के लिए वे प्रयासरत है। इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। समाजसेवी राजेश राम ने कहा कि स्कूल भवन निर्माण होते ही कक्षाओं का संचालन वर्ग वार से संचालित होगी। साथ ही संवेदक को गुणवत्तापूर्ण भवन का काम करने की बात कही। संवेदक चंदन मेहता ने कहा कि भवन का निर्माण पूरे गुणवता के साथ किया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जागरण के साथ संपन्न हुई बाबा वीर कुंवर की पूजा अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड स्थित गुरी पंचायत के, सेवरा ग्राम में बाबा वीर कुंवर का यादव समाज के द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस पूजा के मुख्य पुजारी सुरेंद्र यादव थे, उन्होंने बताया यादव समाज के लोग इस उद्यान पूजा को पूरे देश में धूमधाम से मनाते हैं। पूजा के अवसर पर 24 घंटे का जागरण का भी कार्यक्रम हुआ, इस दिन बाबा के स्थान पर ही मुख्य रूप से जाउर, जो दूध का बना होता है, वही प्रसाद के रूप में वितरण किया जाता है। यह पर्व साल में एक बार हम लोग मनाते है, इस पूजा कार्यक्रम में मुख्य रूप से, यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष नंदेव यादव को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने उपस्थित लोगों के बीच संबोधित करते हुए बोला, हम सभी के पूर्वज इस पूजा को महान पूजा के रूप में मानते आए हैं, यादव समाज के लिए यह पूजा धरोहर के रूप में जिसे हम सभी को संजोग कर रखने की जरूरत है, मौके पर उपस्थित बंधु यादव, नागेश्वर यादव, रामप्रसाद यादव, अशर्फी यादव, रंगी यादव, विनोद यादव, राजेश्वर यादव, बसंत यादव, कर्म देव यादव, राम लखन यादव, जानू यादव कार्यक्रम में काफी संख्या में यादव परिवार के लोग उपस्थित थे।

# हरिहरगंज ब्लॉक व अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर : सुजीत सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज ब्लॉक एवं अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, ग्रामीण काम को लेकर रोजाना ब्लॉक कार्यालय का चक्कर काटने को विवश है। यह जानकारी शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ के पलामू जिला अध्यक्ष सुजित कुमार सिंह ने पत्रकारों को दी है। उन्होंने बताया कि अबुआ आवास योजना, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, मोटेशन सहित अन्य कार्यों के लिए ग्रामीण ब्लॉक, अंचल कार्यालय आते है लेकिन संबंधित कर्मी काम नही करते हैं। सरकार द्वारा चल रहे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम भी फ्लॉप साबित हो रहा है, लोगों को शिविर में बुलाकर केवल आवेदन लिया जा रहा है जबकि इसका निष्पादन नहीं हो पा रहा है। गरीब भोली भाली जनता रोजाना परेशान हो रहे हैं। उन्होंने स्थानीय पदाधिकारीयों से लोगों का काम तेजी से हो मांग किया है साथही उन्होंने कहा कि व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर पलामू डीसी से मिलेंगे एवं लापरवाह कर्मीयों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेंगे ताकि लोगों को किसी काम में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

# 35 वर्षीय युवक की तालाब में डूबने से मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** थाना क्षेत्र के धुरकी बाजार टोला निवासी 35 वर्षीय चंदन राम की मौत शनिवार को राजा तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद गावँ में लोगों के बीच अपरा तफरी मच गई। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक चंदन राम उर्फ़ पुलर उम्र 35 वर्ष की पिछले कई दिनों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।घटना के संबंध में मुखिया महबूब अंसारी ने बताया कि शुक्रवार को मृतक शाम को घर से निकला था। सुबह तक घर नहीं आने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू किया तो पता चला कि तालाब के ऊपर चप्पल व गमछा रखा हुआ था। उसी के निशान देही पर तालाब में खोजा गया, तो शव पानी के अंदर मिला। मौके पर धुरकी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन अबोध बच्चे को छोड़ गया। धुरकी बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी ने बताया कि मृतक के परिजनों को आपदा प्रबंधन सहित अन्य सरकारी लाभ दिलाया जायेगा। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### जपला को हराकर बैरांव पहुंचा कर्नल कप के सेमीफाइनल में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे हैं कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वार्टर फ़ाइनल में शनिवार को बैरांव का सामना जपला से हुआ। जपला टीम को गोल करने का कई मौका मिला लेकिन गोल करने में कामयाब नहीं हुई। दुसरी तरफ बैरांव ने आक्रामक खेल खेलते हुए एक बाद एक लगातार तीन गोल कर मैच को 3-0 से अपने नाम कर लिया। बैरांव की तरफ से लवकुश कुमार ने गोल किया। इसके साथ ही बैरांव की टीम अपने ग्रुप से सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। मैच के पूर्व क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह तकि हुसैन रिजवी मनोज शर्मा व इशरार अहमद ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया तथा उनसे अनुशासन तरीके से खेलने का आह्वान किया। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन और समय पर ध्यान देना अति आवश्यक है।

# पिपरा प्रमुख ने गरीबों के बीच किया कंबल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पिपरा प्रखंड के प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने ठंड और शीतलहर के प्रभाव को देखते हुए शनिवार को अंधारीबाग,पोल्दा , मसूरिया सहित कई गांव के दर्जनों असहाय गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। प्रमुख ने बताया की कड़ाके की ठंड को देखते हुए पिपरा प्रखंड के सभी गांव में जाकर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण करने का काम करेंगे, उन्होंने कहा कि सैकड़ों कंबल वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। कंबल वितरण के दौरान ग्रामीणों से मिलकर उनके स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां भी लेने का काम कर रहे हैं एवं जरूरतमंदों को हर संभव सहयोग भी किया जा रहा है। प्रमुख ने बताया कि ठंड से बचने के लिए बुजुर्गों को जरूरत के अनुसार ही घर से निकलने की सलाह दी जा रही है, उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। मौके पर कृष्णा यादव, बब्लू सिंह, विशुन पासवान, गौरी पासवान भवनाथी यादव, अरविंद यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने एसडीओ को जन समस्याओं से सबंधित सौपा 11 सूत्री मांग पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव राजकुमार राम के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी को जन समस्याओं से सबंधित 11 सूत्री मांग पत्र सौंपकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग किया है.मांगपत्र में अनुमंडल क्षेत्र के सभी परिवार के सभी सदस्यों के नामयुक्त राशनकार्ड की व्यवस्था कराने तथा प्रत्येक माह के 10 तारीख तक राशन वितरण सुनिश्चित कराने, त्रुटिपूर्ण सर्वे खतियान को रद्द कराने तथा रजिस्टर टू से भूमि व मकान का मालगुजारी रसीद काटने की व्यवस्था कराने, मनरेगा व अन्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को रोजगार मुखी योजना का चयन करके ग्रामीण क्षेत्र में मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जाय ताकि पलायन रुक सके,मनरेगा अंतर्गत मजदूरों द्वारा किये कार्यो का मूल्यांकन कर साप्ताहिक या पखवारा में मजदूरी भुगतान सुनिश्चित कराने, सरकार द्वारा संचालित फसल बीमा योजना को पारदर्शी बनाते हुये किसानों को ससमय क्षतिपूर्ति की व्यवस्था देने, विद्यालयों में शिक्षा का स्तर गुणवत्तापूर्ण बनाते हुये सभी छात्र छात्राओं को उत्तम शिक्षा सुनिश्चित कराने, अनुमंडल के सभी स्वास्थ्य केंद्र व उपकेन्द्र में चिकित्सक व नर्स के साथ दवा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, सभी अंचल में भूमि विवाद व भूमि सबंधी अन्य समस्याओं के समाधान हेतु ग्राम स्तर पर राजस्व शिविर लगाने की व्यवस्था सहित अन्य मांगे शामिल है। प्रतिनिधि मंडल में गणेश सिंह,रामेश्वर प्रसाद अकेला, यशवंत कुमार चौबे, अंचल सचिव गोपाल यादव, मजबुल्लह खां शामिल थे।

# लोहरगड़ा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** झारखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शनिवार को लोहरगड़ा पंचायत सचिवालय के परिसर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख चंद्रावती देवी, जीप सदस्य ज्वाला प्रसाद, बिस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, मुखिया नीलम देवी, समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद, सीताराम शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने उपस्थि लोगों से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। वही शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल का प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत विभिन्न पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया जिसमें खाद आपूर्ति, पेंशन, मनरेगा, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, वन सुरक्षा विद्युत विभाग, जेएसएलपीएस, कल्याण, अबुआ आवास सहित अन्य विभाग का स्टाल लगाए गए थे। बीडीओ ने सभी कर्मियों को निर्देशित किया की अंतिम व्यक्ति तक आवेदन को प्राप्त करने के बाद ही शिविर का समापन किया जाना है। इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले दो वर्षो से कार्यक्रम का सफल आयोजन वर्तमान सरकार द्वारा हो रहा है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रशासन, सरकार एवं जनता के बीच की दूरी को कम करना है। साथ ही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए योग्य लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित भी करना है। उन्होंने कहा कि इस बार विभिन्न कई नई योजनाएं आई है। जिसमे अबुआ आवास, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत योग्य लाभुकों को लाभान्वित किया जाना है। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य रामव्रत मेहता, रमाकांत भारती सहित सभी वार्ड सदस्य एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज में हुआ पिसको एक्ट 2012 विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज में पिसको एक्ट 2012 विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन हुआ। इसमें महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक प्राचार्य एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता सानिया महाजन ने लोगों को स्टॉप चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज पोस्को एक्ट 2012 के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी एवं गुड टच व बैड टच कैसे होते हैं वीडियो के माध्यम से सभी को बताया। उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न के अपराध को कैसे रोका जा सकता है। महिला की लज्जा भंग करने की सजा कैसी होगी और इससे कैसे बचें इसकी जानकारी दी। द्वितीय दिवस शनिवार दोपहर को प्रोवेशन ऑफ सेक्सुअल हरासमेंट एक्ट 2013 विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार ऑनलाइन सह ऑफलाइन के माध्यम से आयोजित किया गया। इस वेबिनार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रंभा निशाल ने विस्तार से जानकारी दी और सचित्र और वीडियो क्लिप के माध्यम से जागरूक किया गया। बीच बीच में छात्र छात्राओं द्वारा पूंछे गए समस्या का समाधान भी किया गया। यह भी बताया कि सरकार द्वारा कार्य स्थल पर महिलाओं द्वारा सामना किये जाने वाले यौन उत्पीड़न के मुद्दे को हल करने के लिए एक कानून बनाया गया है। इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल कार्य वातावरण बनाना तथा उन्हें यौन उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करना है।

संक्षिप्त खबरें

## भाजपा के दो दिवसीय बैठक में आशा लकड़ा हुई शामिल



रांची। शुक्रवार व शनिवार को दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बैठक का शुभारंभ किया । इस बैठक का संचालन भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. आशा लकड़ा ने की। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह , राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा , राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष समेत सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री व क्षेत्रीय संगठन महामंत्री उपस्थित थे।

## ठंड को देखते हुए कुष्ठ कालोनी मे गर्म कपड़े और कंबल वितरण

रांची। रांची में बढ़ते हुए ठंड और शीतलहरी के प्रकोप को देखते हुए हिंदूवादी नेता भैरव सिंह के द्वारा डोरंडा ओवरब्रिज के नीचे स्थित निर्मला कुष्ठ कालोनी मे गर्म कपड़े और कंबल , साड़ी, बच्चों तथा बड़े पुरुषों के शर्ट पेंट , स्वेटर, जैकेट वगैरह बांटे गए ।भैरव सिंह ने कहा कि जीव सेवा का अर्थ ही शिव सेवा है उनका प्रयास है कि रांची के फुटपाथ और मंदिरों के बाहर बहुत से ऐसे लोग रहते हैं जिनके पास गर्म कपड़े,कंबल , तथा अच्छे कपड़े तक नहीं है ,हम सब का प्रयास है कि उन सब तक गर्म कपड़े पहुंच जाएं। आने वाले दिनों में भी भैरव जी के द्वारा चुटिया, रांची रेलवे स्टेशन पर भी ऊनी वस्त्र, साड़ी,और कपड़ों वितरण किए जाएंगे।



# रांची आसपास क्षेत्रों से हज व उमराह पर जाने वालों को मिलेगा फायदा : हफीजुल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** ओरमांझी-हज व उमराह पर जाने वाले लोगों के लिए नेवरी चौक में आज शनिवार को अलीजा हज व उमराह टूर एंड ट्रावेल्स एजेंसी कार्यालय का उद्घाटन झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक व खेल-कुद विभाग के मंत्री हफीजुल अंसारी व कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मंत्री हफीजुल हसन ने टूर एंड ट्रेवल्स एजेंसी खोलने वाले कारी मोइनुद्दीन रहमानी को बधाई देते हुए कहा कि इस्लाम मजहब में हज व उमराह को बड़ा इबादत माना गया है। अल्लाह के पाक घर मक्का और मदीना हज व उमराह पर जाने वाले यात्रियों के लिए हज व उमराह ट्रेवल्स एजेंसी का उद्घाटन होने से रांची आसपास के लोगों को अब काफी सहूलियत मिलेगा। शादी ब्याह में हो रहे फुजूल खर्ची बंद होनी चाहिए। वहीं कारी मोईनुद्दीन रहमानी ने बताया कि क्षेत्र के लोगों को मक्का व मदीना जाने की बड़ी ख्वाहिश होती है। महज 01 लाख में दो व्यक्ति और 55 हजार में एक व्यक्ति अलीजा टूर एंड ट्रेवल्स के माध्यम से लोग उमराह पर आसानी से जा सकते हैं। इस एजेंसी के माध्यम से आने को सुविधा लोगों को दी जाएगी। जिसमें दोनों ओर की टिकट,तीन टाइम का खाना, उमराह वीजा व इंश्योरेंस,7 दिन मक्का और 7 दिन मदीना के साथ सभी जगहों का जियारत, लॉण्ड्री, सहित कई अन्य सुविधाएं दी जाएगी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से नेवरी सीरत नगर के अध्यक्ष जाकिर अंसारी, कारी मोइन, मौलाना अतहर इमाम नदवी इमाम खतीब मस्जिद सहाबा नेवरी, सईद अंसारी, इमरान अंसारी, मौलाना समीउल हक, मुफ्ती अबू ओबैदा, मौलाना अहमदुल्लाह, मेराजुद्दीन, मौलाना इस्माइल, मौलाना नईम, मौलाना अरशद, मुफ्ती सोहेल, मौलाना शाहिद नदवी, एजाज अहमद, मोहम्मद तौहीद, शमी खान, शाहिद अंसारी, हाफिज अशफाक, हाफिज जियाउल्लाह, हाफिज शिबली, मोहम्मद असलम, मासूम बिल्डर, आलम अंसारी, मोहम्मद अल्ताफ , अब्दुल कय्यूम अंसारी, मोइन अंसारी, जहांगीर अंसारी, खालिद अंसारी, शाहिद हसन चौधरी अध्यक्ष ओजना अंजुमन, मुजम्मिल अंसारी, अशफाक खान, ऐनुल हक, अत्ताउल्लाह अमन ग्रुप, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद नाजिश समेत सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# एसी व प्लंबर बनाने वाले पांच चोर गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** घरों में प्लंबर और एसी लगाने का काम करने के नाम पर चोरी का काम करते थे। ऐसे पांच चोरों पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि पिठौरिया थाना क्षेत्रान्तर्गत केलाबागान एवं ओएना के पास दिन में ही घर का ताला तोड़कर जेवरात एवं अन्य सामानों की चोरी की गयी थी, जिस सम्बन्ध में चादी के आवेदन के आधार पर कांड अंकित किया गया। उक्त कांड का उद्भेदन एवं संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक रॉची चंदन सिन्हा के द्वारा निर्देशन में पुलिस निरीक्षक सदर (प0) अंचल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना में शामिल चार अपराधकर्मी एव चोरी के सामान खरीदने वाले एक दुकानदार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के निशानदेही के आधार पर चोरी की गयी जेवरात, नगद रूपया एवं अन्य सामान को बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों ने पूछताछ के क्रम में पिठौरिया थाना क्षेत्र के अलावे अनगड़ा थाना, एयरपोर्ट थाना, जगरनाथपुर थाना, बी0आई0टी मेसरा ओ0पी0, लोअर बाजार थाना इत्यादि थाना क्षेत्रों में भी चोरी करने की बात स्वीकार किया है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों ने आगे पूछताछ के क्रम में बताया कि चोरी के सामान को बेचकर इनके द्वारा कार, मोटरसाईकिल, लैपटॉप इत्यादि खरीदा गया है. उक्त सामानों को भी विभिन्न स्थानों से बरामद किया गया। काड में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।



**गिरफ्तार अपराधियों का नाम एवं पता:** मो0 फैजान आलम पता आशियाना कॉलोनी लाह फैक्ट्री रोड, थाना हिन्दपीढी, जिला राँची, मो साद गुमला, मोहित कुमार राम गुमला, पकंज इन्दुआर गुमला, शेख अनवर पश्चिम बंगाल, वर्तमान पता हिन्दपीढी, थाना हिन्दपीढी, जिला राँची को गिरफ्तार किया गया है। सादर प्लंबर का और फैजान एसी बनाने का काम करता था।

**बरामद सामान का विवरण:** एक आई0 20 कार, एक लैपटॉप, एक प्लसर एन0एस0 200 बाईक, वादिनी का पर्श, उसका आधार कार्ड व पैन कार्ड, मोबाइल फोन 03 नगद, अलग-अलग अभियुक्त के पास से चोरी के करीब 02 लाख रुपया, सोने व चाँदी के विभिन्न जेवरात बरामद किया गया है।

**छापामारी दल में शामिल:** पुनि राज कुमार यादव, सदर पश्चिमी अंचल, राँची, पुअनि अभय कुमार, थाना प्रभारी पिठौरिया, रांची, पुअनि गणेश कुमार यादव, पिठौरिया थाना, रांची, पुअनि राहुल कुमार, पिठौरिया थाना, राँची, पुअनि श्रवण कुमार, पिठौरिया थाना, राँची, पुअनि नीतिश कुमार, पिठौरिया थाना, राँची, सअनि अमृत प्रसाद मेहता, पिठौरिया थाना, राँची शामिल थे।

# पुलिस लाइन में मनाया गया क्रिसमस गैदरिंग




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** नवीन पुलिस केंद्र, रांची में क्रिसमस गैदरिंग के शुभ अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, के द्वारा केक काट कर क्रिसमस उत्सव मनाया गया, और सांस्कृतिक एवम नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो, पुलिस उपाध्यक्ष बेरो ,परिचारी प्रवर - 1,2, पोल एसोसियेशन के सभी नेता एवम सभी पुलिसकर्मी थे ।

# फ्रेंजी डांस स्टूडियो के बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन : डॉ0 किरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** क्रिसमस स्पेशल के मौके पर फ्रेंजी डांस स्टूडियो है यह इंस्टीट्यूट 2015 से रांची में चल रहा है । यह फ्रेंजी डांस इंस्टीट्यूट हमेशा छात्रों के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित करता चला आ रहा है। क्रिसमस के मौके पर भी विशेष प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें दो श्रेणियों में डांस और फैशन शो का आयोजन किया गया। इसमें एक से बढ़कर एक छात्र छात्राओं ने प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। सीनियर - प्रथम आकाश गोराई, द्वितीय चारू सिंह, तृतीय अनुष्का जूनियर - प्रथम तनुश्री, द्वितीय अश्वित, तृतीय अंकिता मिंज । फैशन शो में - प्रथम सरिता कुमारी, द्वितीय शशांक शेखर थे। वहीं इस सफल आयोजन में रांची नगर निगम की सहायक लोक चिकित्सा पदाधिकारी मुख्य अतिथि डॉ. किरण और जज राहुल राज, राम सोनी आदि मौजूद थे।



# ज्वर से ग्रसित मरीज़ का पारस अस्पताल में हुआ सफल इलाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 32 वर्षीय का नवयुवक पारस एचईसी अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में चेतना में कमी एवं 65 प्रतिशत ऑक्सीजन की मात्रा के साथ लाया गया। मरीज़ के परिजनों ने बताया कि मरीज़ को पिछले दो दिनों से उल्टी, ज्वर एवं सांस लेने में परेशानी हो रही थी। पारस एचईसी अस्पताल में लाए जाने के बाद मरीज़ की जाँच की गई । सर्वप्रथम मरीज़ में गंभीर एआरडईएस के कारण उसे पेट के बल लिटाकर वेंटीलेटर के माध्यम से कृत्रिम सांस दिया गया। मरीज़ को दो बार प्रोनिम दिया गया साथ ही व्यापक स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक दिया गया । उसके बाद मरीज़ को होश आ गया। उसके सीने का एक्सरे करने पर चिकित्सकों ने पाया कि उसमें काफ़ी सुधार हुआ है। मरीज़ की स्थिति में सुधार आने के बाद उसे वेंटीलेटर से हटाकर सामान्य वार्ड में भेज दिया गया।वार्ड में भेजने के तीन दिनों बाद मरीज़ को फिर से बुख़ार आ गया। तत्पश्चात चिकित्सकों ने मरीज़ की माइक्रोबायोलॉजिकल जाँच की जिसके बाद एंटीबायोटिक में बदलाव की गई और मरीज़ फिर ज्वारमुक्त हो गया। स्क्रब टाइफ़स के इलाज के लिए मरीज़ को स्टेरॉयड दिया गया जिसके बाद मरीज़ की हालत में काफ़ी सुधार आई। पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा की हमें गर्व है की पारस परिवार अपने अत्याधुनिक संसाधनों के साथ मरीज़ों को उत्कृष्ट और सर्वोत्तम इलाज की सुविधा देने में हर दिन नई ऊँचाइयों को पा रहा है।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**निगम स्तर से तीनों शिविर में कुल मिलाकर 52 आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत् 23.12.2023 को रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं 51, 52 तथा 53 में शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमे निगम द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया तथा शिकायतों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया। आज निगम स्तर से तीनों शिविर में कुल मिलाकर 52 आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा तीनों वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 310 कंबल का वितरण भी किया गया।



बता दे 26.12.2023 को निगम अंचल कार्यालय, डोरंडा तथा रांची नगर निगम मुख्यालय में शिविर का अयोजन किया जाएगा। रांची नगर निगम सभी सम्मानित नागरिकों से अपील करता है कि अपने नजदीकी आयोजित शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ लें।

# क्रिसमस हम सभी के लिए खुशी का पर्व है : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचकर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर्चबिशप हाउस परिसर में बालक प्रभु यीशु के दर्शन किए। मौके पर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने भी मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को क्रिसमस पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि क्रिसमस का पर्व हमसभी के लिए बहुत उत्साह, उमंग और खुशी का पर्व होता है। मैं क्रिसमस पर्व के मौके पर पूरे झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं एवं प्रभु यीशु से राज्यवासियों के लिए अमन-चैन तथा सुख, समृद्धि की कामना करता हूँ।इस अवसर पर आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो, सहायक धर्माध्यक्ष बिशप थियोडोर मास्करेन्हास, फादर मुकुल कुल्लू, फादर असित टोप्पो, फादर अजीत कुमार खेस, फादर सहदेव प्रजापति, फादर सुशील बेक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# ब्राइट एंजल्स प्ले स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** ब्राइट एंजल्स प्ले स्कूल, लोअर चुटिया, रांची में क्रिसमस के शुभ अवसर पर डायरेक्टर मीना प्रकाश और प्रिंसिपल स्रावणी पांडेय के द्वारा दिए गए भाषणों ने आनंद की बौछार को बढ़ाया, जो आनंद, प्रेम और एकता के संदेशों को फैलाए।

कर्मचारियों द्वारा गाए गए संगीत से वातावरण को और भी बढ़ा दिया गया, जिसमें सतीश ने अपनी मोहक आवाज के साथ मुखूत किया।

यह घड़ी न केवल क्रिसमस के आत्मा को प्रदर्शित करती थी, बल्कि स्कूल की घनिष्ठ समुदाय में एकजुटता और उत्सव के महत्व को भी बताती थी। ब्राइट एंजल्स प्ले स्कूल में क्रिसमस का जश्न न केवल सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के लिए एक मंच प्रदान किया, बल्कि छात्रों, कर्मचारियों और माता-पिता के बीच मित्रता और सौहार्द के बंधनों को भी मजबूती से करता है।

## इधर-उधर गाड़ी पार्किंग करने के कारण लग रही है जाम

**रांची।** रांची में जाम की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है । शनिवार को चर्च रोड मेन रोड और इसके आसपास के कई चौक चौराहा में लोग जाम से फंसे हुए नजर आए । खास कर शाम 5:00 बजे के बाद लोग घंटों जाम के कारण सड़क पर फंसे रहे। इस दौरान कई लोगों का विशेष काम भी छूट गया । जाम की समस्या कोई नहीं बात नहीं है, आए दिन इस तरह की जाम की समस्याएं हो रही है । क्रिसमस पर को लेकर लोगों की और भीड़भाड़ का नजारा है। वहीं पार्किंग नहीं रहने के कारण भी लोग अपने वाहनों को इधर-उधर खड़ा कर दे रहे हैं ।

# 25 दिसंबर को जेबीकेएसएस का सिल्ली में नीति बनाओ बाईक रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति सिल्ली विधान सभा ईकाई द्वारा सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक कलाकर सह समाज सेवी स्वर्गीय गोपाल महतो के आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर सिल्ली प्रखण्ड नागेडीह पंचायत के खलारी गांव में माल्यार्पण सह श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तथा जेबीकेएसएस सिल्ली विधान सभा टीम द्वारा सिल्ली प्रखण्ड कार्यालय के समक्ष टुटकी टुंगरी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक से सिल्ली विधान सभा के सभी सक्रीय सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 25 दिसंबर 2023 दिन सोमवार को शहीद निर्मल महतो जयंती के अवसर पर झारखंड सरकार से खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति, उद्योग नीति, खनिज मुनाफा बंटवारा नीति लागू करने की मांग को लेकर नीति बनाओ बाईक रैली का आयोजन समय दिन 11:30 बजे बंता चौक सिल्ली से शुभारम्भ कर झारखण्ड मोड़ और कोंचों सुंडील स्थित शहीद निर्मल महतो के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से जेबीकेएसएस सक्रिय सदस्य देवेन्द्र नाथ महतो, संजीव कुमार, भगीरथ , अनूप, अजय, पंकज, मुकेश, नितेश, रितेश, त्रिवेणी, बबलू, अजीत, मदन, नवेंदु, नवीन, लंके, धीरज के अलावा अन्य लोग गण मान्य लोग उपस्थित हुए।

## बाबा साहेब अंबेडकर आवास योजना में लाभुकों को आवास स्वीकृति का निर्देश

**रांची :** ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना से शत-प्रतिशत आवास की स्वीकृति देने का निर्देश जिले के अधिकारियों को दिया है। इस योजना से राज्य में अभी भी 144 लाभुकों के आवास की स्वीकृति नहीं मिल पायी है। इसमें साहेबगंज में 66, बोकारो में 30, पलामू में 21 एवं गढ़वा जिला में 11 लाभुकों की आवास योजना की स्वीकृति अभी तक नहीं दी गयी है।

# 21 जनवरी को रांची में होगा कुमार सानू का कंसर्ट लाइव शो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 21 जनवरी 2024 को रांची के खेल गांव स्थित स्टेडियम में मशहूर सिंगर कुमार सानू का लाइव कंसर्ट शो का आयोजन किया जा रहा है । यह कार्यक्रम फास्ट कलाकार के बैनर तले होगा, जिसमें कुमार सानू फास्ट कलाकार के कई कलाकारों के साथ गाना गाते हुए नजर आएंगे। यह पूरा शो टिकट शो है और इसके लिए अभी से ही बिक्री शुरू हो गई है । टिकट की कीमत 600 से लेकर 3600 तक रखी गई है और अब तक करीब खबर लिखे जाने तक 28 सौ से अधिक टिकटों की बुकिंग हो चुकी है।

**कौन हैं परम शाह:** परम शाह फास्ट कलाकार संस्थान के निदेशक हैं। परम शाह के नाम एक साथ कई पेंटिंग बनाने का रिकॉर्ड है और हालांकि यह उड़ीसा के रहने वाले लेकिन झारखंड में काफी लंबे समय से कला के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। अशोकनगर में अपना संस्थान चला रहे हैं । परम शाह को मुख्य रूप से चित्रकार के रूप में प्रसिद्धि मिली हुई है । बेहतर चित्रकारी करने के लिए नीलकंठ राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। परम शाह ने बताया कि खास मकसद यही है कि झारखंड के कलाकारों को कला से जोड़ना है। खासकर गायन , संगीत , पेंटिंग आदि शामिल हैं इससे जोड़कर बच्चों को कला के प्रति आत्मसमर्पित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। इससे पहले झारखंड आर्ट फेस्ट का आयोजन किया था , जिसमें करीब 8000 कलाकारों ने हिस्सा लिया था , जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है । वही फास्ट कलाकार के को निदेशक रमीज बारी बताते हैं कि वे कुमार सानू के बहुत बड़े फैन हैं और वह खुद भी एक अच्छे गायक भी हैं और इस तरह का आयोजन होने से रांची नहीं बल्कि पूरे झारखंड वासियों के लिए गौरव की बात है। वहीं को डायरेक्ट अविनाश ने बताया की तैयारी पूरे जोर शोर से चल रही है और पूरे झारखंड ही नहीं दूसरे राज्यों से भी लोग इस शो को देखने आने वाले हैं।



# शहरी क्षेत्र में चला ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत रात्रि 9 बजे रात्रि से लेकर देर रात तक ड्रिंक एंड ड्राइव का सघन चेकिंग अभियान चारों यातायात थाना के द्वारा अलग अलग जगह पर चलाया जा रहा है। अभी तक 14 वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए। उनके विरुद्ध न्यायालय में अभियोजन भेजकर कारवाई की जाएगी। इस अभियान में ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उरांव और सभी ट्रैफिक थाना के प्रभारी सहित ट्रैफिक के पुलिस जवान शामिल थे। सभी चौक चुनाव में देर रात तक यह अभियान चलाया गया । ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन ने कहा कि यदि कोई शराब के हालात में पकड़े जाएंगे तो उसे जेल भी भेजा जा सकता है इसलिए रात में शराब पीकर वाहन न चलाएं।



## गेदरिंग कार्यक्रम का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक्यूप्रेसर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे में एक्स मस के शुभ अवसर पर एक्यूप्रेसर गेदरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक्यूप्रेसर चिकित्सकों द्वारा



नेचुरल चिकित्सा पद्धति की विभिन्न सिस्टमों द्वारा मरीजों का चिकित्सा किया गया। चिकित्सा का लाभ टाटीसिलवे समेत आसपास के क्षेत्रों के सैंकड़ो लोगों ने उठाया। जिसमें कमर दर्द, स्लिप डिस्क, बवासीर, आंख, सुगर, बी पी, गेठिया, लकवा, पोलियो, सटिका टी बी के शामिल थे। एक्यूप्रेसर चिकित्सा के सम्बंध में संस्था के प्रदेश सचिव डॉ मधुसुदन पांडेय ने बताया एक्यूप्रेसर बॉडी सर्विसिंग की प्रक्रिया है, यदि इससे प्रत्येक महीने किया जाय तो बीमारी की संभावना नहीं होती है। कार्यक्रम में सामूहिक खिचड़ी भोग का व्यवस्था किया गया, बता दें कि एक्यूप्रेसर सेंटर में प्रत्येक शनिवार को आम नागरिकों के लिए खिचड़ी का व्यवस्था किया जाता है। मौके पर एक्यूप्रेसर चिकित्सक बलराम महतो, रुक्मणि कुमारी, ललिता, लपन कुमारी, नरेश महतो, महेश राज फर्नीचर के संचालक, राजेश मिश्र एवं अन्य शामिल हुए।

## 2 दिवसीय आरटीपीबी सखी के लिए प्रशिक्षण का शुभारंभ

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 2 दिवासीय आर. टी. पी (ऋक्षक्ष) बी सी सखी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन



समारोह मुख्य अतिथि बीपीएम जोकिम कंडेर सिल्ली के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिल्ली प्रखंड से आए 23 महिलाओं ने भाग ली। मुख्य अतिथि ने संदेश दिया कि बी सी सखी का बहुत बड़ा जिमेबारी है, बी सी सखी जो कार्य कर रही वह काबिले तारीफ है जो भी हमारे गांव में उम्रदराज वयक्ति है जो चल कर बैंक नही जा पाते है उन व्यक्ति के लिए बी सी सखी घर तक पैसा पहुंचाने और खाता खोलने का भी कार्य करती है। रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर संस्थान के वरिष्ट संकाय अनिल, जगदीश चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रूही दास, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के नागेडीह पंचायत के बुढ़ाबेरा में प्रदीप वर्मा फाउंडेशन द्वारा गरीब, विधवा, असहाय और जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। विदित हो की फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंदों के



बीच कम्बल, छाता एवं अन्य दैनिक उपयोगी वस्तुएं वितरण किया जाता है। मौके पर सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष साधु चरण महतो, श्याम सुंदर महतो, विश्वनाथ महतो ललित प्रसाद आदि मौजूद थे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी संजय कुमार महतो ने दी।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मनाया गया श्रद्धानंद बलिदान दिवस

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को श्रद्धानंद बलिदान दिवस मनाया गया।इस उपलक्ष्य पर विद्यालय में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की



शुरूआत स्कूल के शिक्षको ने उनके चित्र पर फूल माल्यार्पण कर एवं दीपदान कर किया गया।विद्यालय के प्रभारी राजबल्लभ प्रसाद ने स्वामी श्रद्धानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला।साथ ही उनके दिखाये गये मार्ग पर चलने की अपील की।कार्यक्रम मे धर्माचार्य ओम प्रकाश यादव एवं पीएन पांडेय ने हवन कराया।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पाताल पंचायत में कांग्रेस कोर कमेटी का हुआ गठन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती पाताल पंचायत में कांग्रेस पार्टी का पंचायत कोर कमेटी का गठन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता व संचालन रविंद्र गुप्ता ने किया।मुख्य अतिथि मे इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज मौजूद थे।पताल पंचायत कमेटी मे अध्यक्ष फुलेश्वर महतो, उपाध्यक्ष करण मुंडा, सचिव बाबूलाल कुमार महतो, कोषाध्यक्ष संजय ठाकुर, मीडिया प्रभारी दिलीप महतो और संरक्षक सागर केसरी को बनाया गया।कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।मौके पर संतोष यादव, मनोज कुमार मुंडा, नरेश गोप, दीपक मुंडा, राजू मुंडा, बाबूलाल मुंडा, नरेश महतो, विमल महतो, अशोक महतो, गंगा करमाली सहित कई लोग मौजुद थे।

## बाघवार एकेडमी की क्रिकेट टीम ने शारदा ग्लोबल को हराकर अंडर 16 टूर्नामेंट में दर्ज की अपनी दूसरी जीत

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वेंचर स्किल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत गोल चक्कर मैदान धुर्वा सेक्टर 2 में खेले गए अपने दूसरे मैच में बाघवार एकेडमी चान्हों की टीम ने शारदा ग्लोबल स्कूल राँची को एक रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से पराजित किया। आपको ज्ञात हो यह मैच राँची ज़िला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में कराया जा रहा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शारदा ग्लोबल की टीम ने 27.2 ओवर में 130 रन बनाया। इस टीम के बल्लेबाज ईशित तिवारी ने अपनी टीम के लिए 55 रन बनाए तथा अंतरिक्ष उराँव एवं अतुल्य श्री ने क्रमशः 23 और 18 रनों का योगदान दिया जवाबी पारी खेलने उतरी बाघवार एकेडमी की टीम शुरू में लड़खड़ाती नज़र आयी जब इस टीम के सलामी ओपनर बल्लेबाज़ पहली बॉल में ही शून्य पर आउट हो गये। परंतु बाद में जियाउल हक़ के 27, आदर्श राज के 22 एवं हर्ष राज के 20 रनों की नाबाद पारी की मदद से टीम को जीत मिली।

# बचरा उतरी पंचायत मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत के बचरा बस्ती में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में टंडवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के विभिन्न विभागों के द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया।कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह और टंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर शिविर का उदघाटन किया।शिविर मे अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, मनरेगा कार्ड, आधार कार्ड, सावित्रीबाई फूल्हे योजना सहित



अन्य योजना को लेकर ग्रामीणों ने अपना आवेदन जमा किया।वही शिविर मे निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उनके बीच दवाई का वितरण किया गया।

इसके अलावे जन्म प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन प्रमाण पत्र, गर्भवती महिलाओ के बीच पोषण आहार, सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्कूल बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस एवं स्वेटर का वितरण किया गया।

शिविर में सैकड़ो गरीब असहाय और वृद्ध लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया।शिविर मे कुल 819 आवेदन जमा किया गया, जिसमे 803 मामलों का मौके पर निष्पादन किया गया, वही 19 मामला के निष्पादन के लिए अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।इस संबंध मे महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि शिविर के माध्यम से पंचायत के ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। झारखंड सरकार का यह काफी सराहनीय कदम है। राज्य के सभी जिलों प्रखंडों और पंचायत में सरकार गांव पहुंचकर लोगों की समस्या का मौके पर समाधान कर रही है।इसके लिए उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया।इस मौके बीडीओ देवलाल उरांव, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव पिंकी सिंह, यूथ कांग्रेस के टंडवा प्रखंड अध्यक्ष रवि भारद्वाज, अंचल कर्मचारी रोहित कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार, सहायक दसाई गंझु, सुबोध कुमार, पंकज कुमार ठाकुर, प्रकाश कुमार, अरविंद कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, धीरजनाथ महतो, कामेश्वर महतो सहित आंगनबाड़ी सेविका सहायिका सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# स्व. विजय महतो स्मृति मेला आयोजन को लेकर बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** पंचपरगना ऑल अर्टिस एसोसिएशन लोटा सिल्ली के कलाकारों बंधुओ एवं ग्रामीणों का गांव सुरगुंजाडीह में आगामी 1 जनवरी 2024 को कला प्रेमी स्व. विजय महतो स्मृति मेला की तैयारी को लेकर बैठक किया गया। दशरथ महतो की बैठक की अध्यक्षता दशरथ महतो एवं संचालक विकास कुमार महतो ने किया! इस बैठक में मुख्य रूप में पंचपरगना ऑल अर्टिस एसोसिएशन सिल्ली के अध्यक्ष ठाकुर दास कोइरी, सचिव बजरंग पातर, उप सचिव देवेंद्र नाथ महतो, उप कोषाध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, परशुराम महतो, लखीराम नायक, परेश महतो, आयोजक सिदाम महतो, लोटा मुखिया रविंद्र नाथ मुंडा, कार्तिक चन्द्र महतो, अर्जुन राम महतो, विकास महतो, पशुपति महतो, रघुनाथ महतो, हरिदास मुण्डा, गुहीराम महतो, चन्द्रमोहन महतो, रमेश चन्द्र महतो, भूषण चन्द्र महतो, लसुवा महतो, संतोष कुमार महतो, बानेश्वर महतो, पाण्डव महतो, अशोक कुमार महतो, गंगा धर महतो, लम्बोदर मुण्डा, लाल मोहन महतो, लखीचरण महतो, राजेश कुमार महतो, सुभाष महतो, सुनिल महतो, श्रीहरी महतो, भुदेव महतो, नरहरि मुण्डा, दिवाकर महतो, उपेन्द्र नाथ महतो, बुधराम महतो, बर्दी नाथ महतो, मुकेश मुण्डा, अनुज महतो, अमित कुमार महतो, तारकेश्वर महतो, तेजनाथ महतो, युगल किशोर महतो, महेश चन्द्र महतो, धीरेन्द्र नाथ महतो, बलराम महतो इत्यादि कला प्रेमी एवं ग्रामीण बैठक में उपस्थित थे।

# किचटो पंचायत मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत सचिवालय मे शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, टंडवा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव, किचटो पंचायत की मुखिया संगीता देवी सहित अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर एवं फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया।शिविर मे पंचायत के ग्रामीणो ने सर्वजन पेंशन योजना, धोती साड़ी, मनरेगा, जॉब कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्री बाई फुले योजना, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, बिजली विभाग, राशन कार्ड



सुधार सहित कई योजनाओं को लेकर अपना आवेदन जमा किया।इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा प्राप्त आवेदनों में कई आवेदनों की समस्याओं का मौके पर ही निष्पादन किया गया।

शिविर के दौरान सैकड़ो गरीब असहाय और वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।बीडीओ देवलाल उरांव ने बताया कि टंडवा प्रखंड के अंतर्गत आने वाले सभी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्या का समाधान किया जा रहा है।इस मौके पर शिविर में भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ देखी गई।

# खंधार गांव में जंगली हाथियो ने चार घरो को किया ध्वस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बहेरा पंचायत के खंधार गांव में बीती रात दर्जनो जंगली हाथियो के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया।जंगली हाथियों की झुंड ने गांव पहुंचते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया।सबसे पहले हाथियों के झुंड ने खेतों में लगे फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया।जबकि कई घरों को निशाना बनाते हुए उसे क्षतिग्रस्त कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार जंगली हाथियों के झुंड ने खंधार गांव के राजू करमाली, उमेश करमाली, कृष्णा करमाली सहित चार घरो को बुरी तरह ध्वस्त कर दिया, साथ ही घरों में रखे अनाज चावल, धान, मक्का आदि अनाज को खा गया।



वही खलिहान में रखे धान को रौंद डाला।इसके अलावे खेतो मे लगे आलू के फसल, सरसों की फसल को बर्बाद कर दिया।इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा मशाल जलाकर हाथियों को भगाया गया।

इधर घटना की सूचना मिलने के बाद बहेरा पंचायत की मुखिया रेखा कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि रमेश मुंडा, वार्ड सदस्य प्रमिला टाना भगत, लीलामुनि टाना भगत, बुधनी टाना भगत, क्रांति टाना भगत, धामो टाना भगत, बबलु करमाली, पप्पु करमाली, मुनिया देवी सहित कई लोग खंधार गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली और नुकसान का आकलन किया। मुखिया रेखा कुमारी ने खंधार गांव के लोगों को सचेत रहने की अपील करते हुए आपदा प्रबंधन के द्वारा हाथियो के उत्पात से नुकसान हुए घर और फसल की बर्बादी का मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया गया।उन्होंने प्रावधान के मुताबिक प्रभावित परिवारों को क्षतिपूर्ति और मुआवजा राशि दिलाने का भी आश्वासन दिया।इधर हाथियों के उत्पात से स्थानीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची



**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**

उपरोक्त लापता राजेश सिंह, पत्नी–रूबी देवी, पता–सुभम पेट्रोल पंप नेवरी थाना–मेसरा ओपी, जिला–राँची जो दिनांक–10.10.2023 को बिना किसी से बताए कहीं चली गइ जो आज तक अपने घर वापस नही आए है जिसके संबंध में मेसरा ओपी थाना सन्हा सं0–09/23, दिनांक–11.10.23 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

**नाम– राजेश सिंह, उम्र–40 वर्ष, रंग–सांवला, ऊँचाई– 5 फीट, पहनावा–लाल रंग का शर्ट एवं ब्लैक जिंस पहने हुए है।**

उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलतें/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सदर, राँची। – 9431102090
थाना प्रभारी मेसा ओपी, राँची। – 9431706671

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR.NO.314285 Police(23-24):D

## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची



**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

**नाम–जमिल मिर्जा, उम्र–73 वर्ष, रंग–काला, ऊँचाई–5 फीट 05 इंच, पहनावा–फुल कमिज लूंगी पहने हुए है।**

उपरोक्त लापता व्यक्ति जमिल मिर्जा, पिता–जहिर हुसैन मिर्जा, पता–काली स्थान रोड, थाना–लोअर बजार, जिला–राँची जो दिनांक–20.08.2023 को बिना किसी से बताए कहीं चले गए है जो आज तक अपने घर वापस नही आए है जिसके संबंध में लोअर बजार थाना सन्हा सं0–12/23, दिनांक–14.10.23 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलतें/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक नगर राँची। –9431706139
थाना प्रभारी लोअर बजार, राँची। –9431706171

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 314276 (Police)23-24*D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
## ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
NirupanBhawan,3rdFloor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

**e-Procurement (Short Tender Notice)**
**2nd Call**
**Letter of Invitation (LOI) No.-66/2023-24**

**e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/66/2023-24** **Date:-22.12.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for strengthening and widening of road from Tatanagar Railway Station to Tata – Hata main road Nildungri via Kitadih Trimurti Chowk – Ghaghidih jail chowk – Kaliadih - Pudihasa including replacement/construction of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under East Singhbhum District in the State of Jharkhand. *Only Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | 7 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 4 | Cost of Tender documents & Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/- (Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 20000.00 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 26.12.2023,10:30 AM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 08.01.2024 12:00 Noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 09.01.2024 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-8083039058 |
| 11 | Advertisement number | PR 312550Road(23-24).D |

**Note:- Only e-Tender shall be accepted.**

Sd./-
Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

PR.NO.314227 Road(23-24):D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD), RANCHI
Nirupan Bhawan, 3rdFloor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002

**e-Procurement (Short Tender Notice) 2nd Call**
**Letter of Invitation (LOI) No.-65/2023-24**

**e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/65/2023-24** **Date:-22.12.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for construction of Bypass road for the 1.5 KM Chakulya Bazaar part including replacement/construction of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownershi p details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division, Jamshedpur in the State of Jharkhand. *Only Empanelled consultant with RCD under category vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | 8 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 4 | Cost of Tender documents& Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 20000.00 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 26.12.2023,10:30 AM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 08.01.2024 12:00 Noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 09.01.2024 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer,Planning and Investigation DivisionRCD, Ranchi, Mob No.-8083039058 |
| 11 | Advertisement number | PR 312564Road(23-24).D |

**Note:- Only e-Tender shall be accepted.**

Sd./- Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi

PR 314228 Road (23-24)_D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन, मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## बनकुंचिया के पीडीएस दुकानदार शांतिराम व लायाडीह के चौकीदार भरत सिंह का निधन



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड अंतर्गत कमलपुर थाना क्षेत्र के बनकुंचिया गांव निवासी पीडीएस दुकानदार शांतिराम महतो का करीब 70 वर्ष की उम्र में शुक्रवार की रात करीब 1 बजे अपने घर पर ही निधन हो गया। उनकी किडनी खराब होने की वजह से वह पिछले कई माह से बीमार चल रहे थे। वे जनकल्याण उच्च विद्यालय, बनकुंचिया में सचिव के पद पर कई वर्षों तक सेवारत रहे। वे अपने पीछे दो पुत्रों संजय कुमार महतो व राजीव महतो एवं एक बेटी शिलावती महतो समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। शनिवार को उनके पैतृक गांव बनकुंचिया में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से देवाशीष दास, अजीत महतो, असीम कुमार सिंह, राहुल दास, फटीक महतो, दिवाकर दास, मनोज महतो, डॉ. नंदलाल महतो एवं भारत दास समेत काफी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे कमलपुर थाना से जुड़े लायाडीह निवासी चौकीदार भरत चंद्र सिंह ने भी इलाज के क्रम में शुक्रवार को अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके असामयिक निधन से परिजनों के अलावे कमलपुर थाना परिवार ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है। सूचना पाकर उनके घर पहुंचे कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि भरत बाबू व्यवहार कुशल, ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। उनके निधन से थाना परिवार मर्माहत है। कमलपुर थाना शांति समिति के सदस्यों ने भी दुःख व्यक्त किया है।

## अर्जुन शर्मा के बड़े दामाद उदय शर्मा का निधन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के पूर्व अध्यक्ष सह जेपी स्कूल के संचालन अर्जुन शर्मा के बड़े दामाद उदय शर्मा का अंबाला में ब्रेन हेमरेज से मृत्यु हो गया है। उनका इलाज चंडीगढ़ के पीजीआई में चल रहा था। वे 21 दिसम्बर के 3.30 बजे अंतिम सांस लिए। स्व. उदय शर्मा अपने पीछे पत्नी सहित 5 बेटियों को छोड़ कर चले गए। आज उनका अन्तिम संस्कार पैतृक गांव औरंगाबाद में किया गया।

## टाटानगर जीआरपी थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी को किया गया सम्मानित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की एक टीम सैयद आसिफ अख्तर की निगरानी में ट्रस्ट के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी,आजाद नगर थाना शांति समिति के सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान, पारडीह दुर्गा पूजा समिति के अपूर्व पाल, समाजसेवी मोइनुद्दीन अंसारी, विवेकानंद स्कूल की प्रधानाचार्य डॉक्टर निधि श्रीवास्तव,मीराकी एनजीओ की सचिव रीता पात्रा ने टाटानगर जीआरपी थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। गौरतलब हो कि टाटानगर स्टेशन से पिछले दिनों 8 माह की बच्ची का अपहरण कर लिया गया था और मात्र 48 घंटे में उसकी खोज निकाले जाने पर जीआरपी थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान, रेल एसपी, पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रेल हिमांशु चंद्र मांझी अन्य सभी छापामारी दल में शामिल लोगों को बच्ची के बरामद करने पर मुबारकबाद दिया गया।

## गम्हरिया इंग्लिश स्कूल में नन्हें बच्चों ने मनाया क्रिसमस



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया इंग्लिश स्कूल में नन्हें बच्चों द्वारा क्रिसमस उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के नन्हे- मुन्ने बच्चों द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। कक्षा 3 एवं 4 के बच्चों द्वारा एक भाषण प्रस्तुत किया गया। अंत में बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान शांता क्लॉज के साथ बच्चो ने काफी मस्ती भी किया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक सुब्रतो रॉय ने बच्चों और शिक्षकों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विद्यालय की वाइस चेयरपर्सन रिंकू राय, प्रशासक रीमा बनर्जी, डाचीव शिप्रा पाल, प्रधानाध्यापिका किरण चोली समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## संत नंदलाल में क्रिसमस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया



**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घाटशिला स्थित संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर ने शनिवार को उत्साह पूर्ण सभा के साथ क्रिसमस की उत्सव भावना को अपनाया। इस मौके पर बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें कक्षा यूकेजी के बच्चों के द्वारा एक सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया एवं तृतीय से पाँचवीं तक बच्चों ने भी क्रिसमस से संबंधित एक नृत्य तथा स्कूल की छात्राओं ने एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया। कक्षा आठवीं ब के विशाल सिंह ने एक प्रेरक भाषण दिया। सांता क्लॉज ने बच्चों को टॉफियाँ वितरित की। इस मौके पर बच्चों ने ग्रीटिंग कार्ड व चित्रकला बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रशासिका शोभा गनेरीवाल ने सभी बच्चों को क्रिसमस की बधाइयाँ दीं एवं क्रिसमस पर्व के महत्व से अवगत कराया।

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का जगन्नाथपुर चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**जगन्नाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उड़ीसा जाने के दौरान जगन्नाथपुर पहुंचने पर चौक में भाजपा कार्यकर्ताओ ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का ग्रामजोशी के साथ स्वागत किया गया । इसका नेतृत्व जगन्नाथपुर के भाजपा नेता मंगल सिंह गिलुआ ने किया द्य भाजपा कार्यकर्ताओ ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को अतिरिक्त प्रभारी कृषि मंत्री बनाये जाने बधाई दिये और केंद्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया गया। स्वागत कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजीत कोड़ा, सारंडा मण्डल अध्यक्ष कैलाश दास, जगन्नाथपुर मण्डल पूर्व अध्यक्ष धीरज सिंह, बिष्णु गुप्ता, जीतू गुप्ता,भोतू नायक आदि मौजूद थे।

### आईएडीवीएल जमशेदपुर चैप्टर के चर्म रोग विशेषज्ञों का वार्षिक सम्मेलन, शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता

# चर्म रोग के नए उपचार पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आदित्यपुर में आईएडीवीएल के जमशेदपुर चैप्टर द्वारा चर्म रोग विशेषज्ञों का वार्षिक सम्मेलन आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता उपस्थित रहें। सम्मेलन में मुख्य केंद्र बिंदु के रूप में पीजीआई चंडीगढ़ के एचओडी डॉ संजीव हांडा, आईएडीवीएल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजीव शर्मा, डॉ देबजीत कर, दिल्ली से आए राष्ट्रीय वीपी डॉ विनय सिंह, डॉ पूजा पांडे समेत अन्य चिकित्सक रहें। उपस्थित चिकित्सको ने चर्म रोग के नए उपचार को लेकर कई प्रयोग पर चर्चा किया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट, वेनेरोलॉजिस्ट और लेप्रोलॉजिस्ट (आईएडीवीएल), जमशेदपुर झारखंड शाखा के दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन क्यूटिकॉन में त्वचा विज्ञान का विकास-नवाचार के लिए मौलिक विषय के तहत आयोजित किया गया। जो त्वचाविज्ञान की दुनिया में अभूतपूर्व अंतर्दृष्टि का वादा करता है। सम्मेलन का आयोजन आईएडीवीएल जमशेदपुर इकाई के द्वारा किया जा रहा है और इसका नेतृत्व आयोजन अध्यक्ष डॉ ए एन झा और आयोजन सचिव डॉ. राजीव ठाकुर ने किया। इस सम्मेलन में मुख्य रूप से भागीदारी डॉ आर कुमार रहे, डॉ पी के बारला, डॉ निशा मुंडा, डॉ बनश्री मजूमदार, डॉ एसथर निमिषा, डॉ एस एन सिंह, और डॉ पल्लवी , डॉ बिनोद कुमार और डॉ दीप अनुराग , डॉ किरण कुमरे, डॉ निकिता गुप्ता समेत देश एक कोने कोने से आए चिकित्सक मौजूद रहे।




## भाजपा के कुनीति के कारण लोकतंत्र खतरे में : आनन्द बिहारी दुबे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला कांग्रेस के आह्वान पर भाजपा सरकार के खिलाफ नुक्कड सभा कार्यक्रम का आयोजन टेल्को प्रखण्ड के जेम्को मण्डल के अन्तर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता टेल्को प्रखण्ड अध्यक्ष राजेश कुमार ने किया।मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के लोकतंत्र के खिलाफ किये गए आचरण के तहत संसद के दोनों सदनों से 146 सांसदों को निलंबित कर दिया। निलंबन की घटना लोकतंत्र को कमजोर करने वाली घटना है। अब इंडिया गठबंधन ने निर्णय ले लिया है कि हम सभी जनता के पहुँच कर लोकतंत्र के रक्षार्थ अगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारा जवाब दिया जाएगा। सभी वक्ता नेतागणों ने जनता से अपील किया कि अगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के साथ जुडें और लोकतंत्र को बचाने के अभियान में साथ दें। पहलवान बहन साक्षी को साथ दें, यही कहने आया हूं। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, रियाजुद्दीन खान, जसवीर सिंह जस्सी, मनोज सिंह, नरेंद्र कुमार, श्यामसुंदरपुर प्रसाद, एस पी सिंह, नीरज दुबे, बिट्टू शर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्तागण शामिल हुए। अंत में राष्ट्र गान जन गन मन गाकर कार्यक्रम समाप्त की गई।

## गोपाल मैदान में वार्षिक फ्लावर शो का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को गोपाल मैदान में 33वीं वार्षिक फ्लावर शो का उद्घाटन टाटा स्टील कॉरपोरेट सर्विसेज के वीपी चाणक्य चौधरी ने किया। 26 दिसंबर तक चलने वाले इस शो का आयोजन जमशेदपुर हॉर्टिकल्चरल सोसायटी और टाटा स्टील यूआईएसएल मिल कर कर रहा है. इस साल फ्लावर शो में देशभर के 33 नर्सरी भाग ले रही है.

## झारखंड मजदूर संघर्ष संघ ने आंदोलन की दी चेतावनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** झारखंड मजदूर संघर्ष संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार देर शाम को सेल के एग्जीक्यूटिव सेल कर्मियों के साथ रेलवे मार्केट स्थित अपने कार्यालय में बैठक की. बैठक की अध्यक्षता रामा पांडे ने की. इस दौरान झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे ने कहा कि गुवा में एएलसीएलईओ में शिकायत दर्ज कराई गई है कि रिटायर कर्मी को रिटायर होने से पूर्व उसके एक आश्रित को गुवा सेल में नौकरी दी जाए. रिटायर्ड कर्मियों को सेल प्रबंधन द्वारा आवास खाली करने का नोटिस दिया गया है इसे बंद किया जाए, सेवानिवृत सेल कर्मियों को 2.5 लाख रुपए लेकर आवास आवंटन की जाए, जैसा की सेल के अन्य सेक्टर में यह स्कीम लागू है. ठेका श्रमिकों से हाई स्किल्ड का कार्य कराया जाता है तो उसे हाई स्किल्ड का वेतन भुगतान की जाए. गुवा सेल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की बहाली की जाए. गुवा से नोवामुंडी कॉलेज आने जाने के लिए छात्र-छात्राओं के लिए बस की सुविधा दी जाए इत्यादि मांगे हैं. अगर सेल प्रबंधन इन मांगों पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं करती है तो बहुत ही जल्द आंदोलन की रूपरेखा आगामी 24 दिसंबर रविवार को बैठक कर तैयार करते हुए आंदोलन की जाएगी. इस दौरान मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे, उपाध्यक्ष राजेश यादव, किशोर सिंह, संजू गोच्छाईत,चंद्रिका खंडाईत, आरती होरो, संजय ठाकुर, उमेश नाग, मुरली करुवा, तरुण गोच्छाईत, सीमा पूर्ति सहित अन्य मौजूद थे.

# कुकडु प्रखण्ड में अंतिम दिन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 743 आवेदन हुए जमा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** कुकडु प्रखंड के अंतर्गत पारगामा पंचायत में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का कुकडु प्रखण्ड के अंतिम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुकडु प्रखण्ड के बीडीओ सह अंचल अधिकारी राकेश कुमार गोप के द्वारा किया गया। सरायकेला जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने जनता से सभी योजनाओं को लाभ लेने हेतु आग्रह किए। पारगामा पंचायत के मुखिया लालू माझी मुखिया ने सभी पंचायत वासियों को सरकार की इस कल्याणकारी कार्यक्रम में योजनाओं का लाभ के लिए आवेदन का अपील किया। इस दौरान कुल 2500 आवेदन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में कई चयनित लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण, सखी मंडल से जुड़े महिलाओं के बीच सीसीएल चेक वितरण, कंबल वितरण सहित दर्जनों लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख प्रतिमा वाला पातर, पंचायत समिति सदस्य बुधनी सिंह मुंडा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नबकिशोर हांसदा, इंद्रजीत महतो जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष, उपमुखिया चाइना महतो, कृत्तिबास महतो जेएमएम कार्यकर्ता के साथ में हजारों की संख्या में पंचायत के ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## राजनीति में हम कभी भी हिंसा को स्वीकार नहीं करते : हरेलाल महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** कुकडू प्रखंड के इंचाडीह में शनिवार को कालीपद कुमार, डॉ धनंजय कुमार, चितरंजन कुमार एवं लेटेमदा में राम प्रसाद महतो के प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। वहीं, मृतकों के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। इस अवसर पर हरेलाल महतो ने कहा कि राजनीतिक हिंसा के तहत 2009 के विधानसभा चुनाव में इन लोगों की हत्या कर दी गई थी। यह घटना ईचागढ़ विधानसभा के लिए काला दाग है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी ऐसे राजनीतिक हिंसा की निंदा करती हैं। इस अवसर पर कुकडू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो, सरत कुमार, दीना नाथ कुमार, विराष्पति महतो, राजू गोराई, योगेंद्र सिंह मुंडा,विष्णु महतो आदि मौजूद थे।

### दयावती मोदी पब्लिक स्कूल का वार्षिक खेलकूद दिवस संपन्न

## ब्रह्मपुत्र हाउस बना ओवरऑल चैंपियन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड के उमेश नगर स्थित दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेलकूद दिवस मनाया गया, जिसमें कक्षा चौथी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि चांडिल एसडीएम गिरिजा शंकर महतो, विजय कुमार मोदी निदेशक उमेश मोदी ग्रुप द्वारा फीता काटकर तथा बैलून रिलिज कर किया गया। विद्यालय के प्रचार्या शंपा बनर्जी व मुख्य अतिथि द्वारा भाषण दिए गए । उन्होंने अपने भाषण में बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए खेलकूद में अनुशासन बनाए रखने का संकल्प करवाया। भिन्न-भिन्न सदनों (ब्रह्मपुत्र, कावेरी, गंगा नर्मदा ) के छात्रो द्वारा परेड प्रस्तुत किए गए जिनका नेतृत्व विद्यालय के हेड बॉय सुमित कुमार व हेड गर्ल वंशिका भोतिका ने किया। इस अवसर पर चौथी से आठवीं कक्षा के विद्याथियों द्वारा रंगारंग ड्रील प्रस्तुत किए गए। रिले रेस ,100 मीटर रेस, बाधा दौड़एवं विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिताएं हुई। अभिभावको के लिए 100 मीटर की दौड व म्यूजिकल चेयर की प्रतियोगिता रही। अंत में ओवर ऑल ब्रह्मपुत्र सदन विजेता रह कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किए।

# मीनाक्षी माधुर्या आईकॉन ऑफ एशिया उपाधि से सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मोहीनी कॉम्पलेक्स, डिमना रोड (एजीस कॉल सेंटर के सामने) मानगो स्थित मिनाश डांस एवं फिट्नेस स्टुडियो की प्रोपराईटर सह संचालिका मीनाक्षी माधुर्या को राष्ट्रीय स्तर पर ग्लोबल एम्पायर एण्ड बिजनेशन टीवी द्वारा आयोजित आईकॉन ऑफ एशिया की उपाधि से नवाजा गया। उक्त आईकॉन ऑफ एशिया की उपाधी फिटनेश कैटेग्री के विनर के रूप में दिया गया। जानकारी देते हुए श्रीमती माधुर्या ने कहा कि उक्त उपाधी के लिए 3 चरणों में ऑनलाईन परीक्षाओं में सफल होना अनिवार्य था तत्पश्चात् जुरी मेम्बरों ने 2 प्रतिभागियों का चयन किया जिसमें मुझे विनर घोषित किया गया। ज्ञात रहे कि मिनाक्षी माधुर्या को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर फिटनेश के क्षेत्र में अनेक अवार्ड जीत चुकीं हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने पति, अपने पिता जो कि उनका रोल मॉडल हैं, अपने ससुर चंदर प्रसाद सिंह, सास नीलिमा सिंह, बच्चों एवं विद्यार्थियों को दिया। उन्होंने बताया फिटनेश स्टुडियो में कई सर्विसेस जैसे लेडिज फिटनेस क्लास, लेडिस डांस क्लास, किड्स फिटनेस एवं डांस की क्लासेस ली जाती है।

# नीलाचल कर्मी की मौत के बाद परिजनों ने कंपनी गेट जाम कर किया प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा के रघुनाथपुर स्थित नीलाचल कंपनी में काम के दौरान अचानक तबियत खराब होने के बाद गणेश मंडल नामक कामगार की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार की रात्रि पाली में गणेश मंडल ड्यूटी में था। तबीयत अधिक खराब होने के कारण वह शनिवार की सुबह ड्यूटी से कंपनी के बस से निकल गया। उसके बाद परिजन द्वारा उन्हें टेम्पो से इलाज हेतु मेडिट्रीना अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। मौत के बाद उनके शव को लेकर परिजनों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कंपनी गेट को जाम कर दिया। इस दौरान झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अमृत महतो, छोटा गम्हरिया ग्राम प्रधान लकडू महतो, समाजसेवी राम महतो, दत्तो मंडल आदि भी वहां पहुंचे और कंपनी प्रबंधन से मृतक के परिजन को 25 लाख रुपए मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की गई। वहीं कंपनी के महाप्रबंधक गंगाधर वाजपेई ने बताया कि गणेश मंडल की तबीयत पहले से ही खराब थी। उनकी बीपी उच्च था जिस कारण डॉक्टर ने उन्हें दवाई भी खाने को कहा था। उन्होंने बताया कि गणेश मंडल के इलाज के लिए कंपनी की ओर से दो लाख रुपए भी दिए गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही कांड्रा थाना प्रभारी पास्कल टोप्पो और गम्हरिया थाना प्रभारी आलोक दूबे भी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाया गया।

## चार समाजिक कार्यकर्ताओं को दी गई श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के ईचाडीह गांव में शनिवार को विभिन्न राजनीतिक, समाजिक संगठनों ने चार समाजिक कार्यकर्ताओं के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान एक मिनट का मौन रखा गया। मालूम हो कि 2009 को आज ही के दिन विधानसभा चुनाव का मत गिनती से जेवीएम से जीत दर्ज कर विधायक अरविंद कुमार सिंह के समर्थक चित्तरंजन कुमार, कालीपद महतो, कालीपद कुमार, डाक्टर धनंजय कुमार का असमाजिक तत्वों द्वारा निर्मम हत्या कर दिया दिया गया था। मौके पर जिप उपाध्यक्ष अशोक साव, आदि थे।

# विपक्षी खेमे में प्रधानमंत्री पद को लेकर रार-तकरार

काफी जद्दोजहद के बाद विपक्ष ने इंडिया गठबंधन बनाया। इस गठबंधन का एक ही प्लान है। केंद्र की सत्ता से पीएम मोदी को हटाना। इसी एकसूत्री कार्यक्रम के तहत यह गठबंधन कछुआ की चाल से आगे बढ़ रहा है। अभी तक इस गठबंधन ने चार बैठकें कर ली है। अभी हाल में दिल्ली में इस गठबंधन की बैठक हुई। बैठक में पीएम पद को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। इस प्रस्ताव को आते ही कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि सबसे पहले चुनाव जीतना अहम है। बाकी चीजों पर बाद में फैसला किया जा सकता है। इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका। गठबंधन के प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने के प्रस्ताव के बाद खरगे ने कहा मैं वंचितों के लिए काम करता हूं। पहले जीतें, फिर देखेंगे। मैं कुछ भी नहीं चाहता हूं। 28 दलों की इस बैठक में आगामी आम चुनावों के मद्देनजर रणनीति को लेकर भी चर्चा हुई। यह तय हुआ कि देशभर में 8 से 10 जनसभाएं होंगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इंडिया गठबंधन को कैसे आगे बढ़ना चाहिए। इस बैठक को खत्म हुए चार दिन भी नहीं बीते कि इनके बीच आपसी रार व टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सबसे बड़ा सवाल है कि पीएम कौन बनेगा? इसके जवाब में कई बार जेडीयू अपने नेता नीतीश कुमार का नाम ले चुकी है। अब जदयू विधायक गोपाल मंडल ने नीतीश कुमार को पीएम पद का सही उम्मीदवार बताया है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेताओं को दरकिनार करते हुए कहा कि नीतीश कुमार का नाम और चेहरा निर्विवादित है। इसीलिए उन्हें ही प्रधानमंत्री चुनना चाहिए। गोपाल मंडल ने कहा कि खड़गे को कोई नहीं जानता है। उन्होंने नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद का सही उम्मीदवार बताया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार निर्विवादित नेता हैं। इसीलिए उन्हें ही प्रधानमंत्री चुनना चाहिए। कांग्रेस का कोई वजन नहीं है। कांग्रेस के कारण ही भाजपा सत्ता में आई है। कांग्रेस जो धंधा करते हुए आई है वही करेगी। दिल्ली बैठक में भी ममता बनर्जी द्वारा प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम लिए जाने पर लालू यादव और नीतीश कुमार ने असहमति जताई थी। इसके बाद ये दोनों नेता गठबंधन की बैठक से जल्दी चले गए और बाद की प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल भी नहीं हुए। बता दें कि इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक से पहले नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के कई विधायकों के साथ ही राजद नेताओं ने सार्वजनिक रूप से मांग की थी कि बिहार के मुख्यमंत्री को 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए विपक्षी गठबंधन के प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया जाए।गौरतलब है कि इससे पहले लालू यादव ने भी बिहार के सीएम के प्रति समर्थन जताते हुए कहा था कि नीतीश कुमार के सामने कोई चुनौती नहीं है। राजनीतिक पंडितों का मानना ??है कि राजद नीतीश कुमार को राष्ट्रीय राजनीति में स्थापित करने का प्रयास कर रही है। ताकि बिहार में तेजस्वी यादव का रास्ता साफ हो सके और वह राज्य के मुख्यमंत्री बन सकें। इस बीच इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद भी प्रधानमंत्री उम्मीदवार के नाम पर आम सहमति नहीं बना सका है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार पर कोई भी फैसला चुनाव के बाद किया जाएगा। गौरतलब है कि जब से विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन बना है, तब से इस घटक दल में शामिल पार्टी और उसके नेता कोई न कोई बयान देकर हलचल पैदा कर देते हैं। अभी हाल में आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के लोगों से 13 में से 13 लोकसभा सीटें मांगी है। सीएम केजरीवाल के इस बयान के बाद पंजाब में सीट शेयरिंग कैसे होगी, इस पर सवाल है। ऐसे में अंदेशा है कि पंजाब में सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में टकराव बढ़ सकता है। इंडिया गठबंधन में शामिल तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी का कांग्रेस के प्रति शुरू से ही तिरछी नजर है। इसका मुख्य कारण यह है कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और तृणमूल आमने सामने हैं। साथ ही यहां लेफ्ट पार्टी भी ममता के लिए सर दर्द है। इंडिया गठबंधन की एक बैठक में ममता काफी नाराज हो गई थी। वह गठबंधन की मीटिंग में लेफ्ट नेताओं को मिल रही तरजीह से नाखुश थी। मुंबई की मीटिंग में जब लेफ्ट के एक नेता अपनी बात रख रहे थे,तभी उन्होंने सवाल उठा दिया कि उन्हें बाकी नेताओं के मुकाबले अधिक बोलने क्यों दिया जा रहा है ? उनका सवाल था कि लेफ्ट इंडिया गठबंधन को कहां और कैसे योगदान दे रहा है ? ममता के करीबियों का मानना है कि वह इस गठबंधन में लेफ्ट के लिए बहुत स्पेस नहीं देखती हैं। उनका तर्क है कि लेफ्ट बस केरल में ताकत है। इस गठबंधन में पेच मुख्य रूप से सीट शेयरिंग को लेकर फसने वाला है। पीएम फेस को लेकर रार-तकरार तो जारी है ही।

## संसद भवन कोई इमारत मात्र नहीं बल्कि करोड़ों देशवासियों की उम्मीदों और आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला पवित्र स्थल भी है

# उपराष्ट्रपति की मिमिक्री और संसद की तुलना कोरियाई सदन से कर विपक्ष ने भारतीयों का दिल दुखाया

नीरज कुमार दुबे

> संसद से हर भारतीय गहरा भावनात्मक लगाव रखता है लेकिन जिस तरह से संसद के कुछ सदस्य ही संसद की मर्यादा और सम्मान को ठेस पहुँचा रहे हैं वह सचमुच आहत करने वाला है। देखा जाये तो विपक्ष के बड़े नेता विदेशी धरती पर जाकर तो भारतीय लोकतंत्र का मजाक उड़ाते ही हैं अब उन्होंने देश में भी संसदीय लोकतंत्र का उपहास उड़ाना शुरू कर दिया है। हम आपको बता दें कि अमर्यादित आचरण के चलते सदन से निलंबित किये गये विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को संसद को ''संविधान की कब्रगाह'' बताते हुए इसकी तुलना उत्तर कोरियाई सदन से कर हर भारतीय का दिल दुखाया है।

भारत की संसद लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है और हमारे देश के सम्मान और स्वाभिमान की प्रतीक भी है। संसद भवन कोई इमारत मात्र नहीं बल्कि करोड़ों देशवासियों की उम्मीदों और आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला पवित्र स्थल भी है। संसद से हर भारतीय गहरा भावनात्मक लगाव रखता है लेकिन जिस तरह से संसद के कुछ सदस्य ही संसद की मर्यादा और सम्मान को ठेस पहुँचा रहे हैं वह सचमुच आहत करने वाला है। देखा जाये तो विपक्ष के बड़े नेता विदेशी धरती पर जाकर तो भारतीय लोकतंत्र का मजाक उड़ाते ही हैं अब उन्होंने देश में भी संसदीय लोकतंत्र का उपहास उड़ाना शुरू कर दिया है। हम आपको बता दें कि अमर्यादित आचरण के चलते सदन से निलंबित किये गये विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को संसद को ''संविधान की कब्रगाह'' बताते हुए इसकी तुलना उत्तर कोरियाई सदन से कर हर भारतीय का दिल दुखाया है। शिरोमणि अकाली दल की नेता और सांसद हरसिमरत कौर बादल को संसद संविधान की कब्रगाह नजर आई तो दूसरी ओर तमाम तरह के आर्थिक अपराधों के आरोपों से घिरे कांग्रेस नेता और सांसद कार्ति चिदंबरम ने दावा कर दिया है कि संसद जल्द ही उत्तर कोरियाई सदन की तरह हो जाएगी। कार्ति चिदंबरम ने कहा है कि हम उत्तर कोरियाई सदन की तरह बनने वाले हैं और केवल एक चीज की कमी है कि जब प्रधानमंत्री सदन के अंदर आएं तो सब साथ मिलकर तालियां बजाएं। कार्ति चिदंबरम ने कहा कि यह एक सांकेतिक सदन बनने वाला है। बात सिर्फ लोकतंत्र के अपमान की भी नहीं है। संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की जिस तरह मिमिक्री कर उनका अपमान करने की होड़ चल पड़ी है और हमारे संवैधानिक संस्थानों पर राजनीतिक हमले किये जाने का जो सिलसिला चला है वह एक तरह से भारत की छवि पर हमला है। कभी प्रधानमंत्री के



लिए तानाशाह, हिटलर, नीच या कोई अन्य अपमानजनक शब्द उपयोग किया जाता है तो कभी देश की राष्ट्रपति का अपमान कर दिया जाता है। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जिस तरह अपमान किया गया उसने सार्वजनिक जीवन में मर्यादा की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। यहां यह भी ध्यान रखने योग्य बात है कि राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मू हों, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हों या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों...यह सभी साधारण और गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। इन सभी को राजनीति विरासत में नहीं मिली बल्कि यह जीवन में अभाव और संघर्षों पर विजय हासिल करते हुए यहां तक पहुँचे हैं लेकिन लगता है कि दिल्ली पर दशकों तक राज करने वाले राज परिवार के लोगों को यह सब भा नहीं रहा इसलिए सुनियोजित तरीके से शीर्ष पदों पर बैठे लोगों पर हमले किये और करवाये जा रहे हैं। विपक्ष ने ऐसा ही रवैया न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थानों के प्रति भी अपनाया हुआ है। कोई फैसला अपने मन मुताबिक नहीं आये तो न्यायपालिका पर सवाल उठा देना, चुनाव हार गये तो ईवीएम पर सवाल उठा देना, नोटिस मिल जाये तो आयकर विभाग या ईडी पर सवाल उठा देना और पूछताछ के लिए बुला लिया जाये तो सीबीआई पर राजनीतिक हमला कर देना अब विपक्षी नेताओं की आदत में शुमार हो चुका है। लेकिन यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ये जो पब्लिक है ये सब जानती है और जनता की अदालत हर चुनाव में त्वरित न्याय करती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने उपराष्ट्रपति से सहानुभूति जताते हुए जो कुछ कहा है वह मात्र उनके समर्थन में खड़ा होना नहीं है बल्कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के शब्दों से उनके मन की पीड़ा और चिंता की भी झलक मिलती है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि संसद परिसर में उपराष्ट्रपति को जिस तरह अपमानित किया गया, उससे वह बेहद व्यथित हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधि अपने विचार रखने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन उनकी अभिव्यक्ति शालीन तथा मर्यादा के दायरे में होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि हमारी संसदीय परंपराएं हैं जिन पर हमें गर्व है और हम उन्हें बरकरार रखने की आशा करते हैं। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को फोन कर संसद परिसर में कुछ सांसदों की ओर से 'अशोभनीय आचरण' करते हुए उनका मजाक उड़ाए जाने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इस बारे में उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किए गए एक पोस्ट में धनखड़ ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का फोन आया और उन्होंने कल संसद के पवित्र परिसर में कुछ माननीय सांसदों द्वारा प्रदर्शित की गयी अपमानजनक नाटकीयता पर अत्यंत दुख व्यक्त किया।'' पोस्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने धनखड़ से कहा कि वह स्वयं पिछले 20 वर्षों से इस तरह का अपमान सहते आ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''लेकिन देश के उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद के साथ और वह भी संसद में... ऐसा होना दुर्भाग्यपूर्ण है।'' धनखड़ ने प्रधानमंत्री से कहा कि कुछ लोगों की 'बेतुकी हरकतें' उन्हें अपना कर्तव्य निभाने और संविधान में निहित सिद्धांतों का सम्मान करने से नहीं रोक सकती हैं। उन्होंने कहा, ''मैं संवैधानिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध हूं और इस प्रकार के अपमान मुझे अपने मार्ग से विचलित नहीं कर सकते।'' इसके अलावा, राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने मंगलवार को यह भी कहा था कि यह एक किसान और एक समुदाय का अपमान मात्र नहीं है, यह राज्यसभा के सभापति के पद का निरादर है। धनखड़ ने राज्यसभा में अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा था कि वह व्यक्तिगत रूप से आहत हैं क्योंकि उनकी किसान और जाट पृष्ठभूमि को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा था, ''कल्पना कीजिए कि मेरे दिल पर क्या गुजर रही होगी जब आपके वरिष्ठ नेता ने एक संसद सदस्य द्वारा सभापति का मजाक उड़ाए जाने की वीडियोग्राफी की।'' बहरहाल, उपराष्ट्रपति के समर्थन में जाट नेताओं की ओर से जिस तरह प्रदर्शन किया जा रहा है उससे यह मुद्दा अब बड़ा राजनीतिक तूल पकड़ता हुआ भी नजर आ रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में जाटों की बड़ी आबादी निवास करती है। यदि प्रदर्शन इसी तरह बढ़ते रहे तो कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को सियासी नुकसान होना तय है।

दृष्टि कोण

# आर्थिकी में जर्मनी से आगे निकलने की तैयारी

तीस नवंबर 2023 को भारत सरकार के सांख्यिकी विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही, जुलाई से सितम्बर के दौरान भारत की जीडीपी 7.6 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढ़ी, जो 2022-23 की दूसरी छमाही की संवृद्धि दर 6.2 प्रतिशत से कहीं ज्यादा रही। गौरतलब है कि इस तिमाही में भारत की चालू कीमतों पर जीडीपी 71.66 लाख करोड़ रही, जिसका मतलब यह है कि भारत की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय इस तिमाही में 2.01 लाख रुपए तक पहुंच चुकी है। सितंबर माह में डॉलर की औसत बाजार कीमत 82.5 रुपए प्रति डालर के हिसाब से आज भारत की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 2436 डॉलर प्रतिवर्ष है। यदि जीडीपी की अर्ध-वार्षिक ग्रोथ के आंकड़े देखें तो 2023-24 मार्च से सितंबर की जीडीपी 2022-23 के वर्ष के पूर्वार्ध की तुलना में ग्रोथ 7.7 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई। यदि जीडीपी ग्रोथ की यह रफ्तार जारी रहती है तो जनसंख्या की अनुमानित वृद्धि के साथ सितंबर 2030 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय 3600 अमरीकी डॉलर प्रति वर्ष पहुंच



सकती है। गौरतलब है कि वर्ष 2014 में यह मात्र 1500 अमरीकी डॉलर प्रति वर्ष ही थी। भारत में जीडीपी की संवृद्धि में हालांकि सभी क्षेत्रों का योगदान रहा है, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि इस तिमाही की मूल्य संवृद्धि में ग्रोथ का सबसे बड़ा हिस्सा मैन्युफैक्चरिंग का रहा है, यानी 13.9 प्रतिशत। ग्रोथ की दृष्टि से दूसरा सबसे बड़ा ग्रोथ का क्षेत्र कंस्ट्रक्शन का रहा है, जहां 13.3 प्रतिशत की दर से संवृद्धि देखी गई है। तीसरा क्षेत्र बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवा का है, जहां 10.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की गई है। उसके बाद खनन है, जहां 10 प्रतिशत की दर से संवृद्धि दर्ज की गई। देखा जाए तो सेवा क्षेत्र में ग्रोथ बहुत उल्लेखनीय नहीं है। चिंता का विषय यह है कि इस तिमाही में कृषि क्षेत्र में भी ग्रोथ बहुत कम 1.2 प्रतिशत दर्ज की गई है। लेकिन यह किसी मौलिक दोष के कारण नहीं, बल्कि मानसून की कमी के कारण है। मैन्युफैक्चरिंग में ग्रोथ भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत की नीति की सफलता की ओर इंगित करती है। बड़ी संख्या में नई उत्पादन इकाइयां हर क्षेत्र में लग रही हैं। इनमें इलैक्ट्रॉनिक, टेलीकॉम, मशीनरी, सोलर, प्रतिरक्षा, कैमिकल, खिलौने, वस्त्र सहित विभिन्न प्रकार के उत्पाद शामिल हैं। भारत सरकार की उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन की नीति के कारण अब जल्द ही लैपटॉप, सेमीकंडक्टर इत्यादि का उत्पादन भी शुरू हो सकता है। यदि कुछ खास संकेतकों को देखा जाए तो कोयला, स्टील, सीमेंट, खनन, बिजली उत्पादन इत्यादि में भी खासी संवृद्धि दर दिखाई दे रही है। कोयले के उत्पादन में 16.3 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई है, तो सीमेंट उत्पादन में 10.2 प्रतिशत वृद्धि हुई है। स्टील उत्पादन में 19.5 प्रतिशत वृद्धि दिखाई दे रही है। खनन में भी 11.5 प्रतिशत संवृद्धि एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की भी संख्या बढ़ी है और रेलवे के भी यात्रियों के आंकड़े बेहतर संख्या बता रहे हैं। हवाई यात्रियों की संख्या में 22.7 प्रतिशत वृद्धि हुई है। बैंकों में जमा भी 11.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जबकि बैंकों द्वारा दिए गए ऋणों में 13 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज हुई है। ये सभी आंकड़े देश में बेहतर होते आर्थिक वातावरण की ओर इंगित कर रहे हैं। समझना होगा कि मैन्युफैक्चरिंग की ग्रोथ का सीधा असर रोजगार पर पड़ता है। मैन्युफैक्चरिंग में रोजगार की संभावनाएं सेवा क्षेत्र से कहीं ज्यादा होती हैं। भारत में जहां आर्थिक संवृद्धि की दर 7.6 प्रतिशत है, चीन में यह मात्र 4.9 प्रतिशत दर्ज की गई है, रूस में 5.5 प्रतिशत और संयुक्त राज्य अमरीका में यह 5.2 प्रतिशत। गौरतलब है कि जर्मनी जो इस समय जीडीपी की दृष्टि से भारत से एक स्थान ऊपर है, वहां जीडीपी में 0.4 प्रतिशत की दर से गिरावट दर्ज की जा रही है। ऐसे में भारत की पिछले 6 महीने की जीडीपी 142.33 लाख करोड़ रुपए यानी 1.736 खरब डॉलर है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## उरीमारी में युसीडब्लूयू का क्षेत्रीय सम्मेलन सम्पन्न

# अहंकारी हैं केन्द्र की मोदी सरकार : रमेन्द्र कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : उरीमारी स्थित युनाईटेड कोल वर्कस युनियन कार्यालय में शनिवार को 12वा क्षेत्रीय सम्मेलन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार व विशिष्ट अतिथि लखनलाल महतो व अशोक यादव थे। सम्मेलन का अध्यक्ष मंडली कन्हैया सिंह,लखेन्द्र राय, सदानंद सिंह ने की व संचालन बिनोद मिश्रा ने किया। सम्मेलन के दौरान 51 सदस्य क्षेत्रीय कमिटी का गठन किया गया। जिससे अध्यक्ष कन्हैया सिंह सचिव विन्ध्याचल बेदिया, कार्यकारी अध्यक्ष विकास कुमार, कोषाध्यक्ष जेपीएन सिन्हा, उपाध्यक्ष लखेन्द्र राय, महादेव मांझी, सुभाष यादव, सुदेश प्रसाद, ओमप्रकाश सिंह, सहायक सचिव सुशील सिन्हा, नरेश मंडल, सदानंद



प्रसाद सिंह,ललित नारायण राय, वरूण कुमार, कार्यकारणी सदस्य संतोष कुमार,अशोक राम, अनुप कुमार,भोला प्रसाद, सुरेश प्रसाद मेहता, एनपी सिंह, राजीव सिन्हा, अरविंद कुमार, उपेन्द्र राम, कमलेश यादव, दशरथ उरांव, बिरेन्द्र पासवान, राजू खत्री, रविन्द्र बैठा, नंदकिशोर करमाली,पुजा देवी चूनी गई। पांच साल के उपरांत क्षेत्रीय सम्मेलन किया गया है इसके आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। वहीं सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का फुल माला पहना कर रमेन्द्र कुमार ने स्वागत किया। मौके पर मुख्य अतिथि रमेन्द्र कुमार ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अंहकारी है जितने भी उसने वादे किए उसे पुरा नही किया। पांच राज्यों में हुए चुनाव को अपनी पार्टी की जीत बता रहे हैं। अभी आने वाले 2024 लोक सभा चुनाव बाकी है जनता अपना फैसला वोट देकर सुनाएगी। लेकिन मोदी ने पहले ही अपना फैसला सुना दिया है। विशिष्ट अतिथि लखनलाल महतो ने कहा कि आने वाला समय 2024 में यूनियन की स्थिति ठीक नहीं रहेगी। देश की सम्पत्ति को केंद्र सरकार बेच रही है वहीं क्षेत्रीय सचिव विन्ध्याचल बेदिया ने कहा कि मजदूरों के हक अधिकार के लिए निरंतर संघर्ष करते हुए आंदोलन किया है और आगे भी करते रहेंगे हमारी ताकत हमारे मजदूर भाई है। इस दौरान मौके पर बाहर से आए अतिथियों का स्वागत किया गया। वहीं मौके पर राजेन्द्र साव, डिपी मेहता, विजय करमाली, अनुज कुमार, संतोष कुमार, एस एन जाफरी, धीरज पासी, विजय कुमार, घनश्याम महतो, सुभाष यादव, गोपाल बेदिया, ज्योति मोहन वर्मा, रवि शंकर, प्रभु मांझी, प्रसुन्न कुमार बुंदेल, हबीब अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

## सीसीएल मुख्यालय डीटीओ ने सिरका खुली खदान, न्यू कोयला स्टॉक का किया निरीक्षण

# स्थानीय प्रबंधन को जरूरी संसाधन कराए जाएंगे उपलब्ध : रामबाबू



प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : सीसीएल मुख्यालय रांची से शनिवार को डीटीओ रामबाबू प्रसाद सिरका खुली खदान, न्यू कोयला स्टॉक, कोयला फेस, फायर जोन का निरीक्षण किया। अवसर पर डीटीओ रामबाबू ने स्थानीय अरगड्डा सिरका प्रबंधन को कोयला उत्पादन सुरक्षा के साथ करने, खदान में भरे पानी को बाहर निकालने, उत्पादन के लिए हर तरह के संसाधनों की मदद करने, कंपनी नियमानुसार खदान को आगे बढ़ाने आदि निर्देश दिए। कंपनी द्वारा निर्धारित कोयला उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करने में जोर लगाने की बातें भी कही गई। मौके पर जीएम अरगड्डा सुधांशु कुमार पांडे, जीएम पीएंडपी राजीव कुमार सिंह, पीओ सिरका श्रीकांत शर्मा, एसओएम सिरका राकेश कुमार, एसओ माईनिंग डीके सिंह, अमरेंद्र कुमार, एसओ सिविल गौरव तिवारी, एसएन तिवारी, एसओ ईएंडएम संजीव झा, एसओ एक्सकैवेशन संजय कुमार, रवि कुमार, विनय खलको, प्रशांत बेल्थरिया, धनंजय सिंह, सुरक्षा सिरका इंस्पेक्टर राजू राम हवलदार गंगा राम आदि उपस्थित थे।

# हजारो बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाए : समसूद



प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : अरगड्डा बैगामोड़ में लोकल सेल सिरका से जुड़ी अहम बैठक रखी गई। अवसर पर कांग्रेस के जिला रामगढ़ महासचिव ससमूद खान उपस्थित थे। अवसर पर युवा नेता समसूद खान ने कहां कि सिरका लोकल सेल में बीते समय के बकाया मजदूरों का पैसा एक करोड़ का हिसाब लोकल सेल समिति जाहिर करें। मजदूरों का बकाया पैसा वापस करें, कांग्रेस पार्टी को भागीदारी देने, बेरोजगारों को रोजगार देने, सभी निष्क्रिय दंगल को रद्द करने की मांग किया। साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। मौके पर दीपक कुमार, अमर मुंडा, हसन अंसारी, समीर डे, राहुल सिंह, मोहम्मद शाहिद, असगर अंसारी, इमरान अंसारी, पिंटू अंसारी, विनोद टोपनो, कृष्णा पासवान, रंजीत कुमार, शेखर कुमार, संतोष बेदिया समेत कई युवा उपस्थित थे।


# भाकपा माले ने बुमरी में स्मृति दिवस पर विनोद मिश्रा को दिया श्रद्धांजलि

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): भाकपा माले सदस्यों के द्वारा बुमरी के ठाकुर गांव में शनिवार को स्मृति दिवस के अवसर पर कामरेड विनोद मिश्रा की 25वीं स्मृति दिवस मनाया। अवसर पर सभी ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। साथ ही पार्टी के संकल्प पाठ को पढ़ते हुए नए सदस्यों की भर्ती और प्रचार प्रसार पर जोर दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से भाकपा माले जिला सचिव भुवनेश्वर बेदिया, नेतृत्वकर्ता लालचंद बेदिया समेत कई उपस्थित थे।



# रामगढ़ औलिया मस्जिद मनुवा से हुआ ऐलान शादियों में अब नहीं बजेंगे बैंड बाजे और डीजे

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ महगी होती शादी और शादी के नाम पर बैंड बाजे और डीजे का इस्तेमाल कर डांस हंगामा जैसा अब मुस्लिम भाइयों की शादी में शायद ही दिखे क्योंकि इसे लेकर शुक्रवार को जिला रामगढ़ के मनुवा औलिया मस्जिद से ऐलान किया गया है कि समाज के लोग अपने बच्चों की शादियों में बैंड बाजे और डीजे के इस्तेमाल से तौबा कर लें मुस्लिम धर्म गुरुओं की ओर से जुम्मे की नमाज के बाद यह ऐलान किया गया अगर कोई शादी मैं इसे लेकर आए तो इस नाफरमानी पर उनके यहां निकाह नहीं पढ़ाया जाएगा समाज में फैल रही बुराइयों को खत्म करने का उद्देश्य लेकर इदारे शरीया के अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद हबीब आलम रजवी ने कहा कि इस तरह का निर्णय लेने के पीछे समाज में फैल रही बुराइयों को खत्म करना है उन्होंने कहा कि समाज में बहुत तेजी से बैंड बाजे दहेज प्रथा डीजे का प्रयोग बढ़ रहा है इसके साथ कुछ खराबियां भी आ गई है इसे देखते हुए इन पर प्रतिबंध लगाया गया है और इसे शक्ति से पालन कराया जाएगा । इसकी जानकारी प्रवक्ता जिला इदारे शरिया रामगढ़ कारी मुश्ताक महशर ने दी और अंजुमन फैजाने इस्लाम को बहुत-बहुत मुबारकबादी पेश किया । इस मौके पर अंजुमन के सर परस्त मोहम्मद इस्लाम सदर अब्दुल रशीद सचिव रफीक अंसारी कारी शमीम मोहम्मद शमीम मोहम्मद जावेद कारी नसीम अख्तर कारी गुलाम हैदर इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।



# अरगड्डा में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की बैठक आयोजित

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): अरगड्डा जीएम ऑफिस महाप्रबंधक चौक पर शनिवार को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ(एजेकेएसएस) क्षेत्रीय कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रेमचंद शर्मा व संचालन सत्येंद्र कुमार ने किया। अवसर पर मुख्य रूप से आजसू के केंद्रीय महासचिव तिवारी महतो उपस्थित थे। बैठक में सभी शाखा में पदोन्नति, यूनियन को मिलजुल कर आगे बढ़ाने, गिददी वाशरी में कामगारों का प्रमोशन नहीं होने, मजदूरों के बीच रहकर कार्य करने, सदस्यता बढ़ाने, यूनियन में आने जाने की प्रक्रिया से फर्क नहीं पड़ने, कामगारों के 11 दिनों के वेतन भुगतान जल्द करवाने आदि बातें रखी गई। साथ ही तिवारी महतो को आजसू का महासचिव बनाये जाने पर उन्हें सम्मानीत भी किया गया। मौके पर इंद्रजीत प्रसाद, राजा पाल, घणाराम महतो, मुकेश महतो, इंद्र सिंह, राजीव कुमार, डी. सिंह, देव कुमार बेदिया, शांता कुमार, सत्येंद्र कुमार, बिरजू साव, धर्मेंद्र कुमार सिंह, राहुल कुमार, चरण कुमार, हरेंद्र कुमार समेत कई सदस्य उपस्थित थे।



## संक्षिप्त खबरें

### वन विभाग के टिम ने नीलगाय का शव जब्त किया

**बारियातू :** थाना क्षेत्र के नवनिर्मित शहादेव ब्रदर्स पिट्रोल पंप के समिप एन एच 22 के किनारे से शनीवार को अहले सुबह वन विभाग के टीम ने एक नील गाय का शव को जप्त किया है। इस संबंध में वन रक्षी संतोष उरांव ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा शनिवार अहले सुबह सुचना मीली के रांची- चतरा मुख्य सड़क एन एच 22 स्थित नवनिर्मित शहादेव ब्रदर्स पिट्रोल पंप के समिप एक नील गाय का शव पड़ा है. सुचना पाकर फोरेस्ट संतोष उरांव, पश्चिम वन रक्षी मंगल सिंह, बालूमाथ क्षेत्र के विश्वनाथ पाण्डेय घटना स्थल पर पहुंचे और आस पास के ग्रामीणों से पुछ ताछ किया गया. इसके पश्चात गाय के शव को विभाग के वाहन से पोस्टमार्टम के लिए चेटुआग जंगल ले जाया गया. जहाँ पशु चिकित्सा पदाधिकारी शीशीला वागे ने अपने विभाग के कर्मीयो के साथ पोस्टमार्टम कर शव को दफन कर दिया गया। मौके पर बीस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, कांग्रेस युवा नेता लाल आशीष नाथ शहादेव, जेएमएम प्रखण्ड उपाध्यक्ष सुरेश गंझु, विश्वनाथ गंझु सहित कई लोग मौजूद रहे।

### डीएसओ व एमो ने किया पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत मुख्यालय में दो बरियातू में एक पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत शनिवार को किया। जहां इस दौरान बरियातू में धनेश्वरी पीडीएस दुकान के निरीक्षण के क्रम में जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि मात्र 14 प्रतिशत अनाज का वितरण कार्ड धारीयों के बीच किया गया है।गोदाम में अनाज भी नहीं पाया गया। जिसे ले जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी ने तीन दिनों के अंदर 100 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण करने का निर्देश दिया है।और दुकानदार को फटकार लगाई है।साथी ही गिद्धौर में दो पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि गिद्धौर में सामान्य रूप से ठीक-ठाक पाया गया है।

## बालूमाथ में भाजपाईयों ने झारखंड भाजपा नेता अमर कुमार बाउरी का किया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा विधायक दल के नेता माननीय अमर कुमार बावरी का पलामू दौरा जाने के क्रम में भाजपाईयों ने माला एवम अंग वस्त्र पहना कर भव्य स्वागत किया। अमर बावरी चंदवा होते हुए बालूमाथ के रास्ते पाकी पलामू जाने के कार्यक्रम के तहत बालूमाथ आये हुए थे। जहां अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार की नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओ के द्वारा माला एवम अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सह मनिका के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह जिला महामंत्री बंशी यादव एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साव पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरविंद भगत एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार मंडल महामंत्री विजय यादव भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता रंजीत गुप्ता ओबीसी मंत्री श्रावण यादव एससी मोर्चा जिला महामंत्री पिंटू रजक ओबीसी महामंत्री शिवनारायण साव एससी मोर्चा नरेंद्र रजक एससी मोर्चा मंडल महामंत्री मोनू पासवान किसान मोर्चा मंडल महामंत्री विजय प्रसाद बालू बूथ अध्यक्ष विजय ठाकुर भाजपा नेता शैलेश सिंह ओबीसी पूर्व महामंत्री देवनंदन प्रसाद किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष महावीर तुरी मंडल कार्यसमिति राजेंद्र साव, मंडल मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दुर्गासोरेन सेना के जिला कमिटी की बैठक किसान भवन में की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के किसान भवन में दुर्गा सोरेन सेना के जिला कमेटी की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता चतरा जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझु एवं संचालन जिला महासचिव संतोष नायक ने किया । बैठक में जिले के सभी प्रखंडों में संगठन को मजबूत करना सरकार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में लिए गए आवेदनों उपरांत अबुआ आवास योजना में जो भ्रष्टाचार की शिकायत मिल रही है उसे पर दुर्गा सोरेन सेना जिला कमेटी की नजर है और कतई बर्दास्त नहीं करेगी।सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने का काम यहां के पदाधिकारी करें ।खाद्यान्न वितरण में हो रहे भ्रष्टाचार पर भी चर्चा की गई। चतरा एवं सिमरिया विधानसभा तथा वर्तमान लोकसभा चुनाव 2024 पर भी चर्चा की गई प्रत्याशी उतारना है या समर्थन करना है इस पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। वहीं पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सभी प्रखंडों में जाकर सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार भी करना सुनिश्चित किया गया। झारखण्ड अलग आंदोलन में शामिल आंदोलनकारियों को चिन्हित कर अविलंब पेंशन एवं आवास सुविधा दिया जाने पर विचार विमर्स किया गया। केंद्रीय प्रवक्ता राजकिशोर कमल और पिंकू ने कहा कि सरकार द्वारा सभी योजनाओं में जितना खर्च किया जा रहा है जिले के तमाम अफसर ईमानदारी पूर्वक योजना गरीब ग्रामीण तक पहुंचाएं तो सभी गरीबों तक झारखण्ड सरकार का योजना पहुंचने तथा लाभ मिलने में कोई परेशानी नहीं होगी। अगर कोई भी भ्रष्टाचार में लिप्त पाया गया तो प्रखंड से लेकर जिला मुख्यालय तक आंदोलन किया जाएगा । बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश राम, इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष राजू ठाकुर, सचिव जय कुमार रजक ,नगर अध्यक्ष डब्ल्यू सोनी, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर यादव, प्रखंड सचिव अशोक कुमार साव, जिला उपाध्यक्ष सुगन साव, मालो साव, मोहम्मद मजीद, दशरथ पासवान, प्रयाग भुईया, लीलाधर महतो, मुनेश्वर कुमार वर्मा, केशव साव, योगेश्वर सिंह भोगता, टंडवा प्रखंड अध्यक्ष मिश्रा पासवान, रूपलाल महतो, लीला यादव, तिलक महतो, गणेश राणा, सुनील कुमार, शांति देवी, जुगन साव के अलावे अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## सेवानिवृत शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

## एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने अंगवस्त्र प्रदान कर कि जीवन कुशल की कामना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कदले में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर सेवानिवृत शिक्षक दयानंद दास को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी शामिल हुए। सेवानिवृत शिक्षक को एसडीपीओ, मुखिया बिनोद महतो और विद्यालय के शिक्षको ने बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीपीओ ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के निर्माता होते है, शिक्षकों की जितनी तारीफ की जाए कम है। एसडीपीओ ने कहा कि सेवानिवृत शिक्षक दयानन्द दास एक हीं विद्यालय में 28 वर्ष रह कर संघर्ष के घड़ी में बेदाग होकर आज सेवानिवृत होना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इन्होंने अपने जीवन का पहली पारी समाप्त कर चुके है अब दूसरी पारी में जा रहे है। जिसे हम घर गृहस्ती प्रवेश होना कहते है।एसडीपीओ ने उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बेहतर जीवन जीने की बात कही। वहीं मुखिया बिनोद महतो ने कहा कि सेवानिवृत शिक्षक का कार्य सराहनीय रहा। उन्होंने बच्चो को बेहतर शिक्षा देने का काम किये। सेवानिवृत शिक्षक ने कहा कि मैं कदले विद्यालय में लगातार 28 वर्ष तक सेवा दिया हूं। यहां के लोगो के प्यार और स्नेह को कभी नहीं भुला नहीं पाऊंगा। भले हम यहां से सेवानिवृत हुए हैं परंतु दिल मेरा यहां लगा रहेगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर खुंटीकेवाल खुर्द पंचायत में बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखण्ड के खुंटीकेवाल खुर्द पंचायत सचिवालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं केंद्र सरकार के विकास मॉडल को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया बृजकिशोर सिंह एवं संचालन बीटीएम मुकेश कुमार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा सह जिला परिषद सदस्य निशा भारती, सांसद प्रतिनिधि प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह, ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभ आरंभ झारखंड के खूंटी जिला से 15 नवंबर को किया जो झारखंड के लिए बड़े ही सौभाग्य और हर्ष की बात है। 2047 तक भारत को विकसित करने का संकल्प भारत के लिए स्वर्ण युग के रूप में देखा जा रहा है। इस संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों तक केंद्र की योजनाएं सही ढंग से पहुंच पर रही है।केंद्र की योजनाओं की जानकारी पहुंचना और प्रचार प्रसार करना भी शामिल है। ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को जानकारी के अभाव में सरकारी योजनाओं से लाभ नहीं ले पाते हैं।मुख्य अतिथि निशा भारती ने कहा कि 1947 में गुलामी से आजादी मिली परंतु जिस रफ्तार से अन्य देश रूस, फ्रांस, अमेरिका चीन और जर्मनी विकसित हुए लेकिन उस कतार में भारत आज तक खड़ा नही हो सका।इसी उद्देश्य से एक संकल्प लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाला गया है। नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार ने मानवीय आवश्यकताओं को नजर में रखते हुए इस आधुनिक युग में कई कृतिमान स्थापित किए हैं।

### डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री कार्यक्रम का करेंगे विरोध : अमित पांडेय



**लातेहार :** मुख्यमंत्री आगमन से पहले लातेहार डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री कार्यक्रम का आजसू पार्टी द्वारा विरोध किया जाएगा। 14 फरवरी 2023 को जोहार यात्रा के दौरान लातेहार में 2 डिग्री कॉलेजों का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था, लेकिन अभी तक कॉलेज में पढ़ाई शुरू नहीं हुआ। जोहार यात्रा के दौरान लातेहार के छात्रों को टोपी पहनाने के बाद फिर से मुख्यमंत्री हेमंत सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को ठगने आ रहे हैं।अगर 27 दिसंबर से पहले डिग्री कॉलेज का ताला खोलकर पढ़ाई शुरू करने को लेकर पहल नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री कार्यक्रम का विरोध किया जाएगा।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में फरियादियों की लगी भीड़ अबुआ आवास को लेकर लोगों में मच रहा है होड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** शनिवार को प्रखंड के करमा और मझगावां पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री साकेत कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया।सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत भर के लोगों का जमावड़ा लगा रहा और इस दौरान अपने जरूरत के काम को लेकर प्रखंड कार्यालय से आए कर्मियों के बीच अपने फरियाद को सुनाते हुए और आवेदन देते हुए दिखाई दिए। गौरतलब हो कि करमा पंचायत सचिवालय में मुखिया श्री रामनाथ यादव और मझगावां पंचायत सचिवालय में मुखिया मंजीत सिंह पंचायत से आए हुए लोगों की समस्याओं को काफी गंभीरता से सुने और उनकी समस्याओं को जल्द ही निष्पादन करने का भरोसा देते हुए दिखाई दिए।दोनों पंचायत सचिवालय में अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक से संबंधित और अन्य समस्याओं से संबंधित लोग अपना आवेदन देते हुए दिखाई दिए। करमा पंचायत सचिवालय में उपस्थित प्रखंड कार्यालय से आए हुए कर्मी पंकज ठाकुर चंदन साव नागेश्वर यादव व शिक्षा विभाग के कर्मी, बैंककर्मी, फॉरेस्ट विभाग के कर्मी, पीएचडी विभाग के कर्मी, जेएसएलपीएस के सदस्यों ने लोगों की समस्याओं को काफी गंभीरतापूर्वक सुने और उनके द्वारा दिए गए आवेदन को ऑन स्पॉट निष्पादित करते हुए नजर आए। कुछ विशेष समस्याएं भी आई जो कुछ हफ्तों में दूर कर लिए जाने की बातें प्रखंड कर्मियों द्वारा पीड़ितों से कहा गया। मौके पर मौजूद पंचायत समिति प्रतिनिधि नीरज प्रसाद महतो उर्फ मनोज दांगी पंचायत वासियों से कहा कि हर हाल में आप सभी की समस्याओं को सुना जाएगा और जो भी समस्याएं होंगी उन्हें ससमय रहते दूर किया जाएगा। इस खास मौके पर जिला परिषद सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी पंचायत सचिव राणा योगेन्द्र प्रताप सिंह, ग्राम रोजगार सेवक सुनील कुमार दास भी बीएफटी उमेश दांगी, मुखिया पुत्र सह युवा समाजसेवी शिबू यादव समेत भारी संख्या में फरियादी

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर उपायुक्त ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 27 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुंदरी में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन द्वारा शुक्रवार शाम को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गयाद्य निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर हेलीपैड एवं कार्यक्रम के लिए बनाये जा रहे टेंट, मंच स्टॉल इत्यादि का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर वाहनों की पार्किंग, मूलभूत सुविधाओं तथा पेयजल, शौचालय आदि लोगों के शिविर तक आने हेतु सुविधा, शिविर के दौरान लोगों के बैठने की व्यवस्था आदि का जायजा लेते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था के लिए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नए छात्रावास भवन का उदघाटन कर उदयन पब्लिक स्कूल ने मनाया छठां वार्षिक महोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र के तेतरमोड़ स्थित उदयन पब्लिक स्कूल सिमरिया ने अपना छठवें वार्षिक महोत्सव मना नए कृतिमान रचा है। साथ हीं नए वर्ष के आगमन में क्रिसमस महोत्सव भी मनाया गया। महोत्सव के दौरान विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपना जलवा बिखेरा। साथ हीं, नृत्य संगीत भाषण, नाटक एवं भारत के विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक धरोहर को नृत्य तथा भावों के माध्यम से उपस्थित परिजनों के बीच प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में मौजूद शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के बीच छात्रावास का उदघाटन विद्यालय प्रबंधन समिति के मुख्य सचिव गोपाल चंद्रा, सचिव डॉ. चेतलाल प्रसाद, कोषाध्यक्ष मनोज चन्द्रा, प्राचार्या टेंसी थॉमस के द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा विधिवत फीता काट कर किया गया। इसी बीच विद्यालय के कोषाध्यक्ष मनोज चंद्रा ने नए सत्र 2024 - 25 से छात्रावास और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात कहा। जहां दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चे भी यहां रहकर सुचारू रूप से उचित शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन राजन मैथ्यू के देख रेख में किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम से विद्यालय प्रांगण गूंज उठा और उपस्थित अभिभावक भावविभोर हो उठे। वहीं क्रिसमस से संबंधित बच्चों द्वारा क्रिसमस ट्री बनवाया गया एवं क्रिसमस संगीत से नृत्य करवाया गया। कार्यक्रम के बीच में सांता क्लॉज ने अपने साथ बच्चों के लिए गिफ्ट लेकर आते हैं और बच्चों के बीच वितरण करते हैं। कार्यक्रम के अंत में कक्षा दसवीं के छात्रों द्वारा वर्ष 2023 की शुरुआत से लेकर अंत तक किए गए कार्यक्रमों को प्रस्तुत करते हुए नए वर्ष 2024 की स्वागत के साथ सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव डॉ. चेतलाल प्रसाद, कोषाध्यक्ष मनोज चंद्रा, सदस्य सूरज कुमार, मंजू कुमारी , पुष्पा कुमारी , प्रेमलता चंद्रा, अंजलि चंद्रा, अनुज चंद्रा, प्राचार्या टेंसी थॉमस, शिक्षक संजय सिन्हा, अरविंद कुमार, अमान अंसारी, राजन मैथ्यू, गोविंद कुमार, रूपलाल कुमार, शिक्षिका मंजू कुमारी, उषा रानी, रेखा, भानुप्रिया, आकांक्षा गुप्ता, सीमाकरण, राखी गुप्ता, शैलेन, होमाफिर्दोस आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन कि 136 वीं जयंती पर गणित दिवस का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर पथ, लातेहार में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 136 वीं जयंती के अवसर पर गणित दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय प्लस टू विद्यालय के गणित शिक्षक नीलेश मिश्रा और विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव नरेंद्र कुमार पांडे कि गरिमामई उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि नीलेश मिश्रा ने भैया/ बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि गणित हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। इससे हमें घबराने की आवश्यकता नहीं है। लगातार गणित में अभ्यास करने से यह एक आसान विषय लगने लगता है। नरेंद्र कुमार पांडे ने भैया/ बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि भैया / बहनों को लगता है कि गणित बहुत ही कठिन विषय है और यह सभी के लिए आसान नहीं है मगर ऐसा नहीं है गणित अन्य विषयों की तरह ही आसान और रोचक विषय है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने दिवस के महत्व को बताते हुए भैया /बहनों के बीच गणित के महत्व को रेखांकित किया। गणित दिवस के अवसर पर सभी भैया /बहन बहुत रोमांचित थे। शिशु वर्ग, बाल वर्ग और किशोर वर्ग के द्वारा गणित विषय पर विभिन्न प्रकार के ज्ञानवर्धक मॉडल बनाए गए थे।

**प्रखंड के अंतिम कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का हुआ द्वारी पंचायत में समापन**

## अबुआ आवास को लेकर उमड़ी भीड़ कुल 1655 आए आवेदन जिसमें अबुआ आवास के लिए 732 जमा किये गये



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम गिद्धौर प्रखंड के अंतिम कार्यक्रम था जो द्वारी पंचायत में संपन्न हुआ।जहां प्रखंड प्रमुख अनीता यादव जिला परिषद सदस्या अनीता देवी उप प्रमुख प्रीतम यादव मुखिया जगदीश यादव प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो के साथ अन्य सभी जनप्रतिनिधि व अधिकारीओं ने दीप प्रज्वलित व फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इसके तहत अनेकों विभाग ने स्टॉल लगाए। जहां अबुआ आवास को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया।और 732 आवेदन जमा कीए। सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ लेने की ख्याल से भी लोगों में उत्साह देखा गया।जहां बिरधा पेंशन विधवा पेंशन खाद्य आपूर्ति मैं भी आवेदन जमा करने को लेकर भीड़ देखी गई। कार्यक्रम के तहत परिसंपत्ति का भी वितरण किया गया। जहां स्कूली बच्चों को पोशाक स्वेटर जुता व सोना सोबरन के तहत लाभार्थियों को धोती साड़ी एवं वृद्ध लोगों को कंबल दिया गया। वही फॉरेस्ट विभाग के अधिकारियों द्वारा वृक्ष का भी वितरण किया गया।कृषि पशुपालन स्लॉट में पशुओं के लिए लाभार्थियों को निशुल्क दवाई दी गई। समाज सुरक्षा के तहत लोगों का फार्म जमा किया गया। बिरधा पेंशन के लिए केसीसी के लिए आधार शुद्धिकरण के लिए एवं मनरेगा जॉब कार्ड लोगों का आवेदन आया जेएसएलपीएस के तहत आवेदन जिसमें लगभग सभी उपस्थित विभाग में पेयजल स्वास्थ्य विभाग राज्शव विभाग भी उपस्थित थे।इस कार्यक्रम के तहत एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को फूलों जनों योजना का लाभ लेने की बात बताई गई। एवं गांव से हरिया दारु बंद करने की बात नुक्कड़ नाटक में बताया गया। वह अन्य रोजगार करने के लिए फूलों जनों के तहत बिना ब्याज का राशि लेकर बिजनेस करने की बात बताई गई। मौके पर प्रखंड के मुखिया जगदीश यादव निर्मला देवी जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव मुखिया प्रतिनिधि बसंत नारायण सिंह दिनेश भारती पर बीपीओ रामकुमार सिंह पंचायत सेवक चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार सिंह कनीय अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी सत्येंद्र कुमार प्रदीप कुमार पार्वती देवी शालिनी भारती ऑपरेटर अभय कुमार सिंह अभिनंदन कुमार सतीश कुमार शेखर कुमार जेएसएलपीएस के अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव अनिल प्रजापति अरुण कुमार सुमन कुमारी उज्वला योजना से मुकेश कुमार दांगी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका फॉरेस्ट विभाग से अधिकारी एवं सैकड़ो ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## उरैली और तरवागड़ा में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड के उरैली एवं तरवागाड़ा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी, मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव शामिल हुए। इस मौके पर बीडीओ निखिल गौरव कामन कच्छप, पंचायत समिति सदस्य रीता देवी, मुखिया संजय सिंह मौजूद उपस्थित थे। जबकि तरवागाड़ा पंचायत की मुखिया ललीता देवी, पूर्व मुखिया दिलीप कुमार दास पंचायत समिति विनोद भारती भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रचलित कर किया गया। आतिथियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के लगाए गए स्टॉल को निरीक्षण किया गया। बाल विकास परियोजना के आंगनवाड़ी महिलाओं के द्वारा आयोजित बच्चों की मुहजुठाई आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। लगाया गए स्लॉट में आंगनवाड़ी, जन वितरण प्रणाली, राजस्व विभाग, पशुपालन विभाग, जेएसएलपीएस, मनरेगा, वन विभाग से संबंधित कई आवेदन ऑनलाइन किए गए। अतिथियों के द्वारा वृद्ध एवं असहाय लोगों के बीच कमल तथा कार्डधारियों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### विष्णुगढ़ थाने के एएसआई को एसीबी की टीम ने धर दबोचा

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ थाने में केस नम्बर 246/23 दिनाँक 15.10.2023 बदरी यादव के नाम से केस दर्ज है। बताया जाता है,कि विष्णुगढ़ थाने के एएसआई मनोज कुमार के द्वारा आरोपी बदरी यादव के घर हेठली बोदरा,विष्णुगढ़ जाकर उसकी पत्नी को मनोज कुमार ने कहा कि केस मैनेज कर देंगे 10000 रुपया देना होगा,उनकी पत्नी के द्वारा काफी अनुनय-विनय करने पर 6000 रुपये में मैनेज करने तथा डायरी भेजने की बात कही गई,पैसे नही देने पर जेल भेजने की धमकी दी गई। आरोपी बदरी यादव की पत्नी ललिता देवी एएसआई को रिश्वत नही देना चाहती थी,इसलिए आवश्यक कार्यवाई हेतु पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग को आवेदन दिया। आवेदन पर एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर एएसआई मनोज कुमार को रंगे हाथ पकड़ा,और रिश्वत मांगे जाने की बात को सत्य पाया।रिश्वत मांगें जाने के आरोप सत्य पाये जाने सत्यापनकर्ता द्वारा सत्यापन प्रतिवेदन समर्पित किये जाने के बाद भ्र0नि0ब्यूरो हजारीबाग थाना कांड सं016/2023 दिनाँक 22.12.2023 धारा-7(ड्ड)भ्र0नि0(संशोधित)अधिनियम-2018 दर्ज किया गया। भ्र0नि0ब्यूरो हजारीबाग की ट्रैप टीम में दंडाधिकारी एवं दो स्वतंत्र साक्षी उपस्थित थे।

### सदर विधायक ने दिया कटकमदाग वासियों को 3 करोड़ 81 लाख़ रुपए के विकास कार्य का सौगात

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार की सुबह विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के कई क्षेत्रों का सघन दौरा किया और करीब 30 करोड़ 81 लाख़ की विकास योजनाओं का आधारशिला रखते हुए क्षेत्र की जनता को सौगात दिया। विधायक मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरुआत कटकम दाग प्रखंड क्षेत्र के पंचशील कॉलोनी से की। जहां ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हजारीबाग के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत नरसिंह स्थान मुख्य पथ से पंचशील कॉलोनी तक पथ निर्माण कार्य का विधिवत्त शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस पथ की कुल लंबाई 2.63 किमी है। जिसका निर्माण करीब 1 करोड़ 57 लाख़ रुपए से जल्द होगा। यहां के पश्चात विधायक मनीष जायसवाल ने ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हजारीबाग के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुधारीकरण योजना अंतर्गत कुंडलीबागी चौक से मरहंड मोड तक पथ का विशेष मरामत्ति कार्य का शुभ भूमिपूजन कर आधारशिला रखा। इस पथ की कुल लंबाई 1.70 किमी है और कुल 2 करोड़ 24 लाख़ रुपए की राशि से इस पथ का कायाकल्प जल्द होगा ।मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग विधानसभा में विकास का काम रुक नहीं और हजारीबाग कभी झुके नहीं इस दिशा में उनका सकारात्मक प्रयास हमेशा रहता है। सदन में हजारीबाग के विकास और भ्रष्टाचार से संबंधित जनमुद्दे को जनता की आवाज बनकर रखा और सदन से आने के बाद जनता के बीच उनकी समस्या को देखने और विकास को गति देने में जुटे हैं और निर्बाध रूप से एक जनसेवक के रूप में हमेशा तत्पर रहेंगे । उक्त अवसर पर विशेषरूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, कटकमदाग भाजपा संगठन के प्रभारी जयनारायण, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, उप प्रमुख प्रमुख विमल गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष मिथिलेश यादव, जिला महामंत्री आशीष कुमार गुप्ता, मंडल महामंत्री वीरेंद्र साव, खपरियावा मुखिया राजेश गुप्ता, संजय सिंह, प्रियांशु सिंह, अरविंद कुमार पांडे, शेखर साहू, गौतम सिंह ,रामप्रीत शर्मा,पियूष राणा,अशोक राम राम किशोर सावंत, सूरज उरांव,अनुज कुमार चंद्रवंशी, उप मुखिया प्रदीप कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

### गुरुग्राम पब्लिक स्कूल में छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का उत्कृष्ट नमूना पेश किया गया

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुग्राम पब्लिक स्कूल में शनिवार को महान वैज्ञानिक श्रीनिवास रामानुजन के जयंती के अवसर पर विज्ञान सह कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।प्रदर्शनी का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती है। विज्ञान प्रदर्शनी के द्वारा बच्चे अपने सामाजिक जीवन को विज्ञान तथा तकनीक से जोड़ते हैं। बच्चों में सामूहिकता से कार्य करने की क्षमता विकसित होती है। प्रोजेक्ट के निर्माण में बच्चे उत्साहित होते हैं। बच्चों के द्वारा ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोत, मानव शरीर तंत्र, जल विद्युत, ओवर ब्रिज,चंद्रयान,ड्रिप सिंचाई पृथ्वी बचाओ, मानव हृदय,विंड टरबाइन, हाइड्रॉलिक लिफ्ट, जेसीबी,लेजर लाइट सुरक्षा समेत अन्य मॉडल प्रदर्शित किए गए। बच्चों के द्वारा बारी-बारी से अतिथियों को प्रस्तुत मॉडल की जानकारी दी गई। सभी लोगों ने बच्चों को काफी प्रोत्साहित किया। लोगों ने कहा लोगों ने कहा कि इससे बच्चों में नवाचार करने की जागृति उत्पन्न होती है। मौके पर सब इंस्पेक्टर नसीम खान, अजीत कुमार, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, विद्यालय निदेशक प्रभात कुमार, उप प्रमुख सरजू साव, मुखिया निर्मल कुमार, लक्ष्मी कुमारी, रामेश्वर यादव, कैलाश महतो, विद्यालय प्राचार्य सुभाष कुमार महतो, शिक्षक रणजीत मिश्रा, राजेश रंजन, पंकज कुमार, रीतलाल महतो, रंजीत रंजन, ममता कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, मीरा कुमारी, अनुराग कुमार, सीमा कुमारी, रेशमी कुमारी, लेखपाल वासुदेव महतो तथा विद्यालय कर्मी उपस्थित थे।

### भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकरमा में 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण कोर्स का हुआ समापन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, गौरिया करमा में विगत 25 दिनों से जिला उद्यान कार्यालय, हजारीबाग एवं रामगढ द्वारा प्रायोजित 200 घंटे का माली प्रशिक्षण सर्टिफिकेट कोर्स का संचालन किया जा रहा था . इसका समापन समारोह निकिता कुमारी, सहायक उद्यान निदेशिका, हजारीबाग की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि अनुसंधान संस्थान के ओअसडी डॉ. विशाल नाथ ने किया. उन्होंने प्रशिक्षनार्थियों में उद्यान के क्षेत्र में उद्यमशीलता विकास की असीम संभावनाओं को देखते हुए ऐसे प्रशिक्षणों से लाभ लेने का प्रोत्साहन किया ताकि युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सके। सहायक उद्यान निदेशिका ने उद्यान विभाग के विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसान उनका लाभ किन माध्यम से ले सकते हैं। भविष्य में ऐसे प्रशिक्षणों की और जरुरत पर बल दिया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उद्यान विभाग से जुड़ पाएं एवं उनका लाभ लें। विदित हो कि माली प्रशिक्षण के इस 200 घंटे (25 दिवसीय) सर्टिफिकेट कोर्स का उद्घाटन समारोह 24 नवम्बर को इस संस्थान में किया गया था जिसमे अमर लकड़ा, सहायक उद्यान निदेशक ने माली प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी थी। यह कोर्स उद्यान विकास के योजनान्तर्गत हजारीबाग / रामगढ प्रोयाजित किया गया था जिसमें जिला उद्यान पदाधिकारी अरुण कुमार सम्पूर्ण सहयोग रहा। इस सर्टिफिकेट कोर्स में हजारीबाग से कुल 24 एवं रामगढ से 11 प्रशिक्षन्नार्थियों ने माली एवं उद्यानिकी की विभिन्न विधाओं का आवासीय ट्रेनिंग लिया। कोर्स के अंतिम दिन लिखित परीक्षा में उतीर्ण होने पर सभी को कार्यक्रम के मुख्या अतिथि द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया. इस कोर्स के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों ने इस संसथान में रहते हुए कृषि, उद्यान, पशुपालन एवं मत्स्यकी के क्षेत्र में चल रहे विभिन्न अनुसंधान कार्यों के बारे में भी प्रयोगिक जानकारी लिया। सभी प्रशिक्षणार्थी यहाँ के पढाई एवं सुविधाओं से काफी संतुष्ट दिखे।

## श्रीदस इंटरनेशनल में वार्षिक खेल महोत्सव का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में बीते पांच दिनों से चल रहे वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन संपन्न हो गया स्कूल प्रांगण में सुबह से हीं बच्चों के अंदर उत्साह और जीतने की खुशी झलक रही थी। करीब 317 एथलीटों को पदक देकर नवाजा गया जिसमें 141 गोल्ड मेडल,141 सिल्वर और 25 कांस्य पदक से बच्चों को नवाजा गया। इस वर्ष का ओवर ऑल चैंपियन गोल्डन हाउस रहा। एथलीट ऑफ द ईयर से हिमांशु कुमार कक्षा 9 के छात्र को नवाजा गया। इस दौरान स्कूल प्रांगण




में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अहसान उल हक (सीबीएसई सीटी कॉर्डिनेटर हजारीबाग) मौजूद रहें। प्राचार्य रोहित सिंह, उप प्राचार्य विकाश श्रीदस चंद्रवंशी, मुख्य अतिथि और इनके साथ आए हुए अन्य मेहमानों ने स्कूल आदर्श स्वर्गीय दशरथ सिंह के फोटो के ऊपर पुष्प माला अर्पित कर और द्वीप प्रज्वलित करके आज के समापन कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ अहसान उल ने स्कूल को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल हरेक डिपार्टमेंट में उम्दा प्रदर्शन कर रहा है। स्कूल बहुत तेजी से विकास पथ पर अग्रसर है। वहीं मंच पर उपस्थित भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी ने स्कूल प्राचार्य रोहित सिंह के सराहनीय कार्यो का जिक्र करते हुए कहा कि स्कूल के पठन पाठन के अलावा खेल कूद में प्राचार्य काफी रुचि रखते हैं इसी कारण आज सारे बच्चों की चेहरे पर खुशियां झलक रही है।

## जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश को दिखा रहे ठेंगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा ज्ञापांक 1123 दिनांक 29/08/2023 स्थानांतरण आदेश के चार महीने बाद भी संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय बादम में कार्यरत तनवीर अख्तर को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बड़कागांव के पत्रांक-156 दिनांक 29/ 8/ 2023 के द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में तनवीर अख्तर संकुल साधन सेवी को संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय बादम के स्थान पर संकुल संसाधन केंद्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय तलस्वार, बड़कागांव में संकुल साधन सेवी के कार्यों के निष्पादन हेतु प्राधिकृत किया गया था। जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा जारी किए गए आदेश में जिला शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह समन्वयक प्रखंड संसाधन केंद्र बड़कागांव को जल्द से जल्द संकुल साधन केंद्र बादम में किसी अन्य संकुल साधन सेवी को कार्य हेतु अधिकृत करेंगे। बावजूद इसके अभी तक तनवीर अख्तर पुराने कार्यस्थल पर जमे हुए हैं इस मामले को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बड़कागांव जवाहर प्रसाद से दूरभाष पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि प्रखंड से मैने कर दिया है जिला से चेंज नही हुआ है विद्यालय का टैगिंग जिला से होता है जिला से होते ही हो जाएगा मैने जिला से आग्रह किया है वहाँ से नही होने के कारण अभी तक स्थानांतरण नही हुआ है। वहीं इस मामले को लेकर डीईओ उपेंद्र नारायण से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैं स्थानांतरण पत्र जिला से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को भेज दिया है आगे का मामला वही देखेंगे। अब सवाल यह उठता है कि आखिर किसके सह पर अभी तक यह स्थानांतरण नहीं हो पाया है।

## बदल रही है धनवार पंचायत की तस्वीर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद का प्रयास ला रहा है रंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत भवन के सामने फेबर ब्लॉक, एक कमरा एवं शेड निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। जिसका विधिवत उद्घाटन शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचलाधिकारी राम नारायण खलखो, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि ममता देवी, पंचायत समिति सदस्या संतोषी कुमारी सहित पंचायत के वार्ड सदस्यो के गरिमायी उपस्थिति में किया गया। इस दौरान स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि पंचायत में विकास कार्य को धरातल पर उतारने को लेकर दृढसंकल्पित हूं, सरकार द्वारा पंचायत वासियों के लिए जो भी योजना आएगा, उसका लाभ पंचायत के शत प्रतिशत लोगो को कैसे मिले, इसके लिए वह सदैव प्रयत्नशील है।

## उमेश दांगी ने थामा आजसू का दामन, संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से आजसू पार्टी के विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी के नेतृत्व में आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के समक्ष रांची स्थित आवास सह आजसू कार्यालय पर जगदेव विचार मंच बड़कागांव अध्यक्ष उमेश दांगी ने आजसू का दामन थामा जिसे आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने पट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाया और केला का पौधा देकर स्वागत किया तथा पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई । श्री दांगी केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपूरा क्षेत्र बड़कागांव एवं अखिल भारतीय कुशवाहा युवा महासभा के बतौर अध्यक्ष तथा झारखंड कुशवाहा



महासभा के संयोजक रहकर समाज में सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते रहे हैं । सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत श्री दांगी ने कहा कि झारखंड में जो राजनीतिक दुर्दशा है इसको सिर्फ एनडीए गठबंधन ही दूर करने में सक्षम है लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। प्रत्येक सरकारी दफ्तरों ब्यूरोक्रेसी हावी है और राजनीतिक नेतृत्व काफी शिथिल है। जहां तक बड़कागांव विधानसभा की बात है जनता त्राहिमाम कर रही है यहां समस्याओं का अंबार है पर यहां के जनप्रतिनिधि सिर्फ अपने कार्यों में व्यस्त हैं। आगे उमेश दांगी ने कहा कि पार्टी हमें जो भी दायित्व देगी उसे मैं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का काम करूंगा और आने वाले चुनाव में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से रौशनलाल चौधरी को जिताकर झारखंड में एनडीए की सरकार बनानी है तभी आम जनों की समस्याओं का हल हो सकता है। इनके साथ समाजसेवी गिरधारी महतो ने भी आजसू का दामन थामा। मौके पर केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार दांगी, समेत कई लोग मौजूद थे।

## बनासो बीएड महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षुओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए सर्वधर्मसंभाव की भावना को चित्रित किया।सचिव श्री गौरव पटेल जी ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक प्रभावी शिक्षक बनने के लिए ऐसी प्रतियोगिता के आयोजन से कला,सामाजिक और धार्मिक सौहार्द बढ़ता है।प्राचार्य डॉ0 सुनील कु0 चतुर्वेदी ने कहा कि क्रिसमस पर्व दया,प्रेम व शांति का संदेश देती है। उपस्थित रहने वालों में सहायक प्राध्यापिका स्वर्णा मिश्रा, बबली कुमारी,सहायक प्राध्यापक ओमकार नाथ शर्मा ,संजय चौरसिया,अशोक झा, वीरेन्द्र देव,शशि देव, ,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव,चंदन कुमार,राजेश कुमार,प्रवीण कु0 जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अदृश मुखर्जी, डॉ0 सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ0 अम्बरीश कु0 दुबे,डॉ0 विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु0 पाठक, सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार संतोष कुमार,विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो,सौरभ सुमन,प्रकाश कुमार,सुनीता,आजाद एवं समस्त प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

## व्यवस्थित एवं कदाचार मुक्त परीक्षा का होगा आयोजन : अखिलेश कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में आज आयोजित होने वाली आचार्य चयन परीक्षा की व्यवस्था एवं सारी तैयारी से संबंधित जानकारी विद्या विकास समिति,झारखंड के गुमला विभाग निरीक्षक सह प्रांतीय प्रतिनिधि एवं आचार्य चयन परीक्षा के पर्यवेक्षक,अखिलेश कुमार ने आज केंद्राधीक्षक, ब्रेन कुमार टुडू,देवघर सह विभाग निरीक्षक, एवं सह पर्यवेक्षक कैलाश राय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कोडरमा के प्राचार्य, शर्मेंद्र कुमार साहू, सह पर्यवेक्षक शिवतारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,कोडरमा के प्राचार्य रमेश एवं आचार्य गण के साथ बैठक में ली। मौके पर अखिलेश कुमार ने कहा आचार्य चयन परीक्षा का आयोजन व्यवस्थित एवं कदाचार मुक्त होगा । परीक्षा के संचालन हेतु उन्होंने आचार्यो को दिशा निर्देश देते हुए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा परीक्षा का संचालन ससमय एवं हो ।गौरतलब है कि इस आचार्य चयन परीक्षा में पीआरटी, टीजीटी एवं पीजीटी के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग केंद्र पर 744 परीक्षार्थी परीक्षा देने वाले हैं ।परीक्षा की व्यवस्था एवं तैयारी से संबंधित इस बैठक में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर राजीव रंजन ने परीक्षा व्यवस्था की जानकारी आचार्यो को दी ।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का धनवार पंचायत में हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के धनवार पंचायत भवन परिसर में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, महिला नेत्री सह मुखिया प्रतिनिधि ममता कुमारी, पंसस संतोषी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जेएसएलपीएस की महिलाओं ने विधायक सहित अतिथियों का स्वागत किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया राजेन्द्र प्रसाद व संचालन बीटीएम राकेश कुमार ने किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रमों में उमड़ रही भीड़ और योजनाओं के प्रति रुझान से स्पष्ट है कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सफ़ल होता दिख रहा है। हम उम्मीद



करते हैं कि सभी विभाग तत्परता से कार्रवाई करते हुए आहर्ता प्राप्त लोगों के आवेदनों का सकारात्मक रूप से निष्पादन करेंगे। कहा कि कोई भी योग्य लाभुक योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए पदाधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों के साथ साथ जनभागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार एक सशक्त माध्यम है, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए है। उन्होंने मुख्यमंत्री को अबुआ आवास योजना के लागू किए जाने पर उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि चुंकि अबुआ आवास के प्राप्त आवेदनों का सत्यापन दिसंबर माह में ही पूर्ण कर लिया जाना है, ऐसे में नए साल में नई ऊर्जा के साथ ग्राम पंचायत में स्वीकृत अबुआ आवासों का निर्माण कराते हुए हम सभी आवासहीन और कच्चे मकान में रह रहे पंचायत वासियों को पक्के मकान का आशियाना उपलब्ध करा पाएंगे। धनवार पंचायत भवन का चहारदीवारी, धनवार और कोरियाडीह स्कूल का चहारदीवारी का मांग मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने विधायक उमाशंकर अकेला से किया। शिविर में अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जेएसएलपीएस, महिला एवं बाल विकास, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किया गया और जिन आवेदकों की समस्याओं का निराकरण ऑन द स्पॉट किया जा सकता था उनका निपटारा किया गया। शिविर में 1925 आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें 1290 स्वीकृत हुआ और 635 आवेदन लंबित है। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, गाजो यादव, बीसीओ सजंय यादव, सीडीपीओ नीलू रानी, डोमन पांडेय, प्रकाश साव, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, मंटू यादव, वार्ड सदस्य रूपमनी देवी, रवीना खातून, मेहरून खातून, मोहम्मद मंजूर अंसारी, लक्ष्मी कुमारी, अर्चना कुमारी, मानती कुमारी, गुड़िया देवी, मोहम्मद हसमत अंसारी, बसंती देवी, बालेश्वर कुमार, मो वारिस अंसारी, दसरथ यादव, रिजवान अली, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, मो सरताज सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## शैक्षणिक यात्रा से सीखने की रुचि बढ़ती हैं : निदेशक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** स्थित वेक्टर क्लासेस के चयनित छात्र एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण के सभी छात्र दौरान झारखंड की सुंदर घाटी पतरातु घाटी और डैम के साथ साइंस सिटी, एवं रांची के फ्लावर पार्क को देखे, जिसमें सभी विद्यार्थी इन प्राकृतिक सौंदर्य से सीधा रूबरू हुए। संस्थान के प्रत्येक शिक्षक ने छात्राओं को समूह बनाकर लोगों एक एक चीजों को बताया। इस दौरान संथन शिक्षक राजेश कुमार उन्होंने बच्चों को साइंस सिटी में मौजूद साइंस के साधनों हर चीजों के बारे में स्पष्ट रूप से बताने का काम किया जिससे भविष्य में छात्र इस तकनीक को अपने जीवन में सीखने का काम करेंगे ।

संस्थान के निदेशक दीपक गुप्ता ने कहा की इस तरह के भ्रमण से छात्रों को बौद्धिक विकास के साथ चीजों की जाने की उत्सुकता बढ़ती हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान राजधानी मै स्थित विभिन्न पर्यटक स्थलो मे रुचि दिखाई ओर बहुत सारी जानकारियां अपने जीवन के लिए साझा किया।

इस मौके पर संस्थान के शिक्षक राजेश कुमार, दामोदर कुमार शर्मा, आर्यन गुप्ता, पंकज कुमार, नीधि कुमारी

साहित छात्र आशीष कुमार, पवन कुमार , मनीष कुमार, आनंद, सचिन, अंकित, तोफिक, सरफराज, अमित, अश्विनी, अनीशा, ईशा, तलफ, तानिया, सिमरन, रुहत, मुस्कान, सना खान, सानिया परवीन,सना परवीन, काजल उजाला, सना, नेहाल, नुजहत, सुहाना, सुमन, आरजू, रौशनी, तमन्ना, प्रीति, पलक, काजल कुमारी, अभिलाषा मुस्कान, खुशी, जूही, चांदनी सुप्रिया, आशा, अंजली सहित सैकड़ो छात्र शामिल

## फहीमा अकैडमी मे रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** फहीमा अकैडमी विद्यालय परिसर में विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय रफीक अंसारी की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के विशेष सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्य फरहा फातमी सहित कई समाजसेवियों के द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में 13 लोगों ने रक्तदान कर मानवता के प्रति अपना मिसाल पेश किया। वही विद्यालय परिसर में 110 बच्चियों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने की दृष्टिकोण से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ किया गया। रजिस्ट्रेशन की प्रतिक्रिया में काफी लोग सम्मिलित हुए। रजिस्ट्रेशन की प्रतिक्रिया अगले 30 जनवरी तक प्रारंभ रहेगी। निशुल्क बच्चियों को शिक्षा नर्सरी से 12वीं कक्षा तक दी जाएगी। साथ ही विद्यालय परिवार के द्वारा गरीब, जरूरतमंदों तथा विधवा महिलाओं को कंबल का वितरण



किया गया नन्हे नन्हे बच्चों को गर्म टोपी प्रदान किया गया। रक्तदान करने वालों में मोहम्मद सिल्लू,अफाक अहमद, राहुल कुमार यादव,मोहम्मद अज़हर, सोमनाथ कुमार,एमडी सहाबुद्दीन खान,दीपक कुमार रजक,मोहम्मद सलाउद्दीन पांडु मुंडा सहित कई लोगो ने रक्त दान किया ।विद्यालय की प्राचार्य फरहा फातमी ने अपने दादा रफीक अंसारी को नमन करते हुए कहा कि दादा के दिखाए गए मार्गो पर हम सभी चल रहे हैं। दादाजी की 11वीं पुण्यतिथि पर विद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 13 लोगों ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया विद्यालय परिवार आपका आभार प्रकट करता है। साथ ही विद्यालय परिवार के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल एवं नन्हे नन्हे बच्चों को गर्म टोपी दिया गया। साथ ही कहा की शिक्षा के साथ समाज की सेवा में योगदान देना हमारा पहला कर्तव्य है। मौके पर : भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यालय सहायक सनत कुमार सिन्हा, रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य रितेश खण्डेलवाल, पवन कुमार, मोहम्मद शमशाद, एवं स्कूल शिक्षक हसरत अली, मो बेलाल, फैसल इमाम, गौतम कुमार,कुणाल कुमार, राहुल कुमार, मो शफ़ीक़, अबदाल आलम, सोमनाथ कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## विकसित भारत संकल्प रथ में शामिल हुए हजारीबाग सदर विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखण्ड विधानसभा के शीतकालीन सत्र से लौटकर विधायक मनीष जायसवाल ने क्षेत्र दौरा शुरू कर दिया। विकसित भारत संकल्प रथ के साथ बतौर कार्यक्रम प्रभारी के रूप में शनिवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल बड़कागाँव प्रखंड क्षेत्र के कांडतरी पंचायत भवन व आंगो पंचायत भवन में पहुँचकर उपस्थित सैकड़ो पंचायत वासियों को संबोधित किया। विधायक मनीष जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, लाचार, किसान व महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई है। श्री जयसवाल ने जरूरतमंद महिलाओं को मौके पर गैस चूल्हा



व गैस सिलेंडर भी वितरित किया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल के हाथों नई तकनीक से निर्मित ड्रोन उपकरण के तहत कांडतरी गांव के खेतों में नैनो यूरिया का छिड़काव कार्य का भी शुभारंभ किया गया।

इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि 25 दिसम्बर से उलिहातू की धरती से प्रधानमंत्री ने संकल्प भारत यात्रा की शुरुआत की थी जो 25 जनवरी तक देश के कोने- कोने तक यह रथ पहुँचकर लोगों को जागरूक करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार की विकास योजनाओं से अवगत कराने का कार्य कर रहा है। आगे विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी के आने के बाद देश में हुए व्यापक बदलाव आधुनिक भारत के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय है। इस कार्यक्रम में ही लोगों को स्वास्थ्य का भी जांच कर मुफ्त में दवाइयां भी दी है।

## न्यू आकाश किनारी डिपार्टमेंटल पेज में सीआईएसएफ का छापा, 100 टन कोयला जब्त





प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड गोविंदपुर एरिया 3 के अंतर्गत न्यू आकाश किनारी डिपार्टमेंटल सालनपुर पेज में शनिवार को सीआईएसएफ एवं बीसीसीएल के संयुक्त तत्वावधान में बड़े पैमाने पर छापामारी कर 100 टन कोयला जब्त किया गया। बताया जाता है कि कतरास कोयलांचल में इन दिनों कोयला तस्करी चरम पर है। चर्चा है कि सीआईएसएफ एवं बीसीसीएल की सांठगांठ से कोयला तस्करी का धंधा जोरों से फल फूल रहा है। बीसीसीएल कतरास एवं गोविंदपुर एरिया में जमकर कोयले की तस्करी की जा रही है। कोयले की तस्करी से भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को आए दिन करोड़ों रुपया का नुकसान हो रहा है। आकाशकिनारी कोलियरी के मैनेजर अमित कुमार ने बताया कि न्यू आकाश किनारी पेज में लंबे अरसे से कोयले की तस्करी की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर सीआईएसएफ ने छापामारी कर 100 टन कोयला जब्त किया है। अमित कुमार ने कहा कि किसी भी कीमत पर गोविंदपुर एरिया 3 में कोयले की तस्करी नहीं होने दी जाएगी। छापामारी के बाद आसपास के कोयला तस्करों में हड़कंप व्याप्त है। दूसरी और चर्चा है कि बीसीसीएल प्रबंधन और सीआईएफ महज आई वाश के लिए छापामारी करती है। तस्करी में प्रबंधन और सीआईएफ दोनों की संलिप्ता बताई जाती है।

छापामारी का नेतृत्व बीसीसीएल के मैनेजर अमित कुमार सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर संजय कुमार कर रहे थे। छापेमारी में सीआईएसएफ के आवर्त सहायक निरीक्षक केएल यादव, कैलाश यादव के अलावे भारी संख्या में सीआईएसएफ के जवान शामिल थे।

## चैंबर्स के प्रतिनिधि मिले सिटी एसपी से अपराधी घटना में उद्भेदन की लगाई गुहार



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाजार समिति चैंबर ऑफ़ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल महासचिव अजय नारायण लाल की अगुवाई में शनिवार को सिटी एसपी अजीत कुमार से मिला। उन्होंने पिछले दिनों बाजार समिति के व्यापारियों के साथ हुई कई लूट की घटना विस्तार पूर्वक उन्हें बताकर उद्भेदन की गुहार लगाई। विदित हो कि इसी महीने बाजार समिति के व्यापारी प्रकाश साहू के कर्मचारियों से लोयाबाद थाना क्षेत्र में लूट की घटना हुई थी। उसके पश्चात व्यापारी शिवकुमार यादव से धनबाद थाना क्षेत्र में लूट की घटना हुई। अभी 2 दिन पूर्व बाजार समिति के व्यापारी सुरेंद्र जिंदल के कर्मचारियों की बाइक बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में पुराना बाजार में चोरी हो गई। बाजार समिति चेंबर के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि लगातार हो रही घटनाओं से व्यापारी समाज दहशत में है। उन्होंने प्रशासन से अविलंब उक्त घटनाओं का उद्भेदन करने की मांग की। सिटी एसपी ने व्यापारियों को इस मामले में आश्वस्त कि बहुत जल्द घटना का उद्भेदन कर लिया जाएगा और व्यापारियों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी। मौके पर बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन एवं बरवाअड्डा थाना प्रभारी विक्रम कुमार सिंह भी उपस्थित थे। जबकि चेंबर के प्रतिनिधिमंडल में जिला चैंबर्स के महासचिव अजय नारायण लाल, बाजार समिति चैंबर्स के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सचिव गौरव, संदीप, सहदेव तथा शिवकुमार यादव उपस्थित थे।

## बीसीसीएल के मृतक कर्मी के आश्रित पुत्र को समझौता पत्र सौंपा



**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीसीसीएल एरिया वन अंतर्गत फुलारीटांड कोलियरी के बेनीडीह पीट में कार्यरत सोनाराम मांझी का बीते 18 दिसम्बर को ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत खराब हो जाने से उन्हें सहकर्मियों ने तुरंत इलाज के लिए सेंट्रल हॉस्पिटल धनबाद में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान रात को उनकी मौत हो जाने से। शनिवार को सुबह उनके परिजनों ने शव को लेकर कार्यस्थल लाया। और तत्काल नियोजन की मांग करने लगे। सूचना पाकर विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो पहुंचे महतो और बीसीसीएल सीएमडी से दूरभाष पर वार्ता किया। सीएमडी ने बरोरा महाप्रबंधक को प्रोविजनल ज्वाइनिंग देने का आदेश दिया। शत्रुघ्न महतो ने मृतक के आश्रित पुत्र अजय मरांडी को औपबंधिक नियोजन हेतु समझौता पत्र अपने हाँथो से सौंपा ।

## डीएवी बनियाहीर में क्रिसमस के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी बनियहीर के प्रांगण में, आगामी क्रिसमस डे के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चे रंग-बिरंगी और सांताक्लाज की ड्रेस पहनकर शामिल हुए। बच्चों ने बड़े उत्साह व हर्षोल्लास के साथ इस पारंपरिक त्योहार का लुत्फ़ उठाया। बच्चों ने विद्यालय को क्रिसमस ट्री व रंग बिरंगी झालरों से सजाया। कार्यक्रम के अंतर्गत छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक नृत्य वह कविता पाठ के द्वारा उपस्थित जन समूह को अभिभूत कर दिया। गीत एवं संगीतमय माहौल में बच्चों ने जमकर धमाल भी मचाए। सेंटा की पोशाक में छोटे-छोटे बच्चों ने सर्व धर्म समन्वय का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य एस मोदक ने बच्चों को क्रिसमस पर्व के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्य ने कहा की सेंटा की तरह हमेशा खुशियाँ बाँटने व भलाई की राह पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को चाकलेट, केक व अन्य उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका सोम बनर्जी व पिंकी बनर्जी के द्वारा किया गया।

## सरिया संत मेरी पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**सरिया(गिरिडीह)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को सरिया के नेताजी पार्क स्थित संत मेरी पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक मॉडल जिसमे स्मार्ट सिटी, सोलर प्लांट, पवन चक्की, हाथियों को भगाने के लिए सेंसर सिस्टम, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, हार्ट कार्यप्रणाली, कचरा प्रबंधन आदि मॉडल प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों के द्वारा अतिथियों को बुके देकर एवं तिलक लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सरिया एसडीएम संतोष गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अंचलाधिकारी संतोष कुमार थाना प्रभारी अनीश पांडेय, वन विभाग से कुंदन कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों के द्वारा बारी-बारी से बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी मॉडलों का अवलोकन करने के साथ कई दिशा निर्देश व जानकारियां भी ली। कार्यक्रम को संबोधित करते एसडीएम श्री गुप्ता ने कहा कि विद्यालय के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी मॉडल एक से बढ़कर एक थे । एवं मॉडलों के माध्यम से स्थानीय समस्याओं को दर्शाते हुए उसके निदान पर भी सुझाव दिया गया जो काफी प्रशंसनीय है । वहीं आधुनिक युग में हम लोग ग्लोबल वार्मिंग, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम , स्मार्ट सिटी, कल कारखाने से होने वाले लाभ एवं नुकसान को भी बखूबी से दर्शाया गया । जिसके लिए बच्चों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावक भी प्रशंसा के पात्र है। आगे उन्होंने कहा कि विज्ञान एक ऐसी विषय है जो लोगों में अंधकार से ज्ञान की ओर ले जाता है ।

## राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर सवाना कंपनी द्वारा किया गया पौधरोपण



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सवाना कंपनी द्वारा शनिवार को बेंगाबाद प्रखंड के चरघारा में किसान दिवस के अवसर पर किसानों ने पौधारोपण कर मनाया। इधर कंपनी द्वारा किसानों को माला व शोल देकर सम्मानित किया गया। इधर सवाना कंपनी के क्षेत्र के मैनेजर बबलू कुमार वर्मा ने बताया की आज राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर सवाना कंपनी द्वारा पौधा रोपण किया गया। वही सवाना कंपनी द्वारा आज किसान दिवस के अवसर पर पूरे झारखंड में मनाया गया।कहा कि राष्ट्रीय किसान दिवस पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 23 दिसंबर को मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि भारत के पांचवें प्रधानमंत्री थे और पूरे देश में किसानों के उत्थान के लिए उनके योगदान के लिए उन्हें याद किया जाता है। वह एक किसान नेता थे और उन्होंने भारत में किसानों के जीवन में सुधार सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न नीतियां पेश कीं थीं। उनका जन्म 1902 में नूरपुर में एक परिवार में हुआ था।मौके पर उपस्थित सवा मित्र कैलाश महतो उमेश कुमार, रिटेलर भुनेश्वर वर्मा समेत अन्य किसान उपस्थित थे।

## क्रिसमस डे कार्यक्रम का आयोजन



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत टटकारी स्थित वेव इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस डे कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम सभी बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी की शिक्षिका महिमा विश्वकर्मा ने किया। नर्सरी से आठवीं तक के छात्रों ने विभिन्न रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, छात्रों ने ईशा मसीह के जीवन पर आधरित स्किट प्रस्तुत किया , जिसमे क्रिसमस के बारे में जानकारी दी और बताया कि क्रिसमस ईसा मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है।

## कांग्रेस का बाघमारा विधानसभा की बैठक आज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गिरिडीह लोकसभा समन्वय समिति के संयोजक ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है की गिरिडीह लोकसभा के अंतर्गत बाघमारा विधानसभा में दिनांक 24 दिसंबर 2023 को सीजुआ स्थित कतरास क्लब में आयोजित बैठक दिन के 11ः00 बजे से शुरू होगी जिसमें बाघमारा विधानसभा के सभी कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेस जन गिरिडीह लोकसभा कार्यानवन समिति के प्रभारी शहजादा अनवर, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो उपस्थित रहेंगे। साथ ही धनबाद जिला अध्यक्ष कार्यकारी अध्यक्ष के साथ-साथ गिरिडीह लोकसभा के अंतर्गत सभी विधानसभा के प्रभारी को सूचना दी गई है जो मीटिंग में निश्चित रूप से भाग लेंगे। उक्त बैठक में कांग्रेस के संगठन पर विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया जाएगा और आगामी लोकसभा चुनाव पर भी चर्चा की जाएगी क्योंकि अब चुनाव में मात्र 4 महीना रह गए हैं। जिला अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्षों से बूथ कमेटी तथा बी एल ए के सदस्यों की सूची भी तैयार रखने पर भी चर्चा जरूरी है।

### आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन, जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

## चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी किया गया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार÷ के तहत् आज धनबाद जिले के विभिन्न पंचायत, नगर परिषद एवं नगर निगम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रखंडों में नोडल पदाधिकारियों की उपस्थिति में लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। ÷आपकी योजना - आपकी सरकार -आपके द्वार अंतर्गत विभिन्न प्रखंड के अंतर्गत प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उनके द्वारा सभी स्टॉल का भ्रमण कर प्राप्त आवेदनों की विस्तृत जानकारी ली गई। उनके द्वारा योजना के तहत लाभुकों के बीच धोती-साड़ी लूंगी, कंबल, मनरेगा योजना स्वीकृति पत्र ,पेंशन स्वीकृति पत्र इत्यादि का भी वितरण किया गया।

उक्त कार्यक्रम के दौरान संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कैंप में मौजूद कई योग्य लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। परिसंपत्ति वितरण में योग्य लाभुकों के बीच सर्वजन पेंशन योजना की स्वीकृति पत्र, स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल खरीदने हेतु डमी चेक समेत अन्य लाभुकों के बीच धोती, साड़ी, कंबल, समेत अन्य परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा निरीक्षण कर सभी कर्मियों को निर्देशित किया गया की अंतिम व्यक्ति के आवेदक को प्राप्त करने के बाद ही कैंप का समापन किए जाएं, कैंप में मौजूद मेडिकल टीम को निर्देशित किया गया कि जितने भी लोग इस कैंप में पहुंच रहें हैं उन सभी का मेडिकल जांच की सुविधा अवश्य उपलब्ध कराएं साथ ही आवश्यकता अनुसार दवाइयों का भी वितरण किए जाएं।

## महाप्रबंधक ने स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का लिया जायजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा सोनपुर मंडल के कटिहार-बरौनी रेलखंड का निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होंने इस रेलखंड पर स्थित स्टेशनों पर साफ-सफाई, कैटरिंग सेवा, सर्कुलेटिंग एरिया, एफओबी सहित यात्री सुविधा से जुड़े विविध पहलुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इन स्टेशनों पर विकसित की जाने वाली विभिन्न यात्री सुविधाओं का जायज़ा भी लिया । महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम कटिहार स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने क्रू-लॉबी, रनिंग रूम को देखा । उन्होंने क्रू-लॉबी के किचन में खाने की गुणवत्ता की जांच की तथा रेलकर्मियों से बात कर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं से अवगत हुए। तत्पश्चात महाप्रबंधक ने सेमापुर स्टेशन पर साफ-सफाई, कैटरिंग सेवा, सर्कुलेटिंग एरिया सहित यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन मुआयना किया एवं उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने सेमापुर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान यात्रियों के लिए उपलब्ध पेयजल की गुणवत्ता को स्वयं पी कर भी परखा । इसके उपरांत उन्होंने काढ़ागोला रोड स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी पुनर्विकास कार्य की समीक्षा भी की। उन्होंने कुर्सेला स्टेशन का निरीक्षण किया तथा गुड्स साइडिंग का भी जायजा लिया तथा साइडिंग में मूलभूत सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करने तथा पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए । निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने नवगछिया स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूरे स्टेशन सहित सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग एरिया एवं स्टेशन के उत्तरी तथा दक्षिणी प्रवेश पथ का मुयायना किया । उन्होंने नवगछिया स्टेशन के जारी पुनर्विकास कार्य की समीक्षा भी की। उन्होंने स्थानीय पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि नवगछिया स्टेशन का विकास 30 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है जिसमें दक्षिण साइड में नए स्टेशन भवन, 12 फ़ीट चौड़ा नया एफओबी, एस्केलेटर, लिफ्ट, बड़ा वेटिंग हाल, नया और बड़ा पार्किंग स्थल सहित पूरे क्षेत्र का सौंदर्यीकरण शामिल है।

## जमीनी विवाद में पुत्र ने टांगी से वार कर पिता की किया हत्या, आरोपी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** भरकट्टा ओपी क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के ग्राम परसबनी से बेहद चौंकाने वाला खबर सामने आया है, जहां एक कलयुगी बेटे ने अपने बुजुर्ग पिता की टांगी से मार कर हत्या कर दिया है। आपको बता दें कि जमीनी विवाद में पुत्र संदीप सोरेन ने शनिवार दोपहर दो बजे अपने 65 वर्षीय पिता सुखदेव सोरेन की टांगी से मार कर हत्या कर फरार हो गया। इस बीच ग्रामीणों ने बताया कि घटना की जानकारी शाम चार बजे हुई इसके बाद घटना की जानकारी ओपी प्रभारी सुमंत प्रसाद को दी गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी सुमंत प्रसाद सदलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। वहीं ग्रामीणों के प्रयास से आरोपी संदीप को पकड़ पुलिस थाने ले आई है। इधर ओपी प्रभारी सुमंत प्रसाद ने बताया कि आरोपी ने जमीनी विवाद में पिता की हत्या कर दिया है, आरोपी अभी पुलिस के कब्जे में है आवेदन के आधार पर जांच कर आरोपी के खिलाफ उचित कार्यवाई की जायेगी।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रमों का आयोजन, कई योजनाओं का ऑन द स्पॉट मिली स्वीकृति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के पुरनाडीह पंचायत सचिवालय में आज शनिवार को खेल मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रमों का हुआ आयोजन ऑन द स्पॉट मिली कई योजनाओं की स्वीकृति। प्राप्त समाचार के अनुसार पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज शनिवार को टुंडी के पुरनाडीह पंचायत सचिवालय में अपने निर्धारित समय से शिविर प्रारंभ हुआ जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो पहुंचे जहां टुंडी प्रमुख आशा मुर्मू की संयुक्त उपस्थिति में शिविर में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम प्रारंभ होते ही सर्वप्रथम टुंडी विधायक के हाथों लाभूकों को कंबल, धोती साड़ी, लूंगी, जाति प्रमाण पत्र, सर्वजन पेंशन, सीसीएल ऋण स्वीकृति पत्र समेत कई योजनाओं का ऑन द स्पॉट स्वीकृति दी गई। इस शिविर के माध्यम से सभी लाभूकों को टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने संबोधित करते हुए अबुआ आवास जैसी योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। मौके पर टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौरसिया, अंचलाधिकारी रवि कुमार, पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी, पंचायत सचिव गौतम, उप मुखिया रितेशे, पंसस सदस्या मीना, प्रज्ञा केंद्र के सहजाद अंसारी, रोजगार सेवक समेत सभी प्रखंड सह अंचल कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## खलिहान सभा के दौरान जेबीकेएसएस ने खलिहान में मनाया किसान दिवस




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत तारा पंचायत मे जेबीकेएसएस के द्वारा जमुआ विधानसभा स्तरीय खलिहान सभा जो अभी चर्चा में है एवं इसी सभा के दौरान ही आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय किसान दिवस को मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता मुरली राम तथा संचालन सूरज रवानी ने किया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रोहित कुमार दास ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के कथन ÷किसानों , एक नजर रखो खेत खलिहान पर , और दूजी नजर रखो लाल किले के मचान पर ÷ के द्वारा उन्हे याद किया । जैसा कि खलिहान सभा कार्यक्रम पिछले कुछ दिनों से प्रत्येक पंचायत में आयोजित हो रही है । ऐसे में किसान दिवस का इस कार्यक्रम के साथ टकराना बहुत अच्छी बात है। रोहित ने आगे कहा कि किसानों के लिए कई परेशानियां हैं पर ध्यान दिए बिना , किसानों के हित में कुछ नहीं किया जा सकता । उन्होंने धान क्रय केंद्र का ना खुलना , क्रय राशि को सही समय पर ना देना एवं बीजों का सभी के बीच भुगतान ना होने जैसे मुद्दों को लेकर सरकार पर हमला बोला और कहा कि सरकार झूठे वादे करती है, लेकिन उस पर अमल नहीं किया जाता ।


## विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी सरकार की गारंटी योजना का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी सरकार की गारंटी योजना के तहत शनिवार को गिरिडीह विधानसभा के वार्ड नंबर 9 एवं 10 विवाह भवन गिरिडीह में कैम्प लगाया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के साथ साथ आम जनता ने भाग लिया और केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना जो सीधे आम जनता के पास लाभुकों के पास जा रही है उसके बारे में लाभार्थियों से संवाद कर जानकारी दिया गया। संकल्प लिया गया कि आने वाले 2047 तक मोदी जी का संकल्प है कि हम भारत को हम विकसित देश बनायेंगे और गुलामी वाली मानसिकता से बाहर आएंगे लेकिन जिस तरह से मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश में विकास का पहिया दौड़ रहा है भारत विश्व गुरु की ओर बनने को अग्रसर है तो हम तमाम लोगो का कर्तव्य बनता है । देश को विकसित देश बनाने के लिए हम सभी मिलकर और इस योजना में मोदी जी का साथ दे, लेकिन बहुत अफसोस के साथ कहना पड रहा है कि मोदी जी की जो गारंटी योजना है-गारन्टी मतलब गारंटी, मोदी जी की गारन्टी योजना में हमारे गिरिडीह नगर में को कार्यक्रम हो रहा है इसमे लोग उदासीनता बरत रहे हैं सही समय पर जानकारी नहीं दिया जा रहा है मेरे वार्ड में जब किसी पर कोई सूचना नहीं था ये तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के लोग अपने से सूचना देकर कुछ लोगो को बताया गया। वही कार्यक्रम तो सवेरे सूचना यहां लोग दे रहे हैं जिससे आम लोगों तक मैसेज पहुंच नहीं पा रहा है। यहां के पदाधिकारी ये समझ ले की ये किसी पार्टी का काम नहीं है ये भारत को विकसीत देश बनाने के लिए है इसलिए में वेसे पदाधिकारियों को आग्रह और सचेत करना चाहते हैं किसी के इशारे पर जो यहां के स्थानीय जन प्रतिनिधि है उसके इशारे पर काम ना करे और मन को साफ कर के देश के विकास में अपना योगदान दे।

## पंचायत समिति सदस्य ने किया कम्बल वितरण



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत मोतिलेदा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रीतलाल प्रसाद वर्मा ने शनिवार को बढ़ते ठंढ को देखते हुवे लोगो के बिच कम्बल वितरण किया। इस दौरान कम्बल लेने योग्य कुल 16 लोगो कम्बल दिया गया। पंचायत समिति द्वारा वितरण इस कम्बल को पाकर ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया। आने वाले दिनों ने ठंढ और बढ़ने की सम्भवना है ऐसे में पंचायत समिति द्वारा वितरण कम्बल गरीबो के लिए काफी राहत लाएगी। वही मौके पर वार्ड सदस्य रवि वर्मा एवं पूर्व वार्ड सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र वर्मा,निर्मल,राजेन्द्र इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### महाविद्यालय में पं.मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी वाजपेयी की मनाई गई जयंती

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम में पंडित मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी और उपलब्धियां पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। ऋद्धि मिश्रा ने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय,काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रणेता तो थे ही इस युग के आदर्श पुरुष भी थे। वे भारत के पहले और अंतिम व्यक्ति थे,जिन्हें महामना की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया।

### विलक्षण प्रतिभा के धनी थे मालवीय जी : प्रधानाचार्य

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पण्डित मदन मोहन मालवीय जयन्ति धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी द्वारा पंडित मालवीय जी का चित्र पर पुष्पार्चन व माल्यार्पण कर पररम्भ किया गया। वही जयंती प्रमुख प्रतिभा देवी द्वारा मदन मोहन मालवीय की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भैया बहनों को उनके बताए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। वही प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि मालवीय जी एक विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। साथ ही बताते हुए कहा कि मालवीय जी काशी हिंदू विश्व विद्यलाय के संस्थापक और प्रणेता एवं एक कुशल आदर्श पुरुष थे।

# पांच सूत्री मांग को लेकर शिक्षिकाओं ने काला बिल्ला लगा कर किया कार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय प्रांगण में कार्यरत शिक्षिकाओं ने अपने अपने कर्तव्य का निर्वाह्न किया परंतु सभी ने काला बिला लगा कर तथा सरकार की दोहरी नीति के विरुद्ध में किया गया है। विदित हो कि विद्यालय में कार्यरत शिक्षिकाएं एवं चतुर्थवर्गी कर्मियों को समानता का अधिकार नही दिया जा रहा है। जिसको लेकर झारखंड प्रदेश से निर्देश निर्गत होने के उपरांत सभी विद्यालय के शिक्षिकाओं एवं चतुर्थवर्गी कमियों ने अपने अधिकार के लिए काला बिला लगा कर राज्य परियोजना निर्देशक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची को अवगत कराते हुए कहा कि



आज शिक्षा के क्षेत्र में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं ने देश राज्य के साथ जिला का नाम रौशन करने में खेल,विज्ञान शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में अच्छा व सराहनीय रहा है। उसके बाबजूद दोहरी नीति का उपयोग किया जा रहा है। बताते हुए पांच सूत्री मांगों पर ध्यान आकृष्ट कराया गया। जिसमें 50 प्रतिशत वेतन वृद्धि एवं सहायक अध्यापक एवं परियोजना कर्मियों के तहत 4 प्रतिशत वर्षिक वृद्धि किया जाए। 10 साल में सेवारत कर्मियों का सीधा समायोजन किया जाए। पेंशन, ईपीएफ एवं मेडिकल भत्ता का लाभ दिया जाए। सरकारी बहाली में पूर्व से बहाल शिक्षिकाओं, लेखपाल, गार्ड, एवं रसोइया को उनके पद के अनुरूप नियुक्ति में आरक्षण दिया जाए। तथा बिना दोष या छोटी गलतियों पर शिक्षिकाओं/शिक्षकेतर कर्मियों को नौकरी से हटाने की प्रथा पर रोक लगाई जाए। इस सभी बिंदुओं पर सरकार का सकारात्मक पहल हो जिसके लिए प्रतिलिपि के माध्यम से मुख्यमंत्री सह मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार सहित मुख्य सचिव, राज्य कार्यकारणी समिति, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची सहित सभी संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए कहा गया कि उक्त पांच सूत्री मांग पर सहमति प्रदान नही किए जाने पर संघ के नेतृत्व में आंदोलन का रूपरेखा तैयार करने पर हम सभी कर्मी बाध्य होंगे।

# राजकीय मध्य विद्यालय में क्रिसमस गैदरिंग पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राजकीय मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा लोहरदगा में क्रिसमस गैदरिंग के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अब्दुल फारुक खान का छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक रूप से स्वागत किया अतिथियों को उपहार देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि, प्रधानाध्यापक अरुण राम एवं सभी शिक्षकों ने सम्मिलित रूप से केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अब्दुल फारुख खान ने बच्चों को अपने संबोधन में कहा कि मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन निश्चित ही प्रशंसा के योग्य है। इस विद्यालय में सभी पर्व एवं त्योहार को बच्चों के साथ परंपरागत रूप से मनाया जाता है। हमें सभी धर्म का आदर एवं सम्मान करना चाहिए। विद्यालय में बच्चे सभी धर्म की अच्छी चीजों को जानते हैं एवं सीखते हैं। विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चों के द्वारा चरणीय तथा क्रिसमस ट्री को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया है, यह प्रशंशनीय है। प्रधानाध्यापक अरुण राम ने कहा कि अब्दुल फारुख खान जी अल्प समय की सूचना पर ही कार्यक्रम का आतिथ्य स्वीकारने के लिए विद्यालय परिवार उनका बहुत आभारी है। हमेशा लोहरदगा जिला के युवाओं को प्रोत्साहित करने में तत्पर रहते हैं। विद्यालय के बच्चे बहुत ही प्रतिभावान है। बच्चे परीक्षा के बावजूद एक दिन की सूचना पर ही इतना अच्छा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया है सभी प्रशंसा के पात्र हैं। कार्यक्रम को नेहरू युवा केंद्र के एकाउंटेंट रामाशीष चौधरी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बतलाया कि बच्चे कोमल मन के होते हैं,किताबों से ज्यादा प्रेक्टिकल करके सीखते हैं और इस विद्यालय में इस तरह के आयोजन का होना उनके शैक्षिक विकास में सहायक सिद्ध होगा।

# ठेठईटांगर प्रखण्ड के राईबहार में विधायक मद से बना सेड संस्कार सह क्रिसमस गैदरिंग का विधायक कोलेबिरा ने किया उद्घघाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखण्ड अंतर्गत जोराम पंचायत के राईबहार में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के विधायक मद से बना सेड एव चबूतरा निर्माण साथ ही क्रिसमस गैदरिंग का उद्घघाटन विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के द्वारा किया गया। साथ ही गांव वालों ने बताया कि इस जगह पर हमलोगो को प्रोग्राम करने में बहुत ही असुविधा होती थी हमलोग विधायक नमन बिकसल कोंगाड़ी का आभार प्रकट करते हैं जैसे ही हमलोग ने विधायक को बताया तो उसने बिना देर किए सेड और चबूतरा देने का काम किया। मौके पर विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि क्षेत्र के विकास व जनता की समस्याओं को



दूर करना मेरी प्राथमिकता है। और आगे भी इसी तरह करता रहूंगा। साथ ही क्रिसमस गैदरिंग और पर्व का सुभकमना देते हुए कहा कि क्रिसमस हमें आपसी, प्रेम, भाईचारा और सद्भावना का संदेश देता है। क्रिसमस के मौके पर हम एक दूसरे में प्रेम बांटे। गरीबों की मदद करें। उन्होंने कहा कि क्रिसमस का यह त्योहार हमे आपस मे प्रेम के साथ रहने का संदेश देता है। हम सभी प्रभु येसु के संदेशों को सुने। उसे जीवन मे आत्मसात करें। दिन दुःखियों की मदद कर करें। क्रिसमस के मौके पर प्रभु येसु मसीह सभी के जीवन मे सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लाए। सभी के जीवन में ढेर सारा आशीष बरसाए। मौके पर मौजूद जिला विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, ठेठईटांगर प्रमुख विपिन पंकज मिंज, अल्पसंखयक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग, मोहम्मद कारू, अल्पसंखयक जिला सचिव जमीर हसन, अनिल सुरीन, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद वहीद, अमृत चिराग तिर्की, सिप्रियां बागे, साहबाज, नवनीत, आदि उपस्थित थे।

## आपका प्यार और समर्थन ही मेरी ताकत है : विधायक भूषण बाड़ा

# विधायक भूषण बाड़ा को उनके विधायकी की चौथी वर्षगांठ पर बधाई देने के लिए लगा तांता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के विधायकी के चार साल पूरे होने पर कांग्रेस नेताओं एवं जिलेवासियों ने बधाई दी है। शानिवार को विधायक के आवास पहुंच कई कांग्रेसी नेताओं ने बुके देते हुए एवं शॉल ओढ़ाकर उनके विधायकी के चौथी वर्षगांठ की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ निरंतर जनता की सेवा करने एवं क्षेत्र का विकास करने की हिम्मत देने के ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं विधायक ने भी



जिलेवासियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इन चार वर्षों में पर जनता का पूरा सहयोग मिला। विधायक ने कहा कि जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारी खासकर मीडिया के साथियों का भरपूर सहयोग रहा। इसी का नतीजा रहा कि सिमडेगा विधानसभा आज विकास के पथ पर अग्रसर है। लोगों के हर छोटी बड़ी समस्याओ का समाधान किया जा रहा है। मैं जनता का आभारी हूं। आपका यह प्यार और समर्थन ही मेरा प्रेरणा का स्त्रोत और ताकत है। हम इसी निष्ठा के साथ आगे भी जनता की सेवा करते रहेंगे। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, पीसीसी डेलीगेट सह विधायक प्रतिनिधि प्रदीप केसरी ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा का इन चार वर्षो का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा है। इन चार वर्षो में विधायक ने अनगिनत कार्य जिला और जिले की जनता के हित मे किये। कोविड प्रकोप के बावजूद उन्होंने जिले की जनता को भूख और बेरोजगारी की मार नहीं झेलनी दी। आज क्षेत्र की जनता विधायक के कार्यकाल से काफी खुश है।

# प्रभु यीशु प्रेम एवं शांति के प्रतीक हैं : डॉ. रामेश्वर उरांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार क्रिसमस पर्व के शुभ अवसर पर बधाई के निमित लोहरदगा जिले के उर्सुलाईन बीएड कॉलेज, उर्सुलाईन गर्ल्स हाई स्कूल, संत उर्सुला हॉस्पिटल, जीईएल एवं एन डब्लू जीईएल चर्च, लीवेंस एकेडमी आगमन, सीएनआई चर्च लोहरदगा, आर सी चर्च पेरिस पहुंच कर मसीही समुदाय से मिलकर कुशलक्षेम जाना और क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं



प्रदान किया। और कहा प्रभु यीशु प्रेम और शांति के प्रतीक हैं पूरे विश्व में अहिंसा, सत्य और सेवा का संदेश फैलाया उसी तर्ज पर आज मिशनरी भाई बहन मानव धर्म की सेवा शिक्षा, स्वास्थ्य, भाषाओं का संरक्षण एवं कल्याणकारी कार्य हर एक क्षेत्र में कर रहे हैं। हमें अपने जीवन में मसीह यीशु को आदर्श बनकर चलने की जरूरत है, एवं सभी राज्य वासियों को क्रिसमस एवं नववर्ष की शुभकामनाएं। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, विशाल डुंगडुंग, अनुराग टोप्पो, सिस्टर शीला, सिस्टर बसंती, सिस्टर आश्रिता, डॉ. आइलिन, नेम्हस तिर्की, विश्राम केरकेट्टा, जॉर्ज कुजूर, नेलशन तिर्की, ऊषा मिंज, शांति तोपनो, अमर मिंज, होसियाना तिर्की, असलम अंसारी, सुशीला मिंज, रश्मि तिर्की, लोतेम डुंग डुंग, शबनम तिर्की, पादरी संजय लकड़ा, संदीप किस्पोटा,सत्यवती कुजूर, फादर वीरेंद्र खलखो, संजय लकड़ा, राजू कुजूर, संगीता कुजूर, जेवियर लकड़ा, फादर थॉमस, फादर अजय सोरेन आदि उपस्थित थे।

# एमबी डीएवी विद्यालय में गणित दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में गणित दिवस के अवसर पर गणित शिक्षक परमित कुमार व शिक्षिका आरती कुमारी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय गणित दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह हमें गणित के महत्व को समझने और गणित के अध्ययन को प्रोत्साहित करने का अवसर प्रदान करता है। गणित एक महत्वपूर्ण विषय है। यह हमारे जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी है। गणित के अध्ययन से हमारी तार्किक सोच,समस्या समाधान की क्षमता और रचनात्मकता विकसित होती है।महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जिनका जन्म 22 दिसंबर को हुआ था उनकी जयंती को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। महान ज्योतिष आचार्य व गणितज्ञ श्री श्रीनिवास रामानुजन के महान योगदान को याद रखते हुए गणित के प्रति विद्यार्थियों का रुझान जागृत करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीनिवास रामानुजन की तस्वीर को माल्यार्पण तथा पुष्पार्जन कर किया गया।

# पंडित मदन मोहन मालवीय एक महान शिक्षाविद् प्रखर वक्ता एवं राष्ट्र निर्माता थे : सुरेश चंद्र पांडे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज श्री अटल बिहारी बाजपेई तथा मदन मोहन मालवीय जी का जयंती मनाई गई। वंदना सभा में अटल बिहारी वाजपेई एवं मालवीय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री पांडे ने मालवीय जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा मदन मोहन मालवीय एक महान शिक्षा विद देशभक्त प्रखर वक्ता एवं महान राष्ट्र निर्माता भारतीय संस्कृति के पोशक थे।



उनके द्वारा विश्व प्रसिद्ध बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। आचार्य श्री महेंद्र कुमार मिश्र ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा लिखित बहु चर्चित कविता बच्चों के बीच सुनाया गया। उन्होंने कहा श्री वाजपेई एक महान राजनेता कवि एवं प्रखर वक्ता थे। श्री त्रिलोचन साहू ने कहा मदन मोहन मालवीय एक युग पुरुष महान शिक्षाविद् एवं छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। श्री जगदीश पांडे ने कहा मालवीय जी एवं अटल जी के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। मंच संचालन करते हुए सुश्री सुनीता बहन जी ने कहा महापुरुषों के जीवन से हमें शिक्षा लेने एवं उनके पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं समस्त भैया बहन उपस्थित थे।

# कमल किशोर सोन ने वरीय पदाधिकारीयों के साथ इंडीकेटरवार की समीक्षा बैठक कि, दिए आवश्यक निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कमल किशोर सोन, संयुक्त सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आज आकांक्षी जिला अंतर्गत इंडीकेटर्स की समीक्षा जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में की गई। बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम शिक्षा विभाग अंतर्गत विद्यालय भवन निर्माण व उसकी उपयोगिता सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। विद्यालय भवनों के बिजली बिल का भुगतान सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया ताकि बिजली की आपूर्ति बाधित नहीं हो। विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था



सुनिश्चित किये जाने हेतु निदेश दिया गया। जिला के विभिन्न प्रखण्डों में निर्माणाधीन पांच एकलव्य आवासीय विद्यालयों में से मार्च 2024 तक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर उक्त विद्यालयों में पठन-पाठन कार्य प्रारंभ कराने हेतु कार्ययोजना बनाकर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश दिया गया। साथ ही,आकांक्षा परीक्षा में आवासीय विद्यालयों की छात्र/छात्राओं को अवसर प्रदान करने हेतु वैसे बच्चों को चिन्हित कर लोहरदगा जिला में ही तैयारी कराये जाने का निदेश दिया गया। इसके लिए आकांक्षा परीक्षा के लिए पढ़ाने वाले शिक्षकों से संपर्क कर शिक्षकों की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया। परीक्षा से पहले ओरिएंटेशन कराये जाने का निदेश दिया गया। कैलेण्डर के अनुसार प्रवेश परीक्षा की तिथियों के बारे बच्चों को जानकारी दिये जाने का निदेश दिया गया। ग्रामीण कार्य विभाग,लोहरदगा को विद्यालयों, अस्पताल व आंगनवाड़ी केंद्रों तक पहुंच पथ सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। इसके लिए कार्ययोजना बनाये जाने का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत एएनसी सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। स्वास्थ्य विभागों के द्वारा सिकल सेल की जांच की जानकारी ली गई। संस्थागत प्रसव के लिए एएनसी में रजिस्टर्ड महिलाओं की मॉनिटरिंग किये जाने और संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया।

## जयप्रकाश शर्मा ने इस कड़कड़ाती ठंड में गरीबों के बीच बांटे कंबल

# कहा, गरीबो की सेवा करना ही मंच का मुख्य उद्देश्य सक्षम लोगों से अपील, हर हाल में करें गरीबों की मदद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा में दिनों दिन सर्द मौसम का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ज्यों ज्यों पारा लुढ़क रहा है आम जनों का जीवन कष्टदायक होता जा रहा है विशेषकर गरीब, लाचार और बूढ़े बुजुर्ग ज्यादा परेशान हो रहे हैं। इसी तकलीफ से निजात दिलाने मारवाड़ी युवा मंच के युवा लगातार जरूरतमंदों के बीच जा कर कंबल दे कर राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में मंच के प्रदेश संयोजक जय प्रकाश शर्मा अपने सहयोगियों के साथ वृद्धा आश्रम जा कर वहां रह रहे बुजुर्गों को कंबल दे कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि विगत 3 वर्षो से मंच अपनी ये सेवा देती आ रही है। मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया, सचिव आशीष पोद्दार, प्रतीक पोद्दार, शशांक बर्मन और अन्य साथियों के द्वारा सदर अस्पताल, रैन बसेरा, सहित शहर के विभिन्न इलाकों में जा कर लोगों को कंबल दिया जा रहा है अब ग्रामीण इलाकों में भी इसका लाभ पहुंचाया जाएगा। आज के कार्यक्रम में प्रदेश संयोजक जय प्रकाश शर्मा, मंच कोषाध्यक्ष मयंक मोदी, सह सचिव शुभम शर्मा, जय श्री राम समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से नंदकिशोर राजगढ़िया, शिव प्रसाद राजगढ़िया, अंजनी राजगढ़िया, अशीष अग्रवाल, प्रमोद पोद्दार, अशोक शर्मा, शैलेश पोद्दार, अजय पोद्दार, जय प्रकाश शर्मा का सहयोग मंच को प्राप्त हुआ।

### चिरी एवं जीमा पंचायत में आयोजित हुआ हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन आज कुडू प्रखण्ड के चिरी एवं जीमा पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मोबाईल आईईसी वैन के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिये गये संदेश को प्रसारित किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों के वीडियो को भी एलईडी वैन के माध्यम से दिखलाया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के कर्मियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक होने का दायित्व निभाने की शपथ दिलाई गई।

# जी टी पी एस का वार्षिक खेलकूद समारोह भव्यता के साथ हुआ संपन्न

➲हताश होना खेलकूद की डिक्शनरी में लिखा ही नहीं है : इन्द्रजीत सिंह
➲जीवन जीने की पद्धति सीखाता है खेलकूद : प्रवीण कुमार सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में पिछले एक सप्ताह से चल रहा 20वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह 23 दिसंबर को काफी भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय कॉमनवेल्थ गेम्स पावर लिफ्टिंग के स्वर्ण-पदक विजेता इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता जीतने के लिए मन में हौसला और लक्ष्य का निर्धारण होना जरूरी है। क्योंकि खेलकूद की दुनिया की डिक्शनरी में हताशा नाम का कोई शब्द नहीं होता। यहां प्रतिभागी गिरता है और फिर उठकर



दौड़ता है । यह गिरने,उठने और दौड़ने की प्रक्रिया ही उन्हें एक दिन मंजिल तक पहुंचाता है। इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने और जीतने के लिए उम्र कभी बाधक नहीं होता। बस आवश्यकता है कि निरंतर व्यायाम और भोजन पर खिलाड़ी समन्वय बनाकर आगे बढ़े। परिश्रम और उत्तम स्वास्थ्य ही सफलता की पूंजी है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व बिहार विधान पार्षद और विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि खेलकूद जीवन जीने की पद्धति सीखाता है। परिश्रम,आपसी सद्भाव और सहयोग की भावना खेल के मैदान में ही देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ किसी न किसी अन्य गतिविधि में पारंगता हासिल करें तभी उनका सर्वांगीण विकास संभव है। प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय खोलने का मेरा उद्देश्य ही यही था कि लोहरदगा जैसे पिछड़े क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में पारंगत कर उन्हें सफल एवं आदर्श नागरिक बनाया जाए जो आगे चलकर परिवार, समाज, राज्य और देश हित में काम करते हुए अपना निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करें। क्योंकि आज के बच्चे हैं कल के भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय को स्थापित हुए 20 वर्ष हो गया और इस अवधि में विद्यालय के छात्रों ने पढ़ाई के साथ-साथ अन्य कई गतिविधियों में विद्यालय तथा जिला का नाम रोशन किया है और यहां के छात्रों का भविष्य गढने में यहां के व्यवस्थापक और शिक्षक पूरी ईमानदारी और तन्मयता के साथ लगे हुए हैं। विद्यालय के प्राचार्य एस के झा ने बताया कि वार्षिक-खेलकूद प्रतियोगिता में कुल 96 इवेंट्स कराए गए। जिसमें 26 इंडोर इवेंट्स 13 टीम इवेंट्स और 57 व्यक्तिगत इवेंट्स कराए गए। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शारीरिक शिक्षक एस सुजाउद्दीन राजा, अरुण कुमार बडाईक तथा आर्चरी कोच नरेश कुमार लागूरी के निर्देशन में सभी शिक्षकों ने काफी मेहनत कर सभी इवेंट्स को ससमय भलीभांति संपन्न कराने में सहयोग किया । वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की सफलता में छात्रों और अभिभावकों का भी सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय के मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने जानकारी देते हुए कहा कि 2022 की भांति 2023 का 20 वां वार्षिक -खेलकूद प्रतियोगिता में भी 220 अंक लाकर, ओवरऑल चैंपियनशिप में एकता हाउस विनर बना जबकि 174 अंक लाकर विवेक हाउस ने रनर का खिताब जीता।

# भाजपा नगर मंडल की बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर हुई चर्चा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमरेश भारती की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से नगर मंडल प्रभारी श्री राजकिशोर महतो उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को धरातल पर उतारने के लिए विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस योजना में 18 प्रकार के व्यवसाय को सम्मलित किया गया है। जैसे कारपेंटर, राजमिस्त्री, टेलर, मोची, सैलून, इत्यादि। फॉर्म जमा करने के बाद प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के पश्चात संबंधित व्यवसाय का किट भी दिया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 25 दिसंबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म दिवस पर सुसाशन दिवस के रूप मे मनाया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राजकिशोर महतो ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का यह कल्याणकारी योजनाओं में से एक है।देश को 2047 तक विश्व शक्ति बनाने के लिए अंतिम व्यक्ति का उत्थान आवश्यक है।इसलिए हम सबों को मिलकर इस योजना को सफल बनाने में लग जाना है। नगर अध्यक्ष श्री अमरेश भारती ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री देश के उत्थान के लिए दिन रात एक किए हुए है। इसलिए जनोपयोगी योजना लाकर लोगों का कल्याण कर रहे हैं।

वाहन बिक्री

1995 मॉडल टाटा 609 स्कूल वाहन पंजीयन संख्या - बीआर 14 पी 0675 उपस्थित विक्रम हेतु उपलब्ध है। क्रेता सील बंद निवेद प्राचार्य एम0वी0डी0बी पब्लिक स्कूल करमटोली, झरिया लोहरदगा के पत्ते मैं 15 दिनों के अंदर भेजें। संपर्क करें 8434409849

चलते चलते एक नजर

## जीएन कान्वेंट प्लस टू स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित




**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक मदन केशरी, विद्यालय सचिव सुषमा केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया किया।मौके पर महान गणितज्ञ रामानुजम तथा मिसाइल मैन वैज्ञानिक अब्दुल कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सरस्वती वंदना और स्वागत गान प्रस्तुति की गई। बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल एवं प्रोजेक्ट का निरीक्षण निदेशक एवं उपस्थित अभिभावकों के द्वारा किया गया। निदेशक ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि जगाना है। यह उन्हें वैज्ञानिक पद्धति मे गहराई से उतरने के लिए प्रोत्साहित करता है। वर्तमान युग विज्ञान का युग है। यह चमत्कार का दूसरा नाम है। उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदय प्रकाश, संजीव कुमार, खुर्शीद आलम, मुकेश कुमार भारती, बीरेन्द्र गुप्ता, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, निलम कुमारी, रिजवाना शाहिन, सुनिता कुमारी, शिवानी कुमारी, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## एआईएमआईएम विधानसभा प्रभारी डा. एमएन खान ने किया आर्थिक सहयोग

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एआईएमआईएम पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ एमएन खान रंका पहुंच कर बरमजीत भुइयां व उनके परिवार वालों से मुलाकात की। साथ ही तत्काल सहयोग राशि प्रदान किया। वहीं बरमजीत भुइयां की समुचित इलाज कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ एमएन खान ने कहा कि रंका प्रखंड स्थित रंका थाना मोड़ निवासी बरमजीत भुइया छह माह पहले मकान छाने के क्रम में कंडी टूटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स में रेफर कर दिया गया था। छह महीना से रांची आने-जाने के बीच भी इनका समुचित इलाज नहीं हो पाया। आज भी वे यूरिन बैग लटका कर चल रहे हैं। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, जैकी वर्मा, संजय गुप्ता, मजहर हुसैन रजवी, जहांगीर अंसारी, मोबिन अंसारी, असगर अंसारी, सुदामा कुमार रवि, खुशदिल अंसारी, आमिर बक्श अंसारी, आरिफ अंसारी, जाबिर अंसारी, कामेश कुमार रवि, पिंकू कुमार आदि उपस्थित थे।

एनुअल फंक्शन में स्कूल प्रबंधन ने लिया संकल्प, वर्ल्ड क्लास का रैंकर पैदा करेगा डीपीएस

# डीपीएस का उज्जवल है भविष्य : सुरजीत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डेडीकेटेड प्रीमियर स्कूल यानी डीपीएस लिलवाकरम-सूदना में शनिवार को एनुअल फंक्शन के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी सुरजीत कुमार, डॉ. अजीत मेहता, ई. विनय मेहता, डॉ. श्वेता कुमारी, दीनानाथ तिवारी, विद्यालय के प्राचार्य कुमार क्षितिज आर्य, अनुज त्रिपाठी, ब्रजेश शुक्ला सहित कई जानी मानी हस्तियां मौजूद रहे। अपने उद्बोधन में डीएसपी सुरजीत कुमार ने कहा कि इस स्कूल का पर्सनालिटी डेवलपमेंट कबीले तरफ है। अच्छा पर्सनालिटी घर, समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय भारत के भविष्य का निर्माण कर रहा है। श्री कुमार ने कहा कि इस विद्यालय के बच्चों का भविष्य उज्वल है। उन्होंने स्कूल के डायरेक्टर, प्रिंसिपल व बच्चों को धन्यवाद दिया।

### आईएएस-आईपीएस बनाना डीपीएस का उद्देश्य : ई. विनय मेहता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डेडीकेटेड के सचिव ई. विनय मेहता ने कहा कि अपने स्थापना काल से ही डेडीकेटेड प्रीमियर स्कूल यानी डीपीएस बच्चों और अभिवावकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। इसका कारण यह है कि शुरू से ही प्रबंधन का मुख्य फोकस क्वालिटी एजुकेशन रहा है। स्कूल प्रबंधन क्वालिटी एजुकेशन से कोई समझौता नहीं करता है। डीपीएस के छात्रों को शुरुआती दौर से ही आईआईटी, आईएएस, आईपीएस सहित अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं को तैयारी कराई जाती है। ताकि कॉलेज में जाते ही बच्चे अपने आप को पूरी तरह से प्रतियोगिता परीक्षाओं के लायक ढाल सकें। उन्होंने कहा कि स्कूल में बेस्ट एजुकेशन के अलावा योग, संगीत, खेल सहित अन्य चीजों की जानकारी बच्चो को दी जाती है। ई. विनय मेहता ने कहा कि डीपीएस के बच्चे को शुरू से ही सभी विधा की शिक्षा दी जाती है। बच्चो को शारीरिक शिक्षा की भी जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि स्कूल के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक बच्चों का विशेष ख्याल रखते हैं। मेहता ने कहा कि डीपीएस को नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर ढालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डेडीकेटेड प्रीमियर स्कूल यानी डीपीएस के भी बच्चे नेतरहाट विद्यालय के बच्चों की तरह अपनी सफलता का परचम लहराएंगे। उन्होंने कहा कि डीपीएस का मुख्य उद्देश्य वर्ल्ड लेबल का रैंकर पैदा करना है। अभी इस स्कूल के बच्चे ओलंपियाड में अच्छे रैंक प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के टीचर बेहतर भूमिका निभा रहे हैं।

### स्मित सहित विद्यालय के बच्चों ने बांधा समा

एनुअल फंक्शन के अवसर आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने गीत-संगीत के माध्यम से ऐसा समा बांधा कि हर कोई मंत्र मुग्ध रह गया। विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढ़ कर कई कार्यक्रम प्रस्तुत किया। भारतीय संविधान के विभिन्न धारा, प्रस्तावना, मौलिक अधिकार आदि पर बच्चों ने संगीत पेश किया। साथ विद्यालय का छात्र स्मित ने विज्ञान के कई अध्यायों को संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया।



### बच्चों के सर्वांगीण विकास पर स्कूल मैनेजमेंट का पूरा ध्यान डॉ. श्वेता कुमारी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डेडीकेटेड प्रीमियर स्कूल डीपीएस के निदेशक डॉ.श्वेता कुमारी ने कहा कि स्कूल मैनेजमेंट का पूरा ध्यान बच्चों के सर्वांगीण विकास पर है। इस स्कूल के बच्चे देश के टॉप इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों से ऊपर रहें, यह हमारा प्रयास है। उन्होंने कहा कि शहर के अन्य निजी विद्यालयों से डीपीएस अलग है। श्वेता कुमारी ने कहा कि स्कूल के बच्चे एलकेजी-यूकेजी से ही अंग्रेजी बोलना और पढ़ना शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के शिक्षक यहां के बच्चों के प्रति पूरी समर्पण की भावना से पढ़ाई करते हैं। कहा कि आने वाले समय में यहां के बच्चे हर क्षेत्र में स्टार होंगे।

# कांग्रेस में इमरान प्रतापगढ़ी कद्दावर नेता बनने की राह पर

मेनीफेस्टो कमेटी में सदस्य नियुक्त कर इमरान को बनाया और प्रभावशाली



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने अंदरूनी तौर पर लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस ने गत दो दिन पहले अपनी मेनीफेस्टो कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में जहां कांग्रेस के शीर्ष वरिष्ठ नेताओं को जगह दी गई है, वहीं मेनीफेस्टो कमेटी में इमरान प्रतापगढ़ी का नाम होना सभी को हैरान करने वाला है। राजनीतिक तौर पर बेहद महत्वपूर्ण मानी जाने वाली इस कमेटी में इमरान प्रतापगढ़ी का नाम है। सूत्रों को माने तो राजनीतिक आंकड़ेबाज हतप्रभ और आश्चर्यचकित हैं कि जिस कमेटी का चेयरमैन पी चिदंबरम को बनाया गया है और कमेटी में प्रियंका गांधी वाड्रा और जयराम रमेश जैसे नेताओं को जगह दी गई है। उसमे इमरान प्रतापगढ़ी को भी शामिल करना बहुत सोचा समझा फैसला है। क्योंकि इमरान अभी युवा है। हाल ही में राज्यसभा सांसद बनाया गया था। फिर वो स्टार प्रचारक बनाए गए। अब उन्हें मेनीफेस्टो कमेटी में रखा गया है।

जो काफी बड़ी बात है। यह थोड़ा अधिक हो रहा है। कुछ लोग कहते हैं कि उन्हें राहुल गांधी का भरपूर समर्थन हासिल है कांग्रेस का एक समूह उनकी आलोचना करने के बहाने न मिलने पर खिसियाने लगता है। उन पर कीचड़ उछालने की साजिश रचता है। लेकिन कांग्रेस का एक घड़ा प्रतापगढ़ी को लंबी रेस का घोड़ा मानता है और इमरान की प्रतिभा वफादारी मेहनत और हर मोर्चे पर कांग्रेस के लिए डटे रहना भी उनको अलग कतार में खड़ा करता है। हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावो में कांग्रेस के लिए नतीजे चाहे कुछ भी रहे हो लेकिन तेलंगाना में कांग्रेस की बंपर जीत के लिए प्रतापगढ़ी को भी श्रेय देते हैं। तेलंगाना में इमरान प्रतापगढ़ी का नारा ÷बाय बाय केसीआर÷ बहुत पॉपुलर हुआ और इमरान ने खुद चुनाव प्रचार के दौरान अपना नारा ÷बाय बाय केसीआर÷ घर घर तक पहुंचाया। राजनीतिक पंडितों की माने तो इमरान प्रतापगढ़ी आने वाले समय में इससे भी बहुत आगे जा सकते हैं। वो आदर्श भारतीय मुस्लिम है। मात्र 35 साल की आयु में देश के सबसे ईमानदार और अडिग नेता राहुल गांधी का भरोसा हासिल करना मामूली बात हो ही नही सकती। शीर्ष नेतृत्व की इमरान को पसंद करने की एक वज़ह शायद यह भी है कि प्रतापगढ़ी ब्रॉडमाइंड है और सबके साथ मिलकर और सबको साथ लेकर काम करने को अपनी ताकत मानते हैं। यही दृष्टिकोण व।यही योग्यता उन्हें अब तक के तमाम मुस्लिम नेताओ में सबसे अलग सकारात्मक और विजनरी बनाता है। मगर इमरान आगे कितने सफल होते हैं यह आने वाला समय ही बताएगा।


# स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग व बलिदान का परिणाम है आजादी : मंत्री मिथिलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को गढ़वा-मझिआंव मुख्य पथ अटौला मोड़ पर स्वतंत्रता सेनानी सह शहीद द्वार निर्माण के लिए विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीद जवान के परिजनों को फूल माला तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही पैर छू कर आशीर्वाद लिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हमारे देश की आजादी उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या व बलिदान का परिणाम है, जिन्होंने आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। जिन्हें हम सभी भुलते जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिले में सबसे ज्यादा स्वतंत्रता सेनानी अटौला गांव के थे। चुनाव जीतने के बाद से ही हमने उनकी याद में यहां तोरण द्वार बनाने का संकल्प किया था। जिसका आज भूमि पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द यहां भव्य व आकर्षक तोरण द्वार का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि चुनाव के समय जात-पात, हिंदू-मुस्लिम कर समाज को बांटकर वोट लेने का काम करती है। मौके पर मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, उदय नारायण दुबे आदि ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि बबलू सिंह, सुजाता देवी, मीना देवी, धर्मराज भारती, बबलू दुबे, पूर्व मुखिया हरिवंश तिवारी, ऋषि कुमार तिवारी सहित अटौला, चेचरिया तथा खोरीडीह पंचायत के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मंत्री ने किया अंतर स्कूल सीनियर वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन



गढ़वा : 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग का उद्घाटन शनिवार को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने डीसी शेखर जमुआर की गेन्द पर शॉट खेलकर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि इस तरह का मंच आज से 40 साल पूर्व खिलाड़ियों को मिला होता तो धोनी से पहले देश का प्रतिनिधित्व गढ़वा का खिलाड़ी कर लिया होता। जो खिलाड़ी खेल में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं वे लोग कड़ी मेहनत करें। लगातार प्रयास करते रहें मेहनत कभी बेकार नहीं जाता है। उन्होंने कहा कि वह लगातार विधानसभा का चुनाव लड़ते रहे, दो बार हार मिली पर निराश नहीं हुए। जिसका परिणाम यह है कि दो बार विधानसभा हारने के बाद तीसरी बार में गढ़वा विधानसभा की जनता ने उन्हें आज ही के दिन विधायक बनाया और विधायक बनने के बाद मंत्री भी बन गए। उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि आप लोग खेल को कैरियर के रूप में अपनाएं। आज खेल में पैसा के साथ-साथ ग्लैमर भी खिलाड़ियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज अभिभावक बच्चों को लेकर मैदान पहुंच रहे हैं। खिलाड़ियों को भी नई तकनीक को सीखने की आवश्यकता है। उद्घाटन समारोह को संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष विनोद कमलापुरी ने भी संबोधित किया। सचिव आनंद सिन्हा ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि अंतर जिला स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में 52 टीमें भाग ले रही है। इस मौके पर अंचलाधिकारी मयंक भूषण, कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र सिंह, खेल प्रतिनिधि धीरज दुबे, ओमप्रकाश गुप्ता, राजद जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, सुशील केशरी, नंदकुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

# सांसद वीडी राम ने की पलामू व गढ़वा में खाद का कारखाना स्थापित करने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित निर्माण भवन में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक मंत्रालय के माननीय मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिलें क्रमशः पलामू एवं गढ़वा में खाद का कारखाना स्थापित करने की मांग किया। साथ ही साथ उक्त दोनों जिलों में स्वास्थ्य मेला आयोजित कराने का भी अनुरोध किया। श्री राम ने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दो जिले आते हैं क्रमशः पलामू एवं गढ़वा। उक्त दोनों जिले आकांक्षी जिलों की सूची में आते हैं। यहॉ की 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। किसी भी कल कारखाना को स्थापित करने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध है। यथाः-जमीन, श्रम, बिजली, पानी एवं खनिज पदार्थ। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी की यह इच्छा है कि देश के अंतर्गत जो भी आकांक्षी जिले हैं उनको उन्नत जिलों की श्रेणी में लाकर खड़ा किया जाय। उपरोक्त उद्देश्यों की प्रतिपूर्ति हेतु यह आवश्यक है कि वहां के निवासियों को रोजगार उपलब्ध कराया जाय। क्योंकि कृषि पर संपूर्ण रूप से निर्भरता के फलस्वरूप अतिवृष्टि,अनावृष्टि की स्थिति में लोग पलायन को मजबूर हो जाते हैं और उनके समक्ष बेरोजगारी एवं भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। दुर्भाग्यवश मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के अंतर्गत मात्र एक छोटी सी कॉस्टिक सोडा की फैक्ट्री है जिसका उत्पादन बहुत कम है और रोजगार देने की क्षमता भी बहुत सीमित है। सांसद ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खाद का कारखाना स्थापित करने की कृपा की जाय। ताकि उन्हें रोजगार भी मिल सके। उपरोक्त मामले में मंत्री ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त होने के उपरांत खाद कारखाना लगाने की स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

# प्रभु ईशु के आगमन को पूरी दुनिया हसरत भरी निगाहों से देख रहा है : अविनाश देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**मेदिनीनगर :** शनिवार को संत मरियम स्कूल में क्रिसमस दिवस का आयोजन किया गया। जो बहुत ही रोमांचक, ज्ञानवर्धक, मनोरंजक एवं दर्शनीय रहा। रंगबिरंगे आकर्षक परिधानों में सुसज्जित बच्चे भिन्न-भिन्न ऐतिहासिक, पौराणिक, समसामयिक पत्रों को परिलक्षित कर रहे थे। बारी-बारी से आकर्षक परिधानों में सुसज्जित प्रतिभागी बच्चों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति दी, जो अत्यन्त मनमोहक एवं नयनाभिराम क्षण था। मौके पर उपस्थित स्कूल के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने कहा कि प्रभु ईशु के आगमन की पूरी दुनिया हसरत भरी निगाहों से देख रहा है आज अपने संत मरियम विद्यालय में क्रिसमस के छूटी के मौके पर संता क्लोज के भेस धरे बच्चों के साथ क्रिसमस का त्योहार सेलिब्रेट किए। बच्चों ने गीत नृत्य के साथ उत्साह भरे माहौल में क्रिसमस का भव्य स्वागत किए। विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हमने कहा ईशा मसीह के लगभग तीन सौ साल बाद यूरोपीय देश में सेंटा का आगमन हुआ था। अमीरजादा सेंटा बच्चों से बेहद प्यार करता था इसलिए बड़ा दिन के छूटी में बच्चों से मिलता और मिठाई बनता। आज वही प्यार के परंपरा को हम सभी मना रहे हैं। आप सभी छूटी मनाइए किंतु मां पिता को तंग नहीं करेंगे शिक्षकों द्वारा दिया हुआ गृह कार्य अवश्य पूरा करेंगे और ठंडा से बचते हुए रहना है। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस अविस्मरणीय आयोजन के हर क्षण का भरपूर लुप्त उठाया। मौके पर उपस्थित संत मरियम स्कूल के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, सह प्रधानाचार्य एस बी शाहा सभी शिक्षक के साथ-साथ हजारों बच्चे मौजूद थे।


### रांची के कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग

**रांची :** रांची के कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। द बर्थ ऑफ सेवियर शीर्षक नृत्य नाटिका के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। छात्र ईशान कालिंदी ने बाइबिल के प्रमुख अंशों का पाठ किया। विद्यार्थियों ने मेरा अजीज आ गया शीर्षक क्रिसमस कैरोल प्रस्तुत किया। मौके पर प्राचार्य डॉ. नीता पांडेय ने सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईसा मसीह पूरी मानव जाति को प्रेम और सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी धर्म का सार एकता, भाईचारा, सेवा और मानवता है। हमें इसे अपने जीवन में बिना किसी भेदभाव के आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रमों का संयोजन चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज जबकि संचालन शौर्य प्रखर और उन्नति भट्ट ने किया। शिक्षिका मोनिका मुंडू, जे. बेरा, विभा सिंह, अर्चना, सतीश कुमार मिश्रा और प्रियंका चक्रवर्ती के निर्देशन में कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज का रिजल्ट शत-प्रतिशत हुआ : शिवानी आनंद







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज का डायरेक्टर शिवानी आनंद ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि हमारे कॉलेज का बीएड सत्र 2021-23 सेकंड ईयर का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस कॉलेज की छात्रा निकिता तिवारी 1106 अंक प्राप्त कर 85.08 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त की। वही रचना कलाई 1100 अंक प्राप्त कर 84.62 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त करने में सफल रही।

कॉलेज की छात्रा नेहा कुमारी 1099 अंक प्राप्त कर 84.54त्न अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रही। बीएड कॉलेज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने छात्रों के सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने पर उनके उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कॉलेज के छात्राओं और शिक्षकों के मेहनत के बदौलत रिजल्ट शानदार हुआ है। उन्होंने कहा कि कॉलेज का उद्देश्य टॉपर पैदा करना है।

इसी उद्देश्य को लेकर यहां पढ़ाई कराई जाती है।कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अनुपमा गुप्ता ने कहा कि छात्रों की मेहनत एवं शिक्षकों के सफल मार्गदर्शन के परिणामस्वरुप छात्रों का प्रदर्शन सर्वोत्तम रहा। डायरेक्टर शिवानी आनंद ने बताया कि हम अपने कॉलेज में शिक्षक छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ सर्वांगीण विकास पर फोकस करते हैं। हमारी संस्था चाहती है एक महिला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, म्यूजिक, कल्चरल एक्टिविटीज में भी आगे बढ़े। डायरेक्टर ने कॉलेज के सारे फैकेल्टी को भी अच्छी शिक्षा देने के लिए बधाई दी।